सेंसेक्स 72,488.99 ↓-454.69
डॉलर 83.582 ↑+0.031

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 38.0 | 24.0 | 29.0 |
| धनबाद | 41.0 | 25.0 | 33.0 |
| जमशेदपुर | 44.0 | 25.0 | 34.0 |
| पलामू | 40.0 | 24.0 | 31.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, चैत्र शुक्ल पक्ष 11, विक्रम संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024, वर्ष-25, अंक-77, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय | राम का जन्म जगत के कल्याण के ... 08 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रामनवमी शोभायात्रा पर पथराव ...12 | देश-विदेश

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 69,550

चांदी (1 किलो) 90,000

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## आज के मैच

समय : 19 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : लखनऊ

## एक नजर

### राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी की 97.79 करोड़ की संपत्ति जब्त

**मुंबई।** ईडी की टीम ने गुरुवार को उद्योगपति राज कुंद्रा और उनकी पत्नी फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी की 97.79 करोड़ की संपत्ति जब्त कर ली है। इन संपत्तियों में शिल्पा के नाम पर जुहू स्थित फ्लैट, राज कुंद्रा के नाम पर पुणे स्थित बंगला और इक्विटी शेयर आदि शामिल हैं। ईडी की टीम मामले की छानबीन कर रही है। ईडी सूत्रों के अनुसार शिल्पा शेट्टी के पति रिपुसूदन कुंद्रा उर्फ राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ रुपये की अचल व चल संपत्ति को अस्थायी रूप से जब्त किया है। यह कार्रवाई पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है। कार्रवाई से फिल्म जगत में खलबली मच गई है। हालांकि अभी तक इस मामले में शिल्पा शेट्टी अथवा राज कुंद्रा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

## आजकल

## झारखंड के कई स्कूलों का बदला समय

# पारा 43 के पार

**सरायकेला में अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री दर्ज किया गया**

**संथाल परगना में 20 से 21 अप्रैल तक हीट वेब चलेगी**

**19 से 21 अप्रैल तक कोल्हान में लू का येलो अलर्ट जारी**

**राजधानी में अधिकतम 36.8 और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है। सूर्य देवता आग उगल रहे हैं। कई जिलों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। कई जिलों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची का अधिकतम तापमान 19 अप्रैल को 38 डिग्री, 20 अप्रैल को 39 डिग्री और 21 अप्रैल को 40 डिग्री हो जाने का अनुमान है। इस दौरान यहां का न्यूनतम तापमान 25 से 26 डिग्री सेंटीग्रेड के बीच रहने का अनुमान है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार आने वाले दिनों में पारा और चढ़ेगा। कई जिलों में दो से तीन डिग्री सेल्सियस के तापमान में वृद्धि की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने 19 से 21 अप्रैल तक कोल्हान प्रमंडल में लू का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र के अनुसार संथाल परगना में 20 से 21 अप्रैल तक हीट वेब चलेगी। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में दर्ज किया गया है। सरायकेला में अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस बोकारो थर्मल में दर्ज किया गया। राजधानी रांची में अधिकतम 36.8 और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अगले 3 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेंटीग्रेड की वृद्धि हो सकती है। इसके बाद अगले 2 दिन तक इसमें किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। रांची का अधिकतम तापमान 19 अप्रैल को लगातार बढ़ने का अनुमान है। ऐसे में दोपहर 12 से 2 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें।

**अभिषेक आनंद, वैज्ञानिक, झारखंड मौसम विभाग**

### राजधानी के कई स्कूलों के समय में बदलाव

बढ़ते तापमान को देखते हुए कई निजी स्कूलों ने समय सारिणी में बदलाव शुरू कर दिया गया है। कई स्कूलों ने सुबह स्कूल पहुंचने और दोपहर छुट्टी के समय में बदलाव किया है। वहीं, कई स्कूल अगले सप्ताह से टाइमिंग में जल्द ही बदलाव करेंगे। डीएवी आलोक, डीएवी पब्लिक स्कूल, डीएवी बरियातू, जेवीएम श्यामली, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# पहले चरण में 21 राज्यों के 102 सीटों पर मतदान आज

**16.63 करोड़ मतदाता 1625 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे, सुबह 7 से शाम 6 बजे तक पड़ेंगे वोट**

**केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, सबार्नंद सोनोवाल, भूपेन्द्र यादव, कांग्रेस के गौरव गोगोई, द्रमुक की कनिमोझी और भाजपा अन्नामलाई का भाग्य ईवीएम में होगा बंद**

**8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11,371 तीसरे लिंग के मतदाता, 35.67 लाख पहली बार मतदान करेंगे**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में आम चुनाव के पहले चरण का मतदान आज 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 102 सीटों पर होगा। इन सभी 102 सीटों पर चुनाव प्रचार बुधवार शाम समाप्त हो गया। मतदान सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक होगा। पहले चरण में कुल 1625 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, सबार्नंद सोनोवाल और भूपेन्द्र यादव, कांग्रेस के गौरव गोगोई, द्रमुक की कनिमोझी और भाजपा के के अन्नामलाई के भाग्य का फैसला होना है। चुनाव आयोग ने इसके लिए तमाम तैयारियां भी पूरी कर ली है। चुनाव आयोग ने 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया है, जहां 16.63 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11,371 तीसरे लिंग के मतदाता शामिल हैं। 35.67 लाख मतदाता पहली बात मतदान करेंगे। इसके अलावा 20-29 वर्ष की आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं।

2019 के लोकसभा चुनावों में इन 102 सीटों में भाजपा ने 40, डीएमके ने 24, कांग्रेस ने 15 सीटें और अन्य ने 23 सीटें जीती थीं। कुल सात चरणों में कराए जा रहे इन चुनावों में लोस की 543 सीटों के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, ओडिशा और आंध्र प्रदेश विधानसभाओं के चुनाव कराए जा रहे हैं। पहले चरण में तमिलनाडु (39), उत्तराखंड (5), अरुणाचल प्रदेश (2), मेघालय (2), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (1), मिजोरम (1), नागालैंड (1), पुडुचेरी (की सभी सीटों पर मतदान होगा। 1), सिक्किम (1) और लक्षद्वीप (1), राजस्थान में 12, उत्तर प्रदेश में 8, मध्य प्रदेश में 6, असम और महाराष्ट्र में 5-5, बिहार में 4, पश्चिम बंगाल में 3, मणिपुर में 2 और त्रिपुरा, जम्मू और कश्मीर और छत्तीसगढ़ में एक-एक सीट पर मतदान होगा।

## मुख्य चुनाव आयुक्त ने की मतदाताओं से अपील

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक वीडियो संदेश जारी कर लोगों से मतदान की अपील की है। उन्होंने कर्तव्य और जिम्मेदारी को समझते हुए लोगों से स्वयं मतदान करने तथा अपने परिवारवालों और दोस्तों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है। चुनाव पूर्व संदेश में राजीव कुमार ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की गौरवशाली अभिव्यक्ति है। इससे बेहतर कुछ नहीं है। लोगों के मतदान को सहज और सुलभ बनाने के लिए चुनाव आयोग ने बड़ी तैयारियां की हैं। उनकी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। चुनाव अधिकारी लोगों का विनम्रता के साथ मतदान के लिए इंतजार कर रहे हैं। जनता जरूर वोट करे। उन्होंने महात्मा गांधी के उद्धरित शब्दों को दोहराया, जिसमें वे कहते हैं कि मतदान कमजोर को मजबूत लोगों के साथ समान अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि एक वोट से सरकारें गिरती हैं। अपने वोट की कीमत का एहसास आपको ईवीएम का बटन दबाने पर होगा।

### लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की अधिसूचना जारी

आयोग ने गुरुवार को चौथे चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दिया। चौथे चरण में 10 राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर की 96 लोस सीटों के लिए मतदान होगा। इस चरण का मतदान 13 मई को सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक कराया जाएगा। अधिसूचना के साथ ही इन सीटों पर नामांकन शुरू हो गया है। 25 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 29 अप्रैल है। जहां चौथे चारण में चुनाव होना है उनमें आंध्र प्रदेश की 25, बिहार की पांच, झारखंड की चार, मध्य प्रदेश की आठ, महाराष्ट्र की 11, ओडिशा की चार, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की आठ और जन्मू-कश्मीर की एक सीट शामिल है। आखिरी व सातवां चरण 1 जून को संपन्न होगा। इसके बाद 4 जून को वोटों की गिनती की जाएगी।

### झारखंड में नामांकन प्रक्रिया शुरू चार नामांकन पत्र बिके

चौथे चरण की अधिसूचना के साथ ही झारखंड में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 3 एवं अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित एक लोकसभा सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन किसी भी सीट पर कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ। इधर पलामू लोस सीट से भाजपा उम्मीदवार सह सांसद विष्णु दयाल राम, महागठबंधन से राजद उम्मीदवार ममता भुइयां, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमाक्रेसी के वृंदा राम व पी के सत्येन्द्र कुमार पासवान ने नामांकन पत्र खरीदे। झारखंड में इन 4 लोकसभा सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। उस समय पूरे देश में चौथे चरण का मतदान चल रहा होगा। बता दें कि झारखंड की 4 लोकसभा सीटों पर वोट होना है, जिसमें सिंहभूम (एसटी), खूंटी (एसटी), लोहरदगा (एसटी) और पलामू (एससी) लोकसभा शामिल हैं।

## माइक के लिए भिड़े दो पक्ष, विधायक अंबा प्रसाद के सुरक्षाकर्मी घायल

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ जिले के बरकाकाना में बुधवार की रात रामनवमी जुलूस के दौरान माइक को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। झड़प इतनी बढ़ गई की जुलूस के स्वागत के लिए पहुंची बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के अंगरक्षक भी घायल हो गए। इसके बाद यह पूरा मामला हाई प्रोफाइल हो गया। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि जब वे खुदका, अपने अंगरक्षकों का और अपने कार्यकर्ताओं का ध्यान नहीं रख पाएंगी, तो इस क्षेत्र की जनता का ध्यान कैसे रखेंगी। उन्होंने कहा कि पूजा स्थल पर जब वह पहुंची तो थोड़ी देर रुक कर लोगों को शुभकामना देकर दूसरे कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाना चाह रही थी। लेकिन हर बार उन्हें 10 मिनट रुकने की बात बोलकर घंटों समय बिता दिया गया। इसके बाद वहां से उन्हें बिना शुभकामनाएं दिए ही जाने के लिए बोला गया। इसके पास कुछ कार्यकर्ताओं ने माइक छीन कर विधायक को देने की कोशिश की। इसी दौरान आजसू के कार्यकर्ता विधायक के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### थाने पहुंची अंबा प्रसाद दर्ज कराई गई शिकायत एसडीपीओ कर रहे जांच

पूजा स्थल से निकलने के बाद विधायक अंबा प्रसाद सीधे बरकाकाना थाना पहुंची। वहां पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम से मामले की शिकायत की, इसके बाद जांच शुरू कर दी। विधायक ने यहां घायल कार्यकर्ताओं और अंगरक्षकों को लगी चोट को दिखाया। साथ ही मारपीट करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम ने बताया कि दो पक्षों के बीच माइक को लेकर झड़प हुई है। वह इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। दोषियों पर कार्रवाई होगी।

## घोटाले के आरोपियों की 106 करोड़ की संपत्ति अटैच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईडी ने रांची के जमीन घोटाले में मंगलवार को गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों के ठिकानों से 1.25 करोड़ रुपए नकद जब्त किए हैं। इसके अलावा आरोपियों के बैंक खातों में जमा 3.56 करोड़ की रकम को फ्रीज करा दिया गया है। यह जानकारी एजेंसी की ओर से आधिकारिक तौर पर दी गई है। ईडी ने झामुमो नेता अंतु तिर्की, जमीन कारोबारी प्रियरंजन सहाय, इरशाद अख्तर, बिपिन सिंह के ठिकानों पर मंगलवार को छापेमारी की थी। इसके बाद इन चारों को गिरफ्तार कर लिया गया था। एजेंसी ने झारखंड के मनरेगा घोटाले में भी दो आरोपियों शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी की 22.47 लाख रुपए की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### अंतु तिर्की व तीन अन्य 5 दिन के ईडी रिमांड पर

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े 8.86 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़ा केस में गिरफ्तार झामुमो नेता अंतु तिर्की सहित चार आरोपियों की ईडी कोर्ट में पेशी हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने गुरुवार को चारों आरोपियों अंतु तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, मोहम्मद इरशाद और प्रियरंजन सहाय को पांच दिन के ईडी के रिमांड पर भेज दिया। इससे पूर्व बुधवार को ईडी ने चारों को ईडी के विशेष न्यायाधीश के आवासीय कार्यालय में पेश किया था। उन्होंने चारों को जेल भेज दिया था। ईडी ने गुरुवार को अदालत से सात दिन के रिमांड की मांग की। सुनवाई के बाद अदालत ने पांच दिन की डिमांड की अनुमति दी है। मालूम हो कि ईडी मंगलवार को अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को छापेमारी और लंबी पूछताछ के बाद देर शाम ईडी ऑफिस लेकर पहुंची थी, जहां उन्हें देररात गिरफ्तार कर लिया गया था।

### आज मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट जारी करेगा जैक

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल जैक शुक्रवार को मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट जारी करेगा। परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं को इस घड़ी का बेसब्री से इंतजार रहता है। जैक के सभागार में शुक्रवार को 11.30 बजे रिजल्ट जारी होगा। मैट्रिक की परीक्षा में कुल 4,21,678 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। वहीं इंटर की परीक्षाओं में 3,44,822 परीक्षार्थियों शामिल थे। छात्र रिजल्ट झारखंड एकेडमिक काउंसिल की वेबसाइट jac.jharhand.gov.in/jac/ पर जाकर चेक कर सकेंगे।

## हेमंत अदालत में नहीं हुए पेश अगली सुनवाई तीन मई को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईडी के समन मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन गुरुवार को सीजेएम कृष्णकांत मिश्रा की अदालत में पेश नहीं हुए। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख तीन मई निर्धारित की है। इससे पूर्व 12 मार्च को सीजेएम की अदालत ने उन्हें समन जारी करते हुए तीन अप्रैल को उपस्थित होने का आदेश दिया था। लेकिन समन नहीं पहुंचने की बात कहते हुए वह तीन अप्रैल को भी पेश नहीं हुए थे। इसके बाद अदालत ने अगली पेशी की तारीख 18 अप्रैल तय की थी। गुरुवार को भी पूर्व सीएम हेमंत पेश नहीं हुए। बड़गाईं मौजा वाली जमीन मामले में हेमंत सोरेन को ईडी ने गिरफ्तार किया है, इसी मामले में वे होटवार जेल में बंद है।

## कोल्हान में नक्सलियों का एसएलआर व नकदी जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कोल्हान क्षेत्र में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को जवानों को बड़ी सफलता मिली है। जवानों ने सोनुवा थानान्तर्गत केराबीर व टेंडरसाई के पास जंगली व पहाड़ी क्षेत्र से भारी मात्रा में नकदी, एक एसएलआर, मोबाईल फोन व दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया है। मालूम हो कि भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ विध्वंसक गतिविधि कर रहे हैं। उनकी गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए चाईबासा पुलिस, कोबरा जवान, झारखंड जगुआर व सीआरपीएफ जवानों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गत वर्ष ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# चुनाव को प्रभावित करने की चीन की टेढ़ी चाल

सुनील बादल

***लोकसभा*** के चुनाव सबसे महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि इससे एक मजबूत सरकार और उस पर अंकुश रखने वाले विपक्ष का सीधे चयन भारतीय मतदाता करते हैं पर लोकतंत्र के महापर्व को प्रभावित करने में देश के स्वार्थी तत्वों के अलावा विदेशी ताकतों का हाथ होता है जैसा अमेरिका के चुनाव में हुआ था क्योंकि आज सबसे प्रभावशाली हथियार सोशल मीडिया है जिसका इस्तेमाल आम है। जानकारी के अनुसार फेसबुक, एक्स जैसे लोकप्रिय माध्यम में अचानक डुप्लीकेट और फर्जी एकाउंट से फ्रेंड रिक्वेस्ट की बाढ़ सी आ गई है जिसमें पड़ोसी शत्रु चीन का हाथ है जो मतदाताओं को सबसे ज्यादा किस चीज से विभाजित किया जा सकता है, इस पर मतदान कराने के लिए फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट का इस्तेमाल कर रहा है, ताकि मतभेद पैदा हो सकें। आशंका है कि वह भारत में लोकसभा चुनाव और अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को भी प्रभावित कर सकता है। माइक्रोसॉफ्ट ने चेतावनी दी है कि चीन भारत के लोकसभा चुनाव सहित कई अन्य चुनावों को प्रभावित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का दुरुपोयोग कर राजनीतिक सामग्री वितरित करेगा, जो 'इन हाई-प्रोफाइल चुनावों में उसके हितों को लाभ पहुंचा सकता है', क्योंकि एआई से तेजी से मीम्स, वीडियो और ऑडियो सामग्रियां बन रही हैं। कंपनी ने जून, 2023 से चीन और उत्तर कोरिया में ह्यकुछ उल्लेखनीय साइबर रुझान देखे हैं, जो न केवल अपने परिचित लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, बल्कि अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अधिक जटिल प्रभावी तकनीकों का उपयोग करने का भी प्रयास करते हैं।' माइक्रोसॉफ्ट ने दावा किया है कि चीनी साइबर हमलावरों ने तीन लक्ष्य क्षेत्रों को चुना है- दक्षिण प्रशांत द्वीप समूह के देश, दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में उसके क्षेत्रीय विरोधी और अमेरिकी रक्षा औद्योगिक आधार। चीनी अभियान एआई-जेनरेटेड या एआई-समर्थित सामग्री को परिष्कृत करना जारी रख इन अभियानों के पीछे के खिलाड़ियों ने एआई-जनरेटेड मीडिया को चीन के हितों और भारत विभेद के रणनीतिक आख्यानों को बढ़ाता है, साथ ही वे वीडियो, मीम्स और ऑडियो सामग्री भी बनाता है।

उत्तर कोरिया ने अपने सैन्य लक्ष्यों और गुप्तचर जानकारी संग्रह को वित्तपोषित करने और आगे बढ़ाने के लिए क्रिप्टोकरंसी लूट और आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करने वाले हमलों को बढ़ा दिया है। इसने अपने कार्यों को अधिक प्रभावी और कुशल बनाने के लिए एआई का उपयोग करना भी शुरू कर दिया है।सॉफ्टवेयर दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट ने चीन द्वारा एआई का इस्तेमाल कर भारत, अमेरिका और दक्षिण कोरिया सहित कई देशों में चुनावों को बाधित करने की आशंका से संबंधित जो चेतावनी जारी की है, वह चिंताजनक है। माइक्रोसॉफ्ट थ्रेट इंटेलिजेंस से मिली जानकारी के अनुसार, चीन आगामी प्रमुख चुनावों में विशेष रूप से अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए एआई द्वारा बनाई गई सामग्री का इस्तेमाल कर सकता है। माइक्रोसॉफ्ट थ्रेट एनालिसिस सेंटर (एमटीएसी) की रिपोर्ट इस आसन्न खतरे को रेखांकित करती है कि 'इस साल दुनिया भर में होने वाले प्रमुख चुनावों को देखते हुए, खासकर भारत, दक्षिण कोरिया और अमेरिका में, चीन अपने हितों को लाभ पहुंचाने के लिए एआई जनरेटेड सामग्री बनाएगा और उसका प्रचार करेगा।'

माइक्रोसॉफ्ट की चेतावनी ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव के दौरान चीन के कथित ट्रायल रन की खबरों के बाद आई है, जहां उसने जनवरी में एआई द्वारा बनाई सामग्री के जरिये दुष्प्रचार का प्रयास किया था। रिपोर्ट में स्टॉर्म 1376 नामक एक बीजिंग समर्थित समूह का उल्लेख है, जिसे स्पैमोफ्लाज या ड्रैगनब्रिज के नाम से भी जाना जाता है, जो ताइवानी चुनाव के दौरान अत्यधिक सक्रिय था। यह राजनीतिक परिणामों को प्रभावित करने के लिए चीन द्वारा प्रौद्योगिकी के उपयोग के मामले का अध्ययन करता है और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में तकनीकी हस्तक्षेप की क्षमता को रेखांकित करता है।कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा बनाई गई सामग्री जनमत को प्रभावित करने के लिए संज्ञानात्मक पूर्वाग्रहों और मनोवैज्ञानिक कमजोरियों का फायदा उठा सकती है। आम आदमी इसे सच मान लेता है ।माइक्रो टार्गेटिंग और भावनात्मक संदेश जैसी तकनीकों का लाभ उठाकर, एआई एल्गोरिदम इको चैंबर्स बना सकता है, जो मौजूदा विश्वासों को मजबूत करता है और समाज को ध्रुवीकृत करता है। इसके अलावा, 'डीपफेक' तकनीक का उदय सूचना के पारंपरिक स्रोतों में विश्वास को कम करते हुए, तथ्य और कल्पना के बीच की बारीक रेखा को धुंधला कर एक महत्वपूर्ण खतरा बन गया है ।सरकारों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए एआई सामग्री के दुरुपयोग को रोकने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सबसे पहले, इंटरनेट की सीमाहीन प्रकृति क्षेत्राधिकार संबंधी मुद्दों को जटिल बनाती है, जिससे दुर्भावनापूर्ण लोग अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार बिना किसी दंड के काम कर सकते हैं।

## अब किराना दुकानों पर भी मिलेंगी सर्दी, जुकाम और बुखार की दवाएं

**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया में कुछ दवाएं किरानों की दुकानों पर भी मिलती हैं। इसलिए अब भारत में भी केंद्र सरकार सर्दी, जुकाम व बुखार की दवाओं को किराना की दुकानों पर भी बिक्री अनुमति देने के लिए ओवर द काउंटर दवाओं की एक नीति लाने जा रही है। समिति बना दी गई है। ओवर द काउंटर उन दवाओं को कहा जाता है जिन्हें बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बेचा जा सके। अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में यह नीति पहले से ही लागू है। रिपोर्ट के अनुसार सरकार इस नीति को ग्रामीण इलाकों को ध्यान में रखते हुए लाने की तैयारी कर रही है। ग्रामीण इलाकों में डॉक्टरों की कमी है। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में मेडिकल स्टोर भी कम उपलब्ध होते हैं। ऐसे में कई बार लोगों को जरूरी दवाएं भी नहीं मिल पाती है। कई मामलों में तो समय पर जरूरी दवा ना मिलने के कारण मरीजों की हालत और गंभीर हो जाती है। इसी कारण समिति की ओर से ओटीसी को लेकर सुझाव दिया गया है। इसके लिए इसी वर्ष फरवरी में इस समिति को भारत की ओटीसी ड्रग नीति तैयार करने का काम सौंपा गया था। सूत्रों का कहना है कि समिति की ओर से एक ड्राफ्ट जमा भी कर दिया गया है। इसमें ऐसी दवाओं की लिस्ट भी सौंपी गई है जिन्हें ओवर द काउंटर बेचा जा सके। अभी तक भारत में इस तरह का कोई नियम नहीं है। यदि किसी दवा को प्रिस्क्रिप्शन ओनली ना कहा गया हो तो उन्हें ओटीसी मान लिया जाता है हालांकि इसे लेकर कोई नियम तय नहीं है।

## एक नजर

### जामा में दो अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

**दुमका।** जिले जामा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवक की मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात दुमका मसलिया मुख्य मार्ग पर पंदनपहाड़ी गांव के पास सड़क पार कर रहे राजेश हेम्ब्रम (28) का अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजनों द्वारा फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक थाना क्षेत्र के भूटोकोड़िया पंचायत के कुरुमटांड़ गांव का रहनेवाला बताया जाता है। दूसरी घटना में पुलिस ने बगझोपा गांव के पास दुमका जसीडीह रेल लाइन के पास गुरुवार के सुबह एक युवक का शव बरामद किया। शव को पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर थाना लाया गया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के असंथर गांव के नरेश हेम्ब्रम (25) वर्ष के रूप में हुई है।

### निशिकांत दुबे और दीपिका पांडे चुनावी मैदान में मुकाबला आमने-सामने

**गोड्डा।** लोकसभा चुनाव 2024 में गोड्डा लोकसभा सीट पर भाजपा ने निशिकांत दुबे को उम्मीदवार बनाया है। वहीं एक लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस ने यहां से अपने उम्मीदवार की घोषणा की और महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह को टिकट दिया। इसके साथ ही गोड्डा लोकसभा क्षेत्र का राजनीतिक तापमान बढ़ गया है।

महागठबंधन के कार्यकर्ता सहित भाजपा कार्यकताओं के बीच भी जोश देखा जाने लगा है, दूसरी ओर पोड़ैयाहाट क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकताओं में विरोध देखी जा रही है। पूर्व में भाजपा नेताओं द्वारा ऐसा कहा जाना कि भाजपा के सांसद डॉ निशिकांत दुबे के खिलाफ गोड्डा से विपक्ष को कोई प्रत्याशी ही नहीं मिल रहा है। निशिकांत दुबे के खिलाफ हार की डर से कोई चुनाव लड़ना ही नहीं चाहता है। इस पर भी विराम लग गया है। सांसद निशिकांत दुबे का यह कहा जाना कि महागामा से उनका बेटी और रोटी का रिश्ता है। इसे वह अपना घर मानते हैं।

### पुलिस की गोली से मौत मामले में थाना प्रभारी निलंबित, एएसआइ गिरफ्तार

**गोड्डा।** सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस की गोली से एक युवक की मौत मामले में गुरुवार को थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही आरोपित एएसआइ राजनाथ यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित एएसआइ पर गैर इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट की धारा में सुंदरपहाड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मामले को लेकर गोड्डा एसडीपीओ जेपीएन चौधरी के नेतृत्व में एसआइटी की टीम मामले की जांच कर रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बेनाडिक हेंब्रम लेवी वसूलने आने वाला है। सूचना के आधार पर बुधवार देर शाम सुंदरपहाड़ी थाना की पुलिस ने एक टीम गठित कर बेनाडिक हेंब्रम के घर छापेमारी की। पुलिस को देखकर एक व्यक्ति वहां से भागने लगा। पुलिस ने उसे रूकने को कहा, लेकिन वह भागता ही रहा।

## बेड़ो प्रखंड का ऐतिहासिक विशु शिकार शुरू

# डोला डांड़ जंगल में शिकारियों के दल ने डाला पड़ाव

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड का ऐतिहासिक विशु शिकार के दौरान हजारों शिकारियों का दल इटकी क्षेत्र के डोला डांड़ जंगल में पडाव डाला। पारंपरिक रूप से 12 एवं 21 पड़हा के संयुक्त नेतृत्व में दस,आठ, पांच एवं सात पड़हा के लोगों ने भी शिकार में हिस्सा लिया। पड़हा संचालन समिति के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी चरवा उरांव ने बताया कि 12 पड़हा राजा विशाल उरांव एवं 21 पड़हा राजा महादेव कुजूर के पहल एवं प्रयासों से ऐतिहासिक विशु शिकार में लगभग 63 गांवों के आदिवासियों का समूह डोला डांड़ जंगल पहुंचा। बेड़ो प्रखंड के बेड़ो, हरिहरपुर जामटोली, बारीडीह, जरिया, ईटाचिल्दरी, नगड़ी टोली, दिघिया, चरिमा, खिरदा, हाठु, कादोजोरा, पुरियो, मासू मुडामु,जमनी, पंडरा, जहानाबाज, हुटार समेत दर्जनों गांवों से शिकारी का दल शिकारी जाल, पारंपरिक हथियार तीर धनुष, तलवार, कटार,

कुल्हाड़ी, टांगी, फरसा, बलुआ सहित अन्य हथियारों एवं खाना बनाने के समान सहित गाजा बाजा के साथ विशु शिकार के लिए निकले हैं। अलग-अलग टीम के सदस्यों के साथ पड़हा राजा, पड़हा कोटवार, पड़हा दीवान, सिपाही, पईनभरा, पाहन, पुजार, महतो तथा गांव के ग्राम प्रधान जंगल पहुंचे और दिन भर जंगली जानवरों का शिकार किया। इस दौरान जंगली सुअर भी मार गिराए गए। खरगोश सहित अन्य कई जानवरों का भी शिकार किया गया। आदिवासी नेता जागरे उरांव ने सरसा गढ़डीपा में शिकारी के दल का स्वागत किया और पेयजल की व्यवस्था कराई। इस मौके पर महादेव उरांव, संजय उरांव सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से विशाल उरांव, महादेव कुजूर, चरवा उरांव, पीटर तिर्की, घीनु उरांव सहित दर्जनों लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सरसा गढ़डीपा सरना स्थल के पास शिकारी के दल ने पडाव डाला था। यहां से गाजा बाजा के साथ शिकारी का दल गुरुवार की शाम को रवाना हुआ। वहीं गुरुवार की देर रात्रि डोला डांड़ जंगल में आदिवासियों की परंपरा एवं संस्कृति को बचाए रखने एवं भावी पीढ़ी को सौंपने के लिए विचार मंथन किया जाएगा। इस मौके पर आदिवासियों की रूढ़िवादी परंपरा को जीवंत करने और पुरानी प्रथाओं तथा रीति रिवाज को बचाए रखने के लिए संकल्प लिया जाएगा।

### आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी त्वरित कार्रवाई : उपायुक्त

**सिमडेगा।** खूंटी संसदीय क्षेत्र में चुनाव को लेकर सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा में तैयारियां पूरी कर ली गई है। समाहरणालय में गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उपायुक्त और एसपी ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को चुनाव तैयारी से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने बताया कि आज से नामांकन खूंटी संसदीय क्षेत्र में शुरू हो चुका है। चुनाव संबंधी लगभग तैयारी पूरी कर ली गई है। 13 मई को वोटिंग होगी। जिले के लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्र पहुंचे और वोट करें। उपायुक्त ने बताया कि इस बार 80 प्रतिशत वोटिंग कराने का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य सभी के सामूहिक प्रयास से प्राप्त किया जा सकता है। सिंह ने कहा कि सिमडेगा व कोलेबिरा विधान सभा में किसी भी प्रकार की चुनाव संबंधि कार्यक्रम के लिये यहां से ही परमिश्न मिल जायेगा। आदर्श आचर संहिता के उलंघन पर त्वरित कार्रवाई होगी। एसपी सौरभ कुमार ने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण मतदान कराने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## रौनियार संघ बेड़ो इकाई ने लगाया सेवा शिविर

# रौनियार संघ चुनाव आचार संहिता के बाद सकारात्मक कार्य करेगा : राजकुमार गुप्ता

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

रौनियार वैश्य इकाई बेड़ो के तत्वावधान में रामनवमी के मौके पर सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर रौनियार संघ बेड़ो इकाई के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता एवं सचिव मोतीलाल गुप्ता के संयुक्त नेतृत्व में तेतरटोली बेड़ो में शिविर का आयोजन कर रौनियार संघ के कार्यकताओं ने चना गुड़ एवं पेयजल का वितरण किया। इस मौके पर राजकुमार गुप्ता ने कहा कि रौनियार संघ के युवा कार्यकर्ता सामाजिक कार्यक्रमों में सकारात्मक भूमिका निभाएंगे। बेड़ो के लोगों की मौलिक सुविधाओं एवं हक तथा अधिकार के लिए संघर्ष करने का योजना बनाई गई है। चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद रौनियार संघ की गतिविधि फिर शुरू होगी। इस मौके पर राजकुमार गुप्ता एवं मोतीलाल गुप्ता सहित अनूप कुमार गुप्ता, विजय गुप्ता,धनंजय साहु, सत्यनारायण साहु, प्रेम कुमार गुप्ता, विकास बंटी रौनियार, अरुण प्रसाद गुप्ता, जयशंकर गुप्ता, मनोज गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, आशीष कुमार गुप्ता, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, शंभू कुमार गुप्ता, अभिनव कुमार गुप्ता, शुभम कुमार गुप्ता, मुकेश साहु सहित कई कार्यकर्ता मौके पर मौजूद थे।

# कार्यक्रम में विघ्न डाल, दंगा करवाना चाहती थीं विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

महावीर मंडल अखाड़ा समिति के पदाधिकारियों ने पुलिस को दिए गए आवेदन में कहा है कि नया नगर बरकाकाना में रामनवमी जुलुस का मिलन तथा अखाड़ा लगाया जाता रहा है। इस कार्यक्रम में पारंपरिक खेल तथा झांकी प्रस्तुत की जाती रही है। बुधवार की रात मंच पर बरकाकाना ओपी प्रभारी अख्तर अली, वार्ड पार्षद गीता देवी, डॉ मनोज कुमार अगरिया, सतपाल बोहरा, प्रदीप चक्रवर्ती, रंजीत राम, संजय लाला आदि संचालन समिति के कई लोग मौजूद थे। इसी बीच बिना आमंत्रण और सूचना के बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद अपने समर्थक संजय शर्मा, जय सिंह और अपने अंगरक्षकों के साथ पहुंच गयी। उन्हें सम्मान के साथ बैठाया गया। लेकिन उनकी मंशा कार्यक्रम में विघ्न डाल दंगा कराने की थी। अचानक विधायक व उनके समर्थक संजय शर्मा के द्वारा माइक की मांग की जाने लगी। समिति के सदस्यों

### अंबा प्रसाद ने आयोजकों पर लगाया है अपमानित करने व सुरक्षाकर्मियों से मारपीट का आरोप

द्वारा विधायक से आग्रह किया गया कि कुछ ही देर में आपके द्वारा ही पुरूस्कार वितरण कराकर आपका संबोधन कराया जायेगा। इसी बीच उनके साथ आये संजय शर्मा के कहने पर जय सिंह द्वारा संचालक से झपट कर माइक छीन लिया तथा संचालक से मारपीट कर उसे धक्का दे दिया गया। विधायक के समर्थकों द्वारा बेवजह धक्का मुक्की एवं अभद्र भाषा का प्रयोग करने का कुछ लोगों ने विरोध किया। विधायक के इशारे पर जय सिंह पिता स्व. ललन सिंह ग्राम पंचायत एके कोलियरी, सेंट्रल सौंदा, थाना पतरातू जिला रामगढ और संजय शर्मा पिता स्व.रामाधार सिंह सीसीएल कॉलोनी निवासी थाना पतरातू जिला रामगढ द्वारा वहां मौजूद सभी लोगों के साथ गाली गलौज और मार-पीट की गई।

# ककरिया शिव मंडा के पहले दिन दिखी भोक्ताओं की अद्भुत भक्ति

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग प्रखंड के ककरिया में तीन दिवसीय ऐतिहासिक शिव मंडा पूजा के पहले दिन भोक्ताओं ने लोटन सेवा कार्यक्रम के दौरान अपनी शिव उपासना की भक्ति की शक्ति दिखाई। कार्यक्रम के आयोजक वनबिहारी साहु एवं प्रदीप साहु के नेतृत्व में दोपहर 11:30 बजे से 12:30 बजे तक तपती धरती पर भोक्ताओं ने लोटन सेवा कर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था और विश्वास को प्रमाणित किया। लोटन सेवा के दौरान भोक्ताओं ने जमीन में लेटते हुए शिव मंदिर ककरिया का तीन बार परिक्रमा किया। सेवादार महिलाओं एवं पुरुषों ने भोक्ताओं को ठंडक पहुंचाने तथा शरीर पर लगने वाली धूल की परत को हटाने का लगातार उपक्रम करते रहे। लोटन सेवा के बाद बाद भोक्ताओं ने मंदिर में प्रवेश किया और विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर

## भंडारा व प्रतिमा विसर्जन के साथ कुरूम में चैती दुर्गा पूजा संपन्न

# माता दुर्गा सभी पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें : डॉ प्रवीण कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

नगर परिषद के वार्ड नंबर 32 स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर कुरूम में गुरुवार को हवन, भंडारा एवं प्रतिमा विसर्जन के साथ चैती दुर्गा पूजा संपन्न हो गया। इस मौके पर पुजारी मिथलेश तिवारी ने यजमान सीताराम सिंह, अमित कुमार सिंह, पंकज सिंह, बलवंत सिंह, विपुल सिंह, राजा, क्रिश, राजा, आदित्य, ऋतुराज,ओम, हर्शल, तन्मय के हाथों विधि पूर्वक हवन संपन्न करवाया। इसके उपरांत मंदिर में अटूट भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें खीर का प्रसाद ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। चैती दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर गुरुवार को तिलैया के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ प्रवीण कुमार अपने पैतृक गांव कुरूम स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर पहुंचे और माता

दुर्गा का आशीर्वाद लिया। मौके पर उन्होंने कहा कि माता दुर्गा सभी पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें।

**देर-शाम निकला जुलूस, माता की प्रतिमा का हुआ विसर्जन :** वहीं, 18 अप्रैल की देर-शाम माता की प्रतिमा के साथ भव्य जुलूस का निकला। इस दौरान श्रद्धालु माता दुर्गा की जयकारे के नारा लगाते चल रहे थे जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। जुलूस की समाप्ति पर गांव के बड़ा तालाब में माता दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस मौके पर प्रतिमा विसर्जन में मननाराण सिंह, अमरनाथ सिंह, मनोहर सिंह, कामेश्वर सिंह, उमेश सिंह, गणेश सिंह, रमेश सिंह, रणविजय सिंह , अवधेश सिंह, सुरेश महली, कारीनाथ मुंडा, उदय मुंडा, नेवालाल राम, संतोष मुंडा, अर्जुन साव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी

# राहुल गांधी का फामूर्ला पांच राज्यों में फेल : शमीम अख्तर

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन के नेताओं मल्लिकारजून खड़गे, केसी वेणुगोपाल, सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी का फामूर्ला और कथन फेल होता नजर आ रहा है। एक तरफ कांग्रेस मुसलमानों को बीजेपी का डर दिखती है तो दूसरी तरफ भाजपा छोड़कर आए नेताओं को टिकट देकर सम्मानित करती है। देश और संविधान बचाने की जिम्मेदारी क्या सिर्फ मुसलमानों के लिए है ? यह घिनौना खेल नव सेकुलरवाद की नई परिभाषा तो नहीं? एक तरफ 2%, 3% वालों को कांग्रेस पार्टी टिकट देती है तो दूसरी तरफ 18%, 20% से लेकर 33% प्रतिशत मुस्लिम आबादी में

मुसलमानों को टिकट से वंचित कर देती है। झारखंड में 14 लोकसभा सीट में मुस्लिम आबादी 15 प्रतिशत प्रतिनिधित्व शून्य, महाराष्ट्र में 48 सीट मुस्लिम आबादी 12 प्रतिशत प्रतिनिधित्व शून्य, दिल्ली में 7 सीट मुस्लिम आबादी 12 प्रतिशत प्रतिनिधित्व शून्य, राजस्थान में 25 सीट 9 प्रतिशत मुस्लिम आबादी प्रतिनिधित्व शून्य, मध्य प्रदेश में 29 सीट 7 प्रतिशत मुस्लिम आबादी प्रतिनिधित्व शून्य, इस आंकड़े से ऐसा लगता है कि महागठबंधन मुसलमानो को राजनीति में अघोषित अछूत समझती है। झारखंड में साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़ , गिरिडीह, जामताड़ा और देवघर ऐसे जिले हैं जहां मुस्लिम आबादी 20% से भी अधिक है, राजमहल में मुस्लिम आबादी 33 परसेंट है जो (23) रिजर्व सीट है। इंक्लूसिव राजनीति और सेकुलर वाद राजनीति की हिमायत करने वाली इंडिया महागठबंधन की सहयोगी पार्टियां भी मुस्लिम मुद्दों और टिकट देने के मामले पर फेल साबित हो रही है।

### देवघर की छात्रा की सड़क हादसे में मौत

**गिरिडीह ।** गिरिडीह-देवघर रोड में गुरुवार को बोलेरो की टक्कर से स्कूटी सवार छात्रा की मौत हो गई। घटना में गंभीर रूप से घायल उसके साथी युवराज सिंह का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि तृप्ति भाग्यश्री ( 20 ) और उसका दोस्त युवराज सिंह स्कूटी से गिरिडीह शहर के व्हीट्टी बाजार में अपने एक दोस्त सोनू कुमार के घर उसके जन्मदिन मनाने आ रहे थे। इसी दौरान गिरिडीह-देवघर रोड के डाकबंगला और करमजोड़ा मोड़ के समीप हादसा हो गया । पीछे से आ रहे एक अज्ञात बोलेरो ने उनके स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया, जिसे स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। तृप्ति भाग्यश्री की मौत जहां मौके पर हो गई। वहीं युवराज सिंह गंभीर रुप से जख्मी हो गए। फिलहाल युवराज का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद बोलेरो फरार होने में सफल रहा। घटना की जानकारी मिलने के बाद बेंगाबाद थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंची।

## सामाजिक विज्ञान ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**

चान्हों स्थित बाघवार अकादमी में गुरूवार को साइंस ओलंपियाड फाऊंडेशन द्वारा 17 अक्टूबर 2023 को आयोजित सामाजिक विज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में बाघवार अकादमी के छात्रों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा। कक्षा 4 के सांची सलोनी, सेलिना केरकेटा तथा शिवानी उरांव ने अपने वर्ग में प्रथम स्थान पर रहते हुए गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस का अवार्ड जीता। इनका अंतरराष्ट्रीय रैंक 88 रहा। कक्षा 5 की परिधि सहदेव, काजल कुमारी, अंजना कुमारी, मीठी कुमारी तथा ओलिव इक्का नेअपनी कक्षा में क्रमशः पहले, दूसरे, तीसरे तथा चौथे स्थान पर आते हुए गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस का अवार्ड जीतकर अपने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया। ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है। सभी बच्चों को मिडिल एवं प्रशस्ति पत्र विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार के कर कमलों के द्वारा दिया गया। बच्चों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए आगे आने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेने एवं और अच्छा प्रदर्शन करने की सलाह दी।

## न्यूज बॉक्स

### बढ़ते तापमान से जीवन अस्त व्यस्त, लोगों की बढ़ी परेशानी

**सिल्ली।** सिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते तापमान में जीवन अस्त-व्यस्त होता दिख रहा है। लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आसमान से आग का गोला बनकर बरस रही सूर्य की तपिश लोगों को परेशान कर रही है । सिल्ली में लगातार पारा सातवें आसमान पर जा रहा है। गर्मी की तपिश के कारण लोग परेशान हैं। जिस कारण लोग अब बाहर निकलने से पहले कई बार सोचने को विवश है। लोगों का कहना है कि गर्मी के तपिश के कारण कामकाज सहित बच्चों को भी स्कूल आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है सरकार ने हीट वेव चलने की बात जरूर कही है लेकिन सरकार को स्कूल के टाइमिंग में परिवर्तन लाना चाहिए ताकि बच्चे सुरक्षित रह सके। लोगों ने कहा कि गर्मी को देखते हुए हम लोग सत्तू बेल का शरबत सहित अन्य पदार्थों का उपयोग कर रहे हैं, ताकि सेहत ठीक रह सके और शरीर में ज्यादा से ज्यादा पानी का सेवन करते रहते हैं । सरकार को जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि लोगों को परेशानी ना हो।

### रामनवमी मेले में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए डॉ. परमेश्वर भगत

**मांडर।** बीते दिन मांडर विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखड़ो में पूरे धूम धाम से रामनवमी मेला का आयोजन कई जगहो में किया गया। मांडर के सोसई, चान्हो प्रखंड के बिजुपाडा एवं सोंस में भी रामभक्तो के द्वारा पूरे धूम धाम एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाया गया। चान्हो के सोंस और बिजुपाडा रामनवमी मेला में बतौर विशिष्ट अतिथि एवं मांडर सोसई में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने मेला में आए लोगों को शुभकामना संदेश और बधाई देते हुए कहा की ये त्योहार न सिर्फ झारखंड का बल्कि पूरे भारतवर्ष में धूम धाम एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जा रहा है। हम सभी लोगों को जाति, धर्म, भाषा से ऊपर उठकर हिंदू, मुस्लिम सिख, ईसाई, आदिवासी सभी को मिल जुल कर प्रेम भाईचारा एवं शांति पूर्ण तरीके से इस त्योहार को मनना चाहिए और आगे जीवन यापन भी आपसी मोहब्बत और एकता के साथ गुजारना चाहिए।

### स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार के लिए लापरवाह शिक्षकों व पदाधिकारियों पर कार्रवाई आवश्यकः आदित्य रंजन

**रांची ।** राज्य के विभिन्न जिलों में प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट (एनईपी) के अनुश्रवण की टीम ने गुरुवार को भी निरीक्षण किया।। इसी के साथ राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने प्रोजेक्ट इंपैक्ट कोषांग की वर्चुअल बैठक करते हुए पदाधिकारियों को कई-निर्देश दिए। आदित्य रंजन ने कहा कि स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार के लिए लापरवाह शिक्षकों, पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। यह संदेश जाना अनिवार्य है कि स्कूल के प्राध्यापक, वार्डन या टीचर किसी को भी बच्चों की जान और ज्ञान से खिलवाड़ करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने अनुश्रवण पदाधिकारियों को हर हाल में लक्षित विद्यालयों का निरीक्षण पूरा कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। रंजन ने कहा कि जहां भी कार्रवाई की आवश्यकता है, उसकी अनुशंसा मुख्यालय को अवश्य भेजें।

**रांची के टीवीएस स्कूल के विरुद्ध करवाई :** रांची के जगन्नाथपुर स्थित टीवीएस सीएम उत्कृष्ट विद्यालय की पूर्व प्रभारी प्राध्यापिका वाचा सरोंन तिग्गा को स्कूल में अनुशासनहीनता का दोषी पाते हुए उनके विरुद्ध शोकॉज जारी किया गया है। अनुश्रवण दल के पदाधिकारी जब स्कूल में निरीक्षण करने गए तब वाचा सरोंन तिग्गा स्कूल में अनुपस्थित पायी गयी। उनके द्वारा विभिन्न कारणों का उल्लेख करते हुए 15 दिन से अधिक का अवकाश लेने का मामला सामने आया है। जिसके बाद अनुश्रवण के लिए गए प्रशासी पदाधिकारी श्री जयंत मिश्रा द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को वाचा तिग्गा के आकस्मिक अवकाशों की वैद्यता की जांच सक्षम प्राधिकार से कराने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के क्रम में यह भी सामने आया है कि पूर्व प्रभारी प्राध्यापिका वाचा तिग्गा द्वारा अबतक वर्तमान प्रभारी प्राध्यापिका को पूर्ण प्रभार नहीं सौंपा गया है, साथ ही विद्यालय कोष में गड़बड़ी का मामला भी प्रकाश में आया है। इसी स्कूल के सहायक शिक्षक इफ्तेखार आलम (स्नातक प्रशिक्षित) की प्रतिनियुक्ति रद्द करने का आदेश दिया गया है। इफ्तेखार आलम की प्रतिनियुक्ति एसएस 2 हाई स्कूल, ककरिया, लापुंग से टीवीएस सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, जगन्नाथपुर में की गयी थी। मगर अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों ने इफ़्तेखार आलम को प्रतिनियुक्ति के नियमों का पालन करने में लापरवाही बरतने का दोषी पाया। जिसके बाद उनकी प्रतिनियुक्ति रद्द करते हुए उन्हें पुनः एसएस 2 उच्च विद्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

### रामनवमी जैसा पर्व हमारे अंदर उर्जा का संचार करता है : राजकमल गोप

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के दर्जनों गांवों में बुधवार को रामनवमी का भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। लापुंग के नावाटोली, ककरिया एवं पोकटा गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई और अस्त्र-शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नावाटोली में समाजसेवी राजकमल गोप की देखरेख में आयोजन समिति के अध्यक्ष कृष्णा बडाईक सचिव संजय कुमार महतो, अजय महतो, श्यामलाल शेखर सिंह, यशवंत सिंह, रंजीत महतो रविंद्र हजम लोचन सिंह बसंत तिर्की नपिंद्र सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो ने कहा कि हमें भगवान श्री राम के चरित्र को अपने जीवन में समाहित करना चाहिए। वहीं राजकमल गोप ने कहा कि रामनवमी जैसा पर्व हमारे अंदर उर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि शोभा यात्रा में बगैर भेदभाव के सभी समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। यह अच्छा संकेत है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मुखिया संतोष तिर्की ने लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पर्व त्यौहार को मिलकर ही मनाना चाहिए। इससे समाज सुसंगठित और सुदृढ़ होता है। कार्यक्रम के दौरान मुखिया दुर्गा उरांव, अलका तिर्की, सुखदेव उरांव, सुनील होरो, आमंत्रित अतिथि इंद्र सागर भगत, फगुआ भगत, भुवन महतो,मनोज उरांव, राजू महतो, रुपनाथ सिंह, शहीद कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं दूसरी ओर पोकटा गांव में समाजसेवी अनिल कुमार साहु, मनोज कुमार साहु, विवेक कुमार, रौशन कुमार, संतोष कुमार , कृष्णा कुमार, राजेन्द्र गोप सहित अन्य लोगों के संयुक्त नेतृत्व में रामनवमी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पोकटा गांव में कारुम , अकमरोमा, चम्पाडीह, डाडी. सहित कई गांवों के लोगों ने शोभा यात्रा के दौरान अस्त्र-शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता का आयोजन किया।

## सुप्रभात रांची

चुनाव को पर्व की तरह मनाया जा रहा है और इसकी सफलता के लिए हम सभी की भागीदारी आवश्यक है । बूथ तक जाने में कोई समस्या ना हो इसके लिए आपके घरों के पास मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिनमें शुद्ध पेयजल से लेकर शौचालय तक की व्यवस्था की गई है और वहां चिकित्सा तक की सुविधा उपलब्ध रहेगी ।वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है ।इसके अलावा आपकी सुविधा के लिए वोटर हेल्पलाइन एप भी जिसमें आप अपने वोटर आइडी कार्ड का खुद सत्यापन कर सकते हैं ताकि बूथ में आपको नाम खोजना न पड़े। मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है ।स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अवश्य मतदान करें।

दिनेश कुमार यादव उप विकास आयुक्त,रांची

# मतदान केन्द्रों में व्यवस्था को लेकर बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर मतदान केन्द्रों में व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि व्यवस्था), रांची राजेश्वरनाथ, उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला नोडल पदाधिकारी जिला मध्याह्न भोजन योजना कोषांग, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर कतार में लगे मतदाताओं को पानी पिलाने, मतदान केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारी/कर्मी/सुरक्षाकर्मी एवं वॉलिंटियर्स के लिए भोजन आदि की व्यवस्था से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने दिया। जिला निर्वाचन

पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी को स्कूल भवनों में बने मतदान केन्द्रों में एस्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारी/कर्मी/सुरक्षाकर्मी के लिए पानी, बिजली, शौचालय, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट आदि की व्यवस्था मतदान दिवस से पहले सुनिश्चित कर लें। मतदान केन्द्रों में प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारी/कर्मी को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसकी पूरी तैयारी करें, व्यवस्था के लिए वॉलिंटियर्स का सहयोग लें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारी/ कर्मी/ सुरक्षाकर्मी एवं वॉलिंटियर्स के भोजन की व्यवस्था के लिए भी दिशा-निर्देश दिया। मतदान दिवस पर दिव्यांगजनों के लिए की जानेवाली व्यवस्था की जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि संबंधित बीएलओ के पास दिव्यांगजनों को मतदान केन्द्र तक लाने के लिए ट्राईसाइकिल की व्यवस्था होती है। बूथ पर शेड और कतार व्यवस्था के लिए बीएलओ के माध्यम से पूरी तैयारी सुनिश्चित करने का निदेश संबंधित पदाधिकारियों को उपायुक्त द्वारा दिया गया।

## शादी का झांसा देकर तीन साल किया शारीरिक शोषण

**रांची ।** रांची सिविल कोर्ट ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी मिथुन बेदिया को दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही कोर्ट ने दोषी पर दस हजार का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ने की राशि पीड़िता को दी जायेगी। रांची पॉस्को कोर्ट के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने यह फैसला सुनाया है। दरअसल पीड़िता ने अनगड़ा थाना में 7 अप्रैल 2022 को मिथुन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया था कि मिथुन शादी का झांसा देकर पिछले तीन साल से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब लड़की ने शादी करने को कहा तो वह मुकर गया। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद 8 अप्रैल 2022 को अनगड़ा पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ट्रायल के दौरान पीड़िता समेत पांच गवाहों की गवाही दर्ज की गयी। जिसके आधार पर अदालत ने अभियुक्त को दोषी ठहराया।

## रिम्स में परिजन ही होते है ट्रॉली मैन

# अपने मरीज की ट्रॉली खुद से ढकेलने को मजबूर

**अमित कुमार। रांची**

**राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में भर्ती मरीजों को ट्रॉली या स्ट्रेचर में ले जाना हो तो परिजनों को खुद से स्ट्रेचर या ट्रॉली खोज कर लाना होता है और फिर अपने मरीज को जहां ले जाना है, वहां ले जाते हैं। हालांकि इस काम के लिए सभी वार्डो में एक-एक ट्रॉली मैन नियुक्त किया गया है। नियमता उनकी नौकरी इसी काम के लिए है। फिर भी वे इसे नहीं करते हैं। कई बार देखा गया है कि परिजन द्वारा मरीज को बेड से उठा कर स्ट्रेचर पर रखने के दौरान मरीज को नुकसान हो जाता है।**

### सबसे अधिक खोज ट्रॉली मैन की होती है

सभी वार्डो में सबसे अधिक ट्रॉली मैन की खोज होती है। जैसे ही डॉक्टर जांच लिखता है वैसे ही ट्रॉली की आवश्यकता होने लगती है और इसके साथ ही ट्रॉली मैन की खोज शुरू हो जाती है। परिजन कभी सुरक्षा गार्ड से तो कभी नर्स से घंटों पूछते रहते हैं कि ट्रॉली मैन कहां गया, कब आयेगा, क्या किसी ने उसे देखा है? और अंत में किसी तरह परिजन ट्रॉली खोजते है और अपने मरीज को जांच के लिए ले जाते हैं।

### समय पर नहीं हो पाता है डायलिसिस

रोजाना मेडिसिन वार्ड में भर्ती दर्जनों मरीज ऐसे है जिन्हें किडनी डायलिसिस के लिए अपने वार्ड से इमरजेंसी बिल्डिंग के उपरी तल्ले में जाना होता है। लेकिन ट्रॉली नहीं मिलने या कैसे ट्रॉली मिले इसकी जानकारी नहीं होने से वे समय पर डायलिसिस नहीं करा पाते हैं और मरीज की मौत हो जाती है।

### दो दिन से डायलिसिस का कर रही है इंतजार

सी टू वार्ड में भर्ती 70 वर्षीय कमला उरांव डायलेसिस कराने के इंतजार में दो दिन से बेड पर पड़ी हुई है। उनके पति का कहना है कि डॉक्टर ने डायलिसिस करने को कहा है, लेकिन कैसे ले जाये और क्या प्रक्रिया है, कुछ पता नहीं चलता। नर्स भी कुछ नहीं बताती है।

### आधार कार्ड से मिलती है ट्रॉली

बोकारो से आये परिजन अमित झा ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से इलाज के लिए भर्ती हैं। हमें पता है कि आधार कार्ड जमा करने पर ट्रॉली मिलती है। ट्रॉली मैन का इंतजार करना बेकार है। खुद से ही अपने मरीज को जांच कराने या डायलिसिस के लिए जाते हैं।

### इमरजेंसी वार्ड तक होती है उनकी भूमिका

इमरजेंसी से भर्ती वार्ड की ओर मरीजों को पहुंचाने के लिए ट्रॉली मैन होती है। इसके बाद वार्डो में उनकी भूमिका नहीं रह जाती है। यह सभी आउटसोंसिंग एजेंसी के कर्मी होते हैं। इनमें सन फैसिलिटी की ओर से यह काम किया जा रहा है। वहीं सभी वार्डो के लिए रिम्स की ओर से अस्थाई रूप से नियुक्त एक एक ट्रॉली मैन होते है।

**ट्रॉली मैन की भूमिका मल्टीपरपस है। ऐसे में वे समय पर ना मिले, लेकिन काम उसी को करना है। भविष्य में कुछ बदलाव की गुंजाइश है। ताकि व्यवस्था दुरुस्त हो सके।**

डॉ. हिरेन बिरूआ, रिम्स सुप्रिटेंडेंट

## धुर्वा उप डाकघर से ढाई करोड़ की हेराफेरी का खुला राज

रांची। राजधानी रांची के धुर्वा उप डाकघर से 2 करोड़, 52 लाख 45 हजार 200 रुपए की हेराफेरी मामले में सीबीआई की रांची स्थित भ्रष्टाचार निरोधक शाखा में चार नामजद व अन्य अज्ञात लोकसेवक व निजी कर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपितों में चारों नामजद धुर्वा उप डाकघर से जुड़े पदाधिकारी हैं।सीबीआई ने वरीय डाक अधीक्षक की ओर से 14 दिसंबर 2023 को दर्ज शिकायत की अपने डीएसपी से आंतरिक सत्यापन कराई थी। सत्यापन में खुलासा हुआ कि डाक एजेंट स्व। संतोष कुमार सिंह उप डाकघर के संबंधित आरोपित पदाधिकारियों की मिलीभगत से जालसाजी कर उक्त राशि की निकासी व हेराफेरी की थी। इस संबंध में अलग-अलग ग्राहकों ने डाक विभाग में इसकी शिकायत की थी। सीबीआई में दर्ज प्राथमिकी के अनुसंधानकर्ता एसीबी रांची के इंस्पेक्टर सुशील कुमार गुप्ता बनाए गए हैं।

### किसके खाते से कितने की हेराफेरी

यज्ञनारायण तिवारी (30 लाख), प्रियंका शर्मा पति अनिल कुमार शर्मा (18 लाख), सोमनाथ तिर्की व नीलम तिर्की, सेंबो बालालौंग (नौ लाख), नरेंद्र कुमार व स्मृति कुमारी, क्वार्टर नंबर डीटी 2352, टंकी साइड धुर्वा (15 लाख), दीनानाथ शर्मा, डीटी-2599, टंकी साइड धुर्वा (आठ लाख), मुकेश टोप्पो, सीटीओ रोड, मशान घाट धुर्वा (23 लाख), कृष्ण कुमार सिंह, डीटी-2987, धुर्वा (चार लाख), जगरोपन प्रसाद सिंह, एनएम-20, न्यू मार्केट, दुर्गा मंदिर के समीप धुर्वा मोड़ (8।80 लाख), अवधेश सिंह (53 लाख एक हजार 200 रुपये), मोहम्मद हदी, पिस्का नगड़ी (पांच लाख), सोनू कुमार, पुराना नर्स कॉलोनी (11।70 लाख),आदि शामिल हैं।

# जाम से शहरवासी और व्यापारी हैं परेशान, करें कार्रवाई

### शहर की यातायात व्यवस्था पर चैंबर ने जताई चिंता, ट्रैफिक एसपी को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शहर की यातायात व्यवस्था पर चिंता जताते हुए झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने यातायात पुलिस अधीक्षक को पत्राचार कर शहर में जाम लगने के कारणों से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की। चैंबर ने सुझाया कि सभी चौक चौराहों पर 50 मीटर की परिधि में ऑटो, ई-रिक्शा खड़ा करने पर सख्ती से रोक लगाई जाय। इसी प्रकार ट्रैफिक सिग्नलों का ऑडिट करने, शहर के सभी क्षेत्रों में यातायात संबंधी निदेर्शों के लिए सूचना बोर्ड का अधिष्ठापन कराने, चौराहों पर लेफ्ट टर्न को फ्री रखने के लिए साइनेज बोर्ड लगाने, नो इंट्री वाले जगहों पर बोर्ड अधिष्ठापित कराने, वाहनों की गति सीमा में संशोधन करने और समूचे क्षेत्रों में जहां भी सडकों पर अतिक्रमण कर व्यवसायिक गतिविधि की जा रही है, उन्हें अतिक्रमणमुक्त कराने की बात कही

गई। ट्रॉफिक उप समिति के चेयरमेन मुकेश पांडे ने बताया कि अरगोडा चौक, होटल रैडिशन ब्लू, नागाबाबा खटाल, अल्बर्ट एक्का चौक, संत जेवियर कॉलेज के पास, कोकर चौक से बूटी मोड रोड, कांटाटोली चौक के दोनों ओर, रांची रेलवे स्टेशन के पास, हिनू चौक, चडरी चौक से जेल रोड तक, अवैध रूप से ऑटो और ई-रिक्शा स्टैंड बन गया है, जिस कारण इन सडकों पर सदैव जाम की स्थिति बनी रहती है। रातू रोड से हरमू रोड तक तथा खादगड़ा बाजार में सडक पर फूटपाथ दुकानदारों और वाहनों का अवैध कब्जा है। ईस्ट जेल रोड में सड़क के दोनों ओर वाहनों की अवैध पार्किंग, न्यूक्लियस मॉल से लालपुर चौक तक सडक पर फूटपाथ दुकान एवं अवैध पार्किंग का कब्जा, खेलगांव चौक से बूटी मोड तक सडकों पर अवैध पार्किंग, लालपुर चौक से कोकर चौक तक सब्जी, फल दुकान और अवैध ऑटो स्टैंड का कब्जा, कांटाटोली चौक से नामकोम रोड में पेट्रोल पंप के पास तक अवैध रूप से बस स्टैंड के कारण भी जाम की स्थिति बनी रहती है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि मेन रोड की विभिन्न गलियों जैसे ओसीसी कंपाउंड, एसएन गांगुली रोड, श्री विष्णु गली और लालजी हिरजी रोड में ठेले-खोमचों और ई-रिक्शा के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। प्रायः यह देखा जाता है कि नगर निगम व यातायात पुलिस द्वारा मेन रोड में अतिक्रमण अभियान चलाने के दौरान ठेले-खोमचेवाले इससे सटे क्षेत्र की गलियों में प्रवेश कर जाते हैं। जिस कारण इन क्षेत्र के मुहाने पर जाम की स्थिति बन जाती है। राजधानी की यातायात व्यवस्था में सुधार चुनौती बनती जा रही है, जिसके समाधान के लिए ट्रॉफिक को-ऑर्डिनेशन कमिटी की नियमित बैठकों का आयोजन जरुरी है। शहर में जाम की स्थिति के कारण हमारे शहर की छवि पर नकारात्मक असर तो पड़ता ही है, इससे व्यापार भी प्रभावित हो रहा है, जिसपर गंभीर कार्रवाई की आवश्यकता है।

# खनन क्षेत्र में सस्टेनेबल व पर्यावरण अनुकूल तरीकों पर विशेष जोर दे रही सीसीएल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड स्थित सीसीएल अपने विभिन्न गतिविधियों द्वारा राष्ट्र के ऊर्जा सुरक्षा के लिए प्रति कृत संकल्पित है। कंपनी ने हाल ही में वित्तीय वर्ष 2023 -2024 के लिए अपने निर्धारित 84 मिलियन टन के वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त कर कुल 86.01 मिलियन टन कोयल का उत्पादन किया है। झारखंड की आठ जिलों में फैली कंपनी के खनन क्षेत्र में सस्टेनेबल एवं पर्यावरण अनुकूल खनन तरीकों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सीसीएल की खदानें सर्वोत्तम टिकाऊ खनन का प्रतिनिधित्व करती हैं। कंपनी विभिन्न आधुनिक तकनीकों एवं नवाचार का इस्तेमाल कर न केवल कार्बन उत्सर्जन में कमी ला रही है, अपितु संसाधन एवं ऊर्जा की बचत भी कर रही है। कंपनी का उद्देश्य पर्यावरण और सामुदायिक विकास के लिए सकारात्मक बदलाव हेतु खनन को एक साधन के रूप में प्रयोग करना है।



**हैवी मशीनों का प्रयोग :** सीसीएल में विभिन्न हैवी मशीनों का उपयोग कर न केवल उत्पादन क्षमता का विस्तार किया जा रहा है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भी भारी कमी लाने का सार्थक और सफल प्रयास कर रही है। इसमें सरफेस माइनर , ड्रैगलाइन इत्यादि मशीनें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सरफेस माइनर के प्रयोग से ब्लास्टिंग, क्रशिंग इत्यादि की आवश्यकता नहीं रहती, जिससे पर्यावरण पर बुरे प्रभाव में कमी आती है।

**कॉल हैंडलिंग प्लांट :** फर्स्ट माइल रेल कनेक्टिविटी की दिशा में कोल हैंडलिंग प्लांट एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिससे सीसीएल के कोयला खदानों से उत्पादित कोयले को निकटतम रेलवे सर्किट तक ले जाया जाता है, जिसके फलस्वरूप कोयला को देश भर में ताप विद्युत संयंत्रों तथा अन्य उपभोक्ताओं तक आसानी से कम समय में पहुँचाने में मदद मिलती है । पूर्व में, इन खानों से कोयला टिपर द्वारा सड़क मार्ग से रेलवे साइडिंग तक लाया जाता है। इस संयत्र में रिसीविंग हॉपर, क्रशर, कोयला भंडारण बंकर और कन्वेयर बेल्ट सम्मिलित हैं, जिनकी सहायता से कोयले को साइलो बंकर द्वारा रेलवे वैगनों में स्थानांतरित किया जाएगा। इस प्लांट के आरंभ हो जाने से सड़क मार्ग से कोयले का यातायात कम होगा जिससे धूल जनित प्रदूषण न्यून हो जायेगा।

**मोबाइल स्प्रिंकलर :** खनन क्षेत्रों में कंपनी धूल के कणों को नियंत्रित करने के लिए मोबाइल स्प्रिंकलर का उपयोग कर रही है। लगभग सभी खुली खदानों में बड़ी क्षमता वाले मोबाइल स्प्रिंकलर हैं। 28 केएल क्षमता के 61 मोबाइल स्प्रिंकलर तैनात किए गए हैं । सीसीएल ने वर्तमान में केवल मिस्ट टाइप के स्प्रिंकलर खरीदने की पहल की है, जो तकनीकी रूप से सामान्य स्प्रिंकलर से बेहतर हैं।इसी प्रकार, धूल नियंत्रण के लिए 27 ट्रॉली माउंटेड फॉग कैनन तैनात किए गए हैं। सीसीएल ने नेट जीरो कार्बन एमिशन के लिए 2026 तक 425 मेगावाट सोलर पावर प्लांट बनाने का लक्ष्य है, जिसमें 20 मेगावाट सोलर प्लांट पिपरवार क्षेत्र में बन रहा है।

## डीएवी आनंद स्वामी में रामनवमी पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, हेहल में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव का पर्व रामनवमी पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के सातवीं कक्षा के छात्र द्वारा प्रभु श्रीराम के जीवन चरित पर भाषण प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात सुप्रसिद्ध गीत राम आयेंगे तथा राम से चल कर राम पर आए पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया गया। कक्षा दूसरी की छात्रा द्वारा मनमोहक गीत भी गाया गया। विद्यालय की शिक्षिका कविता जायसवाल के विद्यार्थियों को प्रभु राम के जीवन से प्रेरणा ले कर आदर्श जीवन जीने की बात कही, वहीं विद्यालय की मुख्य अध्यापिका रोशी वाधवानी ने त्योहारों का महत्व बताते हुए कहा कि हर त्योहार का धार्मिक महत्व होने के साथ साथ सामाजिक महत्व भी होता है, पर्व हमें हमारी संस्कृति से परिचित कराते हैं, अतः हमें हर त्योहार को पूरे भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक - शिक्षिकाएं बच्चों का उत्साहवर्धन करते रहे।

## न्यूज बॉक्स

### समस्त कामनाओं की पूर्ति के लिए करें कामदा एकादशी का व्रत

**रांची।** पहाड़ी मंदिर के सन्निकट अवस्थित श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में शुक्रवार को चैत्र शुक्ल पक्ष की कामदा एकादशी व्रत पूरे विधि विधान के साथ मनाए जाएगा। यह एकादशी व्रत के प्रभाव से राक्षस- भाव आदि विकार चले जाते हैं।इससे ब्रह्महत्या आदि पापों तथा पिशाचत्व आदि दोषों का नाश हो जाता है ।यह परम पुनीता एकादशी के अवसर पर सर्वत्र व्यापक परमात्मा श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर के मुखोल्लास के लिए उनका ध्यान आदि करके मुद्राओं द्वारा नित्याराधन करके महाभिषेक होगा ।इसके अलावा अन्य आयोजित अनुष्ठान को विधिवत संपादक करके एकादशी व्रतानुष्ठान को पूरे किए जायेंगे।

### 21 अप्रैल को मोरहाबादी में रन फॉर डेमोक्रेसी

**रांची।** स्वीप के तहत तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रांची में रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 21 अप्रैल 2024 को सुबह 7 बजे मैराथन की शुरूआत मोरहाबादी मैदान से होगी। रन फॉर डेमोक्रेसी के आयोजन की तैयारी को लेकर नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उप विकास आयुक्त दिनेश यादव ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। मैराथन के बाद डीजे इवेंट का भी आयोजन किया गया है।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में ओजस और प्रवाह अवार्ड समारोह का आयोजन

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल परिसर में छात्रों को सम्मानित करने के लिए ओजस, और प्रवाह वार्षिक अवार्ड समारोह 2023-24 का आयोजन किया गया। शैक्षिक क्षेत्र में शानदार उपलब्धि के लिए छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रवाहह्य अवार्ड से उन छात्रों को पुरस्कृत किया गया, जो अपनी मजबूत इच्छा और दृढ़ संकल्प के बल पर हर दिन विद्यालय पहुंचे। लगातार तीन वर्षों तक 100 फीसदी उपस्थिति वाले छात्रों को हैट्रिक उपस्थिति के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिभावकगण भी उपस्थित थे जो इस समारोह के साक्षी बनें। समारोह में 1500 से अधिक छात्रों को सम्मानित किया गया। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों की प्रशंसा की और अन्य विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि वे भी भविष्य में ऐसे पुरस्कार के हकदार बनें।

### इन्फिनिटी एकेडमी का हुआ उद्घाटन

**रांची।** राजधानी के रातू रोड इंद्रपुरी रोड नंबर 13 गोदावरी हाइट परिसर में इन्फिनिटी एकेडमी शिक्षण संस्थान का गुरुवार को भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में झारखंड एसपी (एटीएस) ऋषभ कुमार झा, डॉ प्रकाश सिंह संस्थापक स्वर्णरेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, सचिव डॉ गंगेश गुंजन झा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर एवं दीप प्रज्जवलित करके संस्थान का उदघाटन किया। इस मौके पर इन्फिनिटी एकेडमी कि निर्देशिका स्नेहा झा ने बताया कि इस संस्थान में एक ही छत के नीचे विद्यार्थियो को यू पी एस सी, जे पी एस सी, रेलवे, एस एस सी, और विभिन्न सरकारी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जायेगा। साथ ही साथ उद्घाटन के अवसर पर 200 विद्यार्थियो को वरिष्ठ सरकारी पदाधिकारियों के द्वारा यूपीएससी निःशुल्क वेबिनार प्रशिक्षण दिया गया। वहीं डॉ सिद्धार्थ प्रकाश ने कहा है कि इन्फिनिटी एकेडमी में उच्च स्तरीय शिक्षा के साथ विश्व स्तरीय पुस्तकालय , लेक्चर हाल इत्यादि कि सुविधा दी जाएगी। इन्फिनिटी एकेडमी विद्यार्थियो को 32 देशों में 80 हजार कोर्सेश कि पढ़ाई करने में मदद करेगी। इसके साथ ही साथ कंप्लीट कैरियर मार्ग दर्शन भी विद्यार्थियो को यहां दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ मंजू सिंह, भव्या सिंह,आशुतोष द्विवेदी आदि कई लोग उपस्थित थे। यह जानकारी अजय कुमार ने दी।

### झारखंड के उलेमा बोले- मुस्लिम लीडरशिप खत्म करने की साजिश कर रहीं तमाम पार्टियां

**रांची।** झारखंड के मुस्लिम उलेमाओं ने कहा है कि राज्य में मुस्लिम लीडरशिप खत्म करने की साजिश रची जा रही है। तमाम पार्टियां इस साजिश की हिस्सेदार हैं। मुस्लिम मजलिसे उलेमा नामक संगठन के बैनर तले जुटे उलेमाओं ने गुरुवार को रांची में एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पॉलिटिकल पार्टियों की उपेक्षा से झारखंड की 18 फीसदी मुस्लिम आबादी मायूस है। ऐसे में अब यह कौम तीसरे विकल्प की तलाश करेगी। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर काशमी ने कहा कि झारखंड की चार आबादी में 80 लाख मुसलमान हैं, लेकिन किसी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पार्टी ने चुनाव में किसी भी मुसलमान को उम्मीदवार नहीं बनाया। आबादी के हिसाब से कम से कम सभी पार्टियों को राज्य की 14 में से कम से कम दो सीटें मुसलमानों को देनी चाहिए थी। इंडिया गठबंधन हो या एनडीए, सभी ने मुसलमानों को मायूस किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य बनने के बाद उम्मीद जगी थी कि लोकसभा और विधानसभा में मुसलमानों का वाजिब प्रतिनिधित्व होगा, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। इंडिया गठबंधन, जो खुद को सेक्युलर होने का दावा करता है, उसने भी मुसलमानों को दरकिनार कर दिया। सभी पार्टियां मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक समझती हैं। लेकिन, अब झारखंड के मुस्लिम जागरूक हो चुके हैं। इसका खामियाजा हमें वोट बैंक समझने वाली पार्टियों को आने वाले लोकसभा चुनाव के साथ-साथ विधानसभा चुनाव में भी भुगतना होगा। प्रेस कांफ्रेंस में मुफ्ती अतीकुर रहमान काशमी, शहर काजी मुफ्ती कमरे आलम का शमी, कारी जान मोहम्मद, हाजी मजहर, शोएब अंसारी, मौलाना गुलजार नदवी, कारी जान मोहम्मद मुस्तफी, मोहम्मद तोहिद आलम, इम्तियाज अहमद, तनवीर अहमद समेत कई उलेमा मौजूद रहे।

### समाजसेवी अशोक राम ने अखाड़ाधारियों को दी आर्थिक मदद

**पिठोरिया।** पिठोरिया क्षेत्र के पिठोरिया, बालू और सुतियांबे सहित अन्य गांव के अखाड़ा धारी को समाजसेवी अशोक राम ने प्रोत्साहित करने के लिए विशेष रूप से सहयोग दिया। महावीर मंडल पिठोरिया के कार्यक्रमों में भी अशोक राम का विशेष आर्थिक सहयोग रहा ।अशोक राम का कहना है कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में मेरा सहयोग मिलता रहेगा।

## इंडी गठबंधन का संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में दावा

# उलगुलान न्याय महारैली में 5 लाख लोग होंगे शामिल

**रांची। झारखंड की राजधानी रांची में 21 अप्रैल को आहूत इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली की तैयारी अंतिम चरण में है। प्रभात तारा मैदान में विशाल मुख्य मंच के साथ दो अन्य मंच भी तैयार किया जा रहा है। वहीं पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं के बैठने के लिए हैंगर टेंट लगाए गए हैं। 6 वीआईपी लाउंज भी तैयार किए जा रहे हैं। जहां बड़े नेता विश्राम या इंतजार करेंगे। बताया गया कि उलगुलान न्याय महारैली में शामिल होने के लिए अब तक देश के 14 बड़े नेताओं ने सहमति प्रदान कर दी है।**

## खरगे, लालू, राहुल,अखिलेश होंगे शामिल : झामुमो

कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी उलगुलान रैली में शामिल होंगे। उनके आलावा राजद सुप्रीमो लालू यादव, तेजस्वी यादव, नेशनल कांफ्रेंस के फारूख अब्दुल्ला, टीएमसी नेता डेरिक ओ ब्रायन, उद्धव ठाकरे गुट की प्रियंका चतुर्वेदी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, आप पार्टी से सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल,पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान और सांसद संजय सिंह,भाकपा नेता दीपकंर भट्टाचार्य उलगुलान रैली में शामिल होंगे। इन सभी लोगों के रहने की व्यवस्था रेडिशन ब्लू होटल में किया गया है। दक्षिण भारत में चुनाव के कारण इस रैली में इंडी गठबंधन का कोई नेता शामिल नहीं सकेगा । झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि अलग राज्य मिलने के बाद राज्य में अब तक सबसे बड़ी रैली मोरहाबादी मैदान में झामुमो की आयोजित की गई थी,उससे भी बड़ी रैली इस उलगुलान महारैली होगी। जिसमें पांच लाख लोग शामिल होंगे। उलगुलान रैली में झामुमो के तीन लाख और अन्य सहयोगी दल के दो लाख कार्यकर्ता शामिल होंगे। झामुमो नेता ने कहा कि भगवान बिरसा की धरती पर संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए यह रैली हो रही है, यहीं से ही तानाशाह के खिलाफ उलगुलान शुरू होगा और उसका शासन ध्वस्त किया जाएगा।

## आदिवासियों के हक-अधिकार के लिए रैली : कांग्रेस

संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिंहा ने कहा कि उलगुलान न्याय महारैली आदिवासियों के हक-अधिकार के लिए आयोजित किया गया है। केंद्र की मोदी सरकार ने जनता के द्वारा चुनी गई सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजा है, सदन से सड़क तक जिस तरह हेमंत सोरेन जनहित में कार्य कर रहे थे, उससे केंद्र सरकार और भाजपा को परेसानी होने लगी थी। इसलिए प्रभात तारा मैदान से उलगुलान न्याय रैली में जो आवाज गुंजेगी, उसकी आवाज बहुत दूर तक जाएगी। झारखंड में जब-जब उलगुलान हुआ है सत्ता और सरकार गई है।

## झुठे सपने का पदार्फाश करेंगे : राजद

राजद के प्रवक्ता कैलाश यादव ने कहा कि भाजपा सबसे झुठा पार्टी है और केंद्र सरकार जनता को झुठा सपना दिखा रही है, जिसका पदार्फाश महारैली में करेंगे। राजद नेता ने कहा कि जिस मैदान में रैली होने जा रही है वह एचईसी का है, जहां के कर्मचारियों को 22 माह से वेतन नहीं मिला है और यहां के सांसद सदन में मामला नहीं उठाते हैं। राजद नेता ने कहा कि हमारा मजबूत संगठन है र लोकसभा के इस महासंग्राम में राज्य के सभी 14 सीटों पर जीत हासिल करेंगे।

**प्रभात तारा मैदान में उलगुलान न्याय रैली के लिए बन कर तैयार हो रहा भव्य पंडाल**

## रांची में फिर एक मंच पर होंगी कल्पना व सुनीता

**दिल्ली में इंडी गठबंधन के रैली में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और दिल्ली की सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल एक साथ मौजूद**

**थी, 21 अप्रैल को रांची में दोनों नेत्रियां फिर से एक बार साथ दिखेंगी। दोनों के पति इस समय जेल में हैं, इसलिए**

**दोनों नेत्रियों जनता के समक्ष अपनी वेदना को रखेंगी। इस रैली से ही इंडी गठबंधन इस लोकसभा चुनाव का औपचारिक शंखनाद भी करेगा।**

## गीता कोड़ा की तरह सीता सोरेन पर भी हमले की आशंका : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सिंहभूम की भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा की तरह दुमका से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन पर भी हमले की आशंका जतायी है। बाबूलाल ने कहा है कि संभव है कि सीता सोरेन पर भी झामुमो कार्यकर्ता जानलेवा हमला कर सकते हैं। गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर अपनी आशंका जाहिर करते हुए मरांडी ने कहा कि सीता सोरेन ने लगभग डेढ़ दशक तक झामुमो विधायक के रूप में पार्टी की सेवा की। यदि उन्होंने अपने साथ हो रहे अपमानजनक व्यवहार और साजिश के विरोध में पार्टी छोड़ी तो क्या झामुमो उन पर जानलेवा हमला करा देगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने दुमका से झामुमो उम्मीदवार और विधायक नलिन सोरेन के मीडिया में दिए गए बयान पर चिंता जाहिर की है। जिसमें नलिन ने झामुमो के विरोध में बोलने पर सीता सोरेन के साथ भी गीता जैसा हाल होने की चेतावनी दी है। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि नलिन सोरेन जैसे वरिष्ठ नेता का यह वक्तव्य झामुमो के उस अंदरूनी खूनी मानसिकता को भी उजागर करता है, जिसमें हेमंत सोरेन का विरोध करने वालों पर जानलेवा हमला भी कराया जा सकता है। बाबूलाल मरांडी ने झारखंड पुलिस और चुनाव आयोग से आग्रह करते हुए कहा है कि वजह जो भी हो, झामुमो द्वारा भाजपा की महिला उम्मीदवारों पर हमले की धमकी देना उनकी कायरता और चुनाव के पूर्व ही पराजय को दशार्ता है।

## 'द ग्रेट फैमिली गेट टूगेदर शो' होगा इंडी एलायंस रैली : प्रतुल शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंडी एलाइंस की 21 अप्रैल को आयोजित रैली पर भाजपा ने बड़ा हमला बोलते हुए उसे द ग्रेट फैमिली गेट टुगेदर शो करार दिया। भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर ,हरमू में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि इस मंच पर अखिलेश यादव का परिवार, लालू प्रसाद का परिवार ,स्टालिन का परिवार ,ममता बनर्जी का परिवार ,हेमंत सोरेन का परिवार के साथ गांधी परिवार नजर आएगा। प्रतुल ने कहा कि यह सिर्फ और सिर्फ परिवार को बढ़ाने वाले दलों का समूह है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा पूरे देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी मुहिम चलाए जाने के डर कर एक मंच पर आया है। ईडी, आईटी और सीबीआई की दबिश के बाद जिन 16 कंपनियों ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड खरीदे उसका सिर्फ 37 फीसदी हिस्सा भाजपा को मिला और 63 फीसदी विपक्ष को मिला है।इलेक्टरल बॉन्ड पर प्रतुल ने विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए बताया कि विपक्ष चीजों को छुपा कर बोलता है। कुल 3000 कंपनियों ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड खरीदा था। जिसमें सिर्फ 26 कंपनियों पर ईडी,सीबीआई या आईटी की इंक्वारी चल रही है। इनमें से 16 कंपनी ने दबिश के बाद इलेक्ट्रोल बॉन्ड खरीदा था। इन 16 कंपनियों के खरीदे गए इलेक्टोरल बॉन्ड का सिर्फ 37 फीसदी हिस्सा भाजपा को मिला जबकि 63 फीसदी हिस्सा विरोधियों को मिला।

## देवघर रोपवे हादसे में दर्ज प्राथमिकी पर क्या कार्रवाई हुई : हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में त्रिकूट पर्वत, देवघर में रोपवे दुर्घटना से तीन लोगों की मौत मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि इस हादसे को लेकर जो एफआईआर दर्ज की गई थी उस पर क्या कार्रवाई हुई है। रोपवे संचालित करने वाले कंपनी के खिलाफ कार्रवाई के संबंध में क्या निर्णय लिया गया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर इस संबंध में जानकारी देने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि त्रिकूट पर्वत पर रोपवे हादसा की जांच चल रही है, इसमें रोपवे संचालित करने वाली कंपनी को दोषी पाया गया है, उसके खिलाफ जिम्मेदारी तय की जा रही है। इस हादसे को लेकर एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि त्रिकूट पर्वत पर रोपवे का संचालन करने वाली दामोदर रोपवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है।

## आदिवासी का विकास सिर्फ भाजपा कर सकती है: मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय जनता पार्टी एसटी मोर्चा रांची लोकसभा की बैठक की अध्यक्षता एसटी मोर्चा के लोकसभा प्रभारी रामकुमार पाहन ने किया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद रहे।भाजपा नेता बाबूलाल ने कहा कि भाजपा ने झारखंड राज्य का निर्माण, जनजाति मंत्रालय का गठन, द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाना, मोदी सरकार में 8-8 जनजाति मंत्री, आदिवासी महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि के लिए जनजाति गौरव दिवस, पीएम जनमन योजना सहित कई ऐतिहासिक कार्य भाजपा ने किया है। बाबूलाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता प्रत्येक गांव में जन संपर्क अभियान चला कर मोदी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं मोदी सरकार की 10 वर्षों की उपलब्धियों को बताएँ।

### डमी कैंडिडेट पर चुनाव आयोग की रहेगी कड़ी नजर, होगी कार्रवाई

## गाड़ी के परमिट में फजीर्वाड़ा रोकने का फूलप्रूफ प्लान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा के चौथे चरण के चुनाव के लिए झारखंड में चार लोस क्षेत्रों के लिए नामांकन के पहले दिन गुरुवार को एक भी नामांकन नहीं हुआ। पहले फेज में सिंहभूम, लोहरदगा, खूंटी और पलामू लोस क्षेत्र में चुनाव होंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान डमी कैंडिडेट पर चुनाव आयोग की पैनी नजर रहेगी। ऐसे कैंडिडेट की पहचान कर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि आयोग के संज्ञान में आया है कि डमी कैंडिडेट के नाम पर दूसरे कैंडिडेट चुनावी खर्च मैनेज करते हैं।

**उम्मीदवारों के लिए गाड़ियों के परमिट का स्टैंडर्ड फार्मेट :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि इस बार चुनाव में उम्मीदवारों के लिए गाड़ियों का परमिट फूलप्रूफ होगा। इसके लिए आयोग ने स्टैंडर्ड फार्मेट बनाया है। यह सात तरह का होगा। इसका डूप्लीकेट बनाना मुश्किल होगा। इसमें कोडिंग और माइक्रो चिप जैसी व्यवस्था होगी। इसे गाड़ी के स्क्रीन पर लगाना अनिवार्य होगा। वहीं गाड़ी बदलने पर परमिट सरेंडर कर नई गाड़ी का परमिट लेना होगा।

### क्षेत्रफल के हिसाब से खूंटी दूसरा सबसे बड़ा लोस क्षेत्र

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि क्षेत्रफल के हिसाब से खूंटी दूसरा सबसे बड़ा लोस क्षेत्र है। चतरा सबसे बड़े क्षेत्रफल वाला लोस क्षेत्र है। वहीं पहले फेज के चुनाव में जिन चार लोस क्षेत्रों में मतदान होगा, उसमें लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। प्रेस वार्ता में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा और ओएसडी गीता चौबे भी मौजूद थीं।

### झारखंड में चौथे चरण से होगा लोकसभा चुनाव का आगाज

## भाजपा के सामने पूर्व का प्रदर्शन दोहराने का दबाव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य की चार लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। झारखंड में 4 लोकसभा सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। इन चारों सीटों पर एनडीए व इंडी गठबंधन के प्रत्याशी घोषित हो चुके है। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय की ओर से जारी सूचना में बताया गया है कि इन चारों सीटों पर कुल 63 लाख 99 हजार 582 लोग मताधिकार का इस्तेमाल कर पाएंगे।इनमें 32,12,549 पुरुष, 31,86,991 महिला और 42 थर्ड जेंडर वोटर हैं। इन चार सीटों में खूंटी, लोहरदगा और सिंहभूम अनुसूचित जनजाति और पलामू सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। खास बात यह कि अनुसूचित जनजाति के आरक्षित तीनों सीटों -- खूंटी, लोहरदगा और सिंहभूम में महिला वोटरों की तादाद पुरुषों से ज्यादा है।

ममता भुइयां | सुखदेव भगत | समीर उरांव | जोबा मांझी | कालीचरण मुंडा | गीता कोड़ा | अर्जुन मुंडा | वीडी राम

**सिंहभूम (एसटी) लोकसभा सीट**

यहां से भाजपा ने मधु कोड़ा की पत्नी और पूर्व कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा को चुनाव मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले इंडी गठबंधन से झामुमो ने जोबा मांझी को अपना उम्मीदवार बनाया है। इन दोनों के बीच में चित्रसेन सिंकू भी चुनाव लड़ रहे हैं। सिंहभूम (एसटी) लोकसभा सीट पर पिछली बार गीता कोड़ा ने कांग्रेस के टिकट

**लोहरदगा (एसटी) सीट**

यहां से भाजपा ने समीर उरांव को अपना उम्मीदवार बनाया है, तो कांग्रेस पार्टी ने सुखदेव भगत को टिकट दिया है। इस सीट से भाजपा ने पूर्व मंत्री सुदर्शन भगत का टिकट काटकर समीर उरांव को टिकट दिया है। वैसे इस सीट से झामुमो के विधायक चमरा लिंडा अब तक लगातार दांव ठोंक रहे हैं।

**खूंटी (एसटी) सीट**

यहां से भाजपा ने एक बार फिर अर्जुन मुंडा को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने पिछले बार के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा को ही मैदान में अर्जुन मुंडा के मुकाबले उतारा है। मुंडा ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बहुत कम अंतर से कालीचरण मुंडा को पराजित किया था।

**पलामू (एससी) संसदीय सीट**

यहां से भाजपा ने लगातार दो बार से चुनाव जीत रहे पूर्व आईपीएस ऑफिसर वीडी राम को टिकट दिया है। विपक्षी गठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने ममता भुइयां को टिकट दिया है।तीन सीटों पर भाजपा ने लहराया था परचम बाकी तीन लोकसभा सीटों खूंटी (एसटी), लोहरदगा (एसटी)

## 22 को गीता कोड़ा, 23 को अर्जुन मुंडा और बीडी राम करेंगे नामांकन

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के पहले और देश के चौथे चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। राज्य के खूंटी, लोहरदगा, पलामू और सिंहभूम लोकसभा सीटों के लिए मतदान 13 मई को मतदान किया जाना है। जिसके लिए 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी कर दिया है। अधिसूचना जारी होते ही प्रत्याशी अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर सकते हैं। 25 अप्रैल तक नामांकन का पर्चा भरा जा सकेगा। दाखिल नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को की जाएगी और 29 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। जानकारी के अनुसार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और कई वरीय भाजपा नेता अपने प्रत्याशियों के नामांकन के समय मौजूद रहेंगे । 22 अप्रैल को सिंहभूम लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा चाईबासा समाहरणालय में नामांकन का पर्चा भरेंगी।

## चुनावी ड्यूटी में लगे वाहनों की जीपीएस से होगी निगरानी

**रांची।** राज्य में लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगने वाली गाड़ियों की जीपीएस से मॉनिटरिंग की जायेगी। चुनाव आयोग ने इसके लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। इसके तहत झारखंड में लोकसभा चुनाव के दरम्यान बूथ से लेकर स्ट्रॉन्ग रूम तक जाने वाली ईवीएम और निर्वाचनकर्मियों के मूवमेंट पर नजर रखी जायेगी। राज्य में पहली बार जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के जरिए निगरानी रखने की तैयारी में जुटे चुनाव आयोग का मानना है कि इससे चुनाव में पारदर्शिता आयेगी। गाड़ियों के मूवमेंट पर नजर रखने के लिए जिला मुख्यालय से लेकर चुनाव आयोग कार्यालय में विशेष टीम बनाई गई है, जहां ऑनलाइन माध्यम से नजर रखी जायेगी। चुनाव ड्यूटी में लगनेवाली निजी गाड़ियों के किराए में होने वाली गड़बड़ी पर रोकथाम के लिए आयोग ने वाहन मैनेजमेंट सिस्टम नाम से ऐप लाया है, जिसके माध्यम से चुनाव ड्यूटी में लगने वाली गाड़ियों के समय, तारीख, किलोमीटर, सेवा अवधि और भुगतान जैसी तमाम चीजें चुनाव आयोग के डैशबोर्ड पर डिस्प्ले करती रहेंगी।

## न्यूज बॉक्स

### रिश्वत मामले में रेलीगढ़ा परियोजना रामगढ़ के यूडीसी क्लर्क को तीन साल की सजा

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को रिश्वत लेने के आरोपित रामगढ़ के रेलीगढ़ा परियोजना कार्यालय के यूडीसी क्लर्क रामराज नोनिया को दोषी पाकर तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई टीम ने 5 मार्च 2020 को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रामराज नोनिया को गिरफ्तार किया था। नोनिया ने सीसीएल कर्मी सिंगराई मुंडा से प्रशिक्षण अवधि और इन्क्रिमेंट के एरियर बनाने एवं भुगतान कराने के एवज में रिश्वत मांगी थी। इस मामले में सीबीआई ने सिंगराई मुंडा की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की थी। मामले में सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से आठ गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

### उलगुलान रैली में आदिवासी-मूलवासियों पर हो रहे अत्याचार को करेंगे उजागर : मुख्यमंत्री

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने उलगुलान न्याय महारैली की सफलता को लेकर गठबंधन दल के नेताओं के साथ गुरुवार को बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह रैली केंद्र सरकार द्वारा आदिवासियों एवं मूलवासियों पर हो रहे अत्याचारों और उन्हें जल- जंगल-जमीन से दूर करने की साजिश का पदार्फाश करेगी। विपक्षी दलों की राज्य सरकारों के खिलाफ एजेंसियों के इस्तेमाल और झूठे आरोपों द्वारा उन्हें बदनाम करने की रणनीति को देश समझ चुका है और आगामी चुनावों में जनता उन्हें जवाब देगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान ही हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को यह भरोसा दिलाया था कि पूरा इंडिया गठबंधन उनके इस संघर्ष में साथ रहेगा। चुने हुए मुख्यमंत्री को अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में भेजना झारखंड की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा को अपने इस षड्यंत्र की इतनी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी कि अब वह विपक्षी दलों को छोड़ने से पहले चार बार सोचने को मजबूर होगी।

### मनरेगा घोटाला : ईडी ने दो इंजीनियरों की 22.47 लाख की संपत्ति जब्त की

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के मनरेगा घोटाले में एक बार फिर से कार्रवाई की है। गुरुवार को ईडी की टीम ने दो एग्जीक्यूटिव इंजीनियरों की 22.47 लाख रुपये मूल्य की चार अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार ईडी ने झारखंड के खूंटी जिले में 18.06 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले मामले में आरोपित एग्जीक्यूटिव इंजीनियर शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी की 22.47 लाख रुपये मूल्य की चार अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त की हैं। इस मामले में ईडी अब तक स्थाई व अस्थाई रूप से कुल 106.86 करोड़ की संपत्ति जब्त कर चुकी है। इस मामले में झारखंड पुलिस में दर्ज 16 प्राथमिकियों के आधार पर ईडी ने ईसीआइआर दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू की थी।

### तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र में स्टैटिक सर्विलांस टीम क्रियाशील

**रांची।** रांची में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी )का गठन किया गया है। गठित दल में पर्यवेक्षीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही रांची जिला के तमाड़ और मांडर विधानसभा के वैसे क्षेत्र जो खूंटी और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में आते हैं, वहां एसएसटी क्रियाशील हो गयी है। स्टैटिक सर्विलांस टीम तीन पालियों 24 घंटे सतत निगरानी रखेगी। टीम को तीन अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है, जो मतगणना तक क्रियाशील रहेगी। एसएसटी को भारी मात्रा में नकद, अवैध शराब, कोई संदेहास्पद वस्तु और शस्त्र पर नजर रखते हुए वाहनों एवं व्यक्तियों की तलाशी लेने के साथ वीडियोग्राफी का निर्देश दिया गया है।

**इन स्थानों पर तैनात रहेगी एसएसटी**

- महुगांव-फतेहपुर पथ, लापुंग, फतेहपुर में।
- कर्रा-ककरिया पथ लापुंग
- पुरनापानी-लापुंग पथ दोलैया में
- लापुंग-सिसाई पथ परसा में
- गुमला रोड एवं लोहरदगा रोड बेड़ो प्रखंड के पास
- रांची-गुमला रोड पुरनापानी में
- कुडू-रांची पथ, चान्हो के पास

तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में इन स्थानों पर तैनात रहेगी एसएसटी

- टाटा-रांची पथ, रांगामाटी के पास
- मारंगहादा-तैमारा पथ
- सरायकेला-रड़गांव पथ, रड़गांव पथ
- सरायकेला-रड़गांव पथ, डोरेया मोड़ के पास

### आर्किटेक्ट विनोद सिंह की अग्रिम जमानत पर याचिका हुई सुनवाई

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद सिंह के अग्रिम जमानत याचिका पर गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। यह जानकारी अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने दी। इससे पूर्व विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से गत सोमवार को कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। इस केस में मोहम्मद सद्दाम, अंतु तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, मोहम्मद इरशाद और प्रियरंजन सहाय की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### अधिवक्ता राजीव कुमार के अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 25 अप्रैल को

**रांची।** कोलकाता कैश कांड मामले के आरोपित हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 25 अप्रैल निर्धारित की है। कैश कांड में सीबीआई की दिल्ली शाखा ने तीन फरवरी को कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवाल एवं राजीव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इसपर अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपित को समन जारी किया है। राजीव कुमार ने चार अप्रैल को राहत के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस मामले में अमित अग्रवाल जेल में है। राजीव कुमार को कोलकाता में 50 लाख रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसमें अमित अग्रवाल की संलिप्तता थी। एक साजिश के तहत अमित अग्रवाल ने राजीव कुमार को रांची से कोलकाता बुलाया और उन्हें गिरफ्तार करवा दिया था।

### चाइल्ड ट्रैफिकिंग मामले में सीआईडी डीजी हाई कोर्ट में हुए हाजिर

**रांची।** साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपित कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील पर सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। कोर्ट के आदेश के आलोक में सीआईडी डीजी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि गुमशुदा दोनों बच्चों का बायोमेट्रिक्स यानी फिंगरप्रिंट्स, आंखों के रेटिना उपलब्ध कराना संभव नहीं है, यह काफी जटिल प्रक्रिया है। जिस समय ये दोनों बच्चे गायब हुए थे उस समय उनकी उम्र काफी कम थी। ऐसे में आधार कार्ड के बायोमेट्रिक के आधार पर उनको खोजना संभव नहीं है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सविता कुमारी ने पैरवी की। इससे पहले मामले के अनुसंधानकर्ता भी कोर्ट में उपस्थित थे। पुलिस अधिकारियों ने कोर्ट को बताया कि गुमशुदा दोनों बच्चों की तलाश जारी है। अगली सुनवाई 12 जून निर्धारित की गई है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कुलदेव साह एवं पप्पू शाह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## एक नजर

### भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने चुंबा में किया जनसंपर्क

**गिद्दी।** भाकपा माले बड़का चुंबा और मंझला चुंबा के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव को लेकर जनसंपर्क किया। भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क करके हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को वोट देने की अपील किया है। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा भगाओ देश बचाओ लोकतंत्र बचाओ का नारा दिया। जनसंपर्क करने वालों में बिजून सिंह, छोटेलाल दास शिवचंद रविदास, रामवृक्ष बेदिया, लाका बेदिया, बैजनाथ बेदिया, मंजूर हुसैन, राजेंद्र राम आदि शामिल थे।

### जलापूर्ति का पैनल बोर्ड जला, 15 हजार आबादी पेयजल को तरसी

**दुलमी।** रामगढ़ जिला का दुलमी प्रखंड क्षेत्र के सिकनी व होन्हे पंचायत के सभी गांवों में दो दिनों से पानी सप्लाई बंद पड़ा है। जिसके कारण लगभग 15 हजार आबादी को पेयजल के लिए आसपास के हैंडपंप और कुंओं से किसी तरह जुगाड़ करना पड़ रहा है। बता दें कि होन्हे के मलासिली टुंगरी में सिकनी, होन्हे, होहद, बोंगासौरी, बिरहोन्हे गांव में नल से शुद्ध पेयजल सप्लाई के लिए पीएचईडी विभाग ने करोड़ों की लागत से जलमीनार बनवाया है। इन सभी गांवों के हजारों लोग उपभोक्ता बने हुए हैं। लेकिन पिछले दो दिनों से पानी सप्लाई बंद है। कारण मोटर का पैनल बोर्ड व सर्विस तार जलकर राख हो गया है। अब जब तक पैनल बोर्ड और सर्विस तार बदला नहीं जाता है, ग्रामीणों का पानी सप्लाई बंद रहेगा।

### रेलीगढ़ा में नौ दिवसीय यज्ञ को लेकर भंडारे का आयोजन

**गिद्दी।** रेलीगढ़ा बाजार स्थित बजार शिव मंदिर परिसर में नौ दिवसीय महायज्ञ के सामापन पर गुरुवार को भंडारा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व बुधवार इस नौ दिसवीय महायज्ञ की पूणार्हुति कुमारी कन्याओं का पूजन और कलश विर्सजन कर किया गया था। गुरुवार को भंडारा पूजन का कार्य में यजमान दुर्गा शर्मा, रेखा देवी, सुदामा शर्मा, प्रमिला देवी, लक्ष्मी साव, वसंती देवी, सूरज साव, जानकी देवी और समिति के अध्यक्ष गूंजन साव ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद भंडारा शुरू किया गया। जिसमें अनेक लोगों ने महायज्ञ के भंडारा का प्रसाद प्राप्त किया। भंडारा को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष गुजंन साव, सचिव विकास ओझा आदि दर्जनों लोगों ने सहयोग किया।

## महारामनवमी श्रद्धा व शांतिपूर्ण संपन्न, शोभायात्रा में रामायण सहित आधुनिकता की दिखी झलक

# आखाड़ों में आकर्षक झांकियां और स्टंट रहा चर्चा का विषय

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** बुधवार को महारामनवमी के अवसर पर सुबह से ही प्रखंड सहित पंचायत के विभिन्न हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही. हजारीबाग रोड स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में भव्य मेले मेले का आयोजन किया गया था. संध्या होते ही विभिन्न अखाड़े वाले लाठी व तलवार जैसे पारंपरिक हथियारों से करतब दिखाते जय श्रीराम के नारों के साथ महाबिरी झंडे का मिलन किया. देर संध्या होते ही विभिन्न अखाड़ा समिति का एक से बढ़कर एक जुलूस सड़कों पर आने लगे. जो विभिन्न रोड का भ्रमण करते हुए बरही चौक पहुंचा. जहां लोगों ने जमकर तलवारबाजी, लाठियां और स्टंट दिखाने का काम किया. जुलूस में केवट प्रसंग, राम लला का मंदिर आदि सहित कई आकर्षक झांकियां और स्टंट देखने को मिले. जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में महिला-पुरुष, बच्चे, बूढ़े और जवान पहुंचे थे. पूरा क्षेत्र नगाड़ों की गड़गड़ाहट और जयश्रीराम के नारों के बीच भगवा झंडा व रामभक्तों से पट चुका था.

**तत्पर रह महासमिति :** जुलूस व झांकी को नियंत्रित करने के लिए महासमिति के अध्यक्ष विनय साहू की अगुवाई में महासमिति पूरी तरह से तत्पर रही. जुलूस को आगे बढ़ाने और हौसला बढ़ाने का लगातार प्रयास करते रहे. इसी बीच आने वाले अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला यादव, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, झामुमो नेता बिनोद विश्वकर्मा आदि कई स्मजैक व राजनीति कार्यकर्ताओं का महासमिति की ओर से भगवा पगड़ी व तलवार देकर स्वागत किया गया. अतिथियों ने भी लाठी व तलवार का करतब दिखाकर अखाड़े वालो का हौसलावर्धन कर शांतिपूर्ण शोभायात्रा पूर्ण करने की अपील किया.

### चप्पे चप्पे पर लगाए गए थे पुलिस बल व दंडाधिकारी

महारामनवमी की शोभा यात्रा को लेकर एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, सीओ आर एन खलखो, थाना प्रभारी सुमित कुमार सहित सभी अधिकारी मुस्तैद थे. स्वयं देर रात्रि तक गश्ती कर प्रतिनियुक्त बल व दंडाधिकारियों को निर्देश देते नजर आए. चप्पे चप्पे पर पुलिस बल व दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए थे. जो जुलूस सहित दर्शकों की सुविधाओ पर निगरानी रखे हुए थे. अनुमंडलीय अस्पताल की ओर से स्वास्थ्य कैंप लगाए गए थे. पेयजल व स्वच्छता विभाग ने पानी टैंकर से शुद्ध जल मुहैया करवाया था. वही अग्निशमन विभाग के कर्मी पूरी तरह से मुस्तैद रहे.

### समाजसेवी आकाश ने लगाया शुद्ध पेयजल शिविर

महारामनवमी के अवसर पर युवा समाजसेवी आकाश जायसवाल ने शुद्ध पेयजल शिविर लगाया था. जो आने जाने वाले हर एक व्यक्ति को प्यास बुझाने का काम कर रहे थे. श्री जायसवाल का कहना था कि धूव व गर्मी को लेकर श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो इसलिए पेयजल की व्यवस्था की गयी थी। जुलूस में शामिल होने वाले शुद्ध जल पीकर अपनी प्यास बूझा रहे थे और लोग खुश हो रहे थे।

# ग्रामीणों ने कहा : रोड नहीं तो वोट नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** दूलमहा पंचायत के वभनाडीह के ग्रामीण लोकतंत्र के महापर्व में भाग नहीं लेने का निर्णय लिया है. उक्त निर्णय मंगलवार को ग्रामीणों ने बैठक कर सर्वसम्मति से लिया. ग्रामीणों का आरोप है कि उनका गांव एनएच 2 से 15 किमी दूर है. बाबजूद आने जाने के लिए अब तक सड़क नहीं बनाए गए हैं. जिससे ग्रामीणों को आने जाने या प्रखंड मुख्यालय तक जाने में कई मुश्किलों को झेलना पड़ता है. मरीजों, वृद्धों या गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक ले जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है. वर्तमान में जंगल झाड़ियों से किसी प्रकार बने पगडंडियों से ग्रामीण आते जाते है. जो बरसात में पूरी तरह कीचड़ व पानी से भरा रहता है. जिससे पैदल चलना भी मुश्किल होता है. इस संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित सांसद को भी कई बार सूचना दी गई है. सबों ने सिर्फ आश्वासन दिया है. हम सभी उनके आश्वसनाओ पर अब तक भरोसा करते रहे. अब यहां के ग्रामीणों को आश्वासन नहीं समस्याओं का समाधान चाहिए. जब तक उनके समस्याओं का निदान नहीं होगा वे सभी लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा नहीं लेंगे. इस बाबत स्थानीय प्रशासन को भी सूचना दिया जा रहा है. उक्त जानकारी ग्रामीणों ने प्रेस बयान जारी कर दी है. प्रेस बयान में अनिल कुमार यादव, रंजीत यादव, सुभाष यादव, मनोज कुमार यादव, सुजीत यादव, शीला देवी, सुजीत यादव, संजीत कुमार, दीपक कुमार, संजय यादव, सुधीर यादव , उमेश यादव आदि सहित कई महिला पुरुष उपस्थित थे.

# रामनवमी महासमिति ने श्रद्धालुओं के बीच तलवारों का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ में रामनवमी उत्साह और उमंग के साथ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। यह जानकारी देते हुए श्रीश्री रामनवमी पूजा महासमिति के मीडिया प्रमुख सत्यजीत चौधरी ने बताया कि बुधवार शाम से हीं महासमिति के अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारियों ने झांकियों और श्रद्धालुओं की सुविधा का ख्याल रखते हुए अपने वोलेंटियर को मंच के आस पास तैनात किया जो भीड़ को नियंत्रित करने में प्रशासन का सहयोग करते दिखे और पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पूरे जिले भर की झांकियों के अध्यक्ष और सचिव को बारी बारी महासमिति के पदाधिकारियों ने भगवा अंगवस्त्र,पगड़ी और तलवार देकर सम्मानित किया जो सिलसिला रात्रि दो बजे तक जारी रहा। महासमिति के मंच पर जिले भर के कई नेता और जाने माने व्यवसाई, प्रशासनिक अधिकारी एवं समाजसेवियों का भी स्वागत किया गया। जिसमें आरएसएस के जिला संघ चालक शत्रुघ्न प्रसाद,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, रंजीत पांडे, कमल बगड़िया, रंजन फौजी, बिमल बुधिया, प्रो.संजय सिंह, विजय जयसवाल, रोबिन गुप्ता, सिंधु झा आदि शामिल थे। मौके पर दीपक मिश्रा ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से इस भव्यतापूर्ण आयोजन को संपन्न करवाने का श्रेय महासमिति के सभी पदाधिकारियों को जाता जिनके अथक प्रयास और सहयोग से रामनवमी में विभिन्न अखाड़ों के द्वारा शस्त्र प्रदर्शन और करतब देखने को मिला। साथ ही रामगढ़ के पुलिस प्रशासन का भी उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतना बड़ा आयोजन को सुचारू और शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करवाने में उनका प्रयास और सहयोग सराहनीय है।

### श्री श्री 1008 श्री हनुमंत ललाप्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा का आयोजन

**रामगढ़ ।** श्री श्री 1008 श्री हनुमंत लला प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ को लेकर बड़की डूंडी में गुरुवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया ।कलश यात्रा में 351 कलशधारियों के साथ बड़ी श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान कलश यात्री उखरबेड़वा दामोदर नदी पहुंचे। जहां यज्ञ आचार्य अमरनाथकान्त दुबे, लव शास्त्री, मदन तिवारी, विनोद पांडेय, जनार्दन तिवारी, राहुल तिवारी, सत्यम पांडेय, अंकित तिवारी ने यजमान बने झूबर महतो, गिरधारी महतो, हीरालाल महतो, अमेरिका प्रसाद, विष्णु देव महतो, वासुदेव महतो, फूलचंद महतो, छेदी महतो, चौहन महतो, खिलेश्वर महतो, अशोक कुमार महतो सपतनीक के हाथों विधिवत पूजा अर्चना कराया। बाद में पवित्र जल को कलश में जल भरा। तत्पश्चात पुनः यज्ञशाला मंडप पहुंचकर कलश को स्थापित किया गया। वहीं रात्रि बेला में प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वृंदावन से आई कथा वाचिका नंदिनी गोस्वामी एवं वाराणसी के कथावाचक बाल व्यास श्री अविनाश शास्त्री द्वारा प्रवचन दिया गया। कलश यात्रा में मुख्य रूप से मांडू विधायक सह हजारीबाग लोकसभा के इंडिया गठबंधन के सांसद प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल, झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, आजसू केंद्रीय महासचिव तिवारी महतो शामिल हुए।

## रामनवमी संरक्षण समिति ने करायी कुश्ती दंगल प्रतियोगिता

# फाइनल प्रतियोगिता में पहलवान राजू थापा को हराकर नागेंद्र दास ने मारी बाजी

- हजारीबाग की अंतरराष्टीय रामनवमी के साथ जुड़ा नया अध्याय
- अयोध्या , हरियाणा, बनारस , पंजाब व नेपाल से आए पहलवानों ने दंगल में दिखाया दम

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग हजारीबाग की अंतरर्राष्टीय रामनवमी के अवसर पर हजारीबाग रामनवमी संरक्षण समिति ने भव्य कुश्ती (दंगल) का आयोजन हजारीबाग बड़ा अखाड़ा परिसर स्थित मैदान में करवाया जहां हरियाणा, पंजाब , अयोध्या, बनारस, नेपाल से आए पहलवानों ने भाग लिया। दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता से राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की रामनवमी के साथ एक नया अध्याय जुड़ गया। दंगल प्रतियोगिता में भाग लेने आए पहलवानों ने बारी बारी से अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया दो दिनों के इस भव्य दंगल प्रतियोगिता में अयोध्या हनुमानगढ़ी से आए पहलवान नागेंद्र दास व नेपाल से चल कर आए पहलवान राजू थापा के बीच फाइनल दंगल प्रतियोगिता हुआ जिसमें रोमांचक जीत दर्ज करते हुए पहलवान नागेंद्र दास विजेता बने। दंगल प्रतियोगिता के बारे में संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा कि हमारे यहां सनातन धर्म में दंगल की परंपरा रही है जो कालांतर में धीरे धीरे लुप्त होता जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि रामनवमी आपसी प्रेम सौहार्द और हर्षोल्लास के साथ मनायें।

## शतचंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

# प्रतिदिन भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड अंतर्गत ग्राम कोनहराकला में आयोजित श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ संपन्न हो गया। नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ 9 से शुरू होकर 17 अप्रैल तक आयोजित किया गया। यज्ञ को यज्ञाचार्य गंगाधर शास्त्री वाराणसी एवं कथावाचिका बाल विदुषी प्रभु प्रिया नारायणी उज्जैन के प्रवचन को सुनने प्रतिदिन भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। प्रभु प्रिया नारायणी अपने प्रवचन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। वहीं दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय रासलीला मथुरा-वृंदावन के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम ने लोगों को काफी आकर्षित किया। यज्ञ समिति के द्वारा प्रतिदिन प्रसाद वितरण कार्यक्रम चलाया गया। वहीं यज्ञ को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष ईश्वर यादव, मुकेश यादव, पंकज सोनी, राम अवतार यादव, मुकेश सोनी, मुंशी पासवान, जीवन यादव, महावीर यादव, रामजी पासवान, मनी यादव, छोटी दास, राजकुमार यादव, अरविंद यादव, अरुण सोनी, श्यामलाल सिंह, नरेश यादव, धानेश्वर यादव, विकास यादव, धानेश्वर पासवान, सचिन प्रजापति, सोनू साव, आशीष यादव, कैलाश पासवान, दिनेश्वर ठाकुर समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## हजारीबाग में धूमधाम से निकला रामनवमी का दशमी जुलूस

# खूब गूंजा जय श्री राम का नारा

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** ऐतिहासिक और प्रख्यात रामनवमी के दशमी का आगाज गुरुवार को हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लासपूर्वक रामनवमी का दशमी जुलूस पूरे वैभव के साथ निकला। महाष्टमी और नवमी से ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल रामभक्ति में रंगे नजर आए। महाष्टमी को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मांडू विधानसभा क्षेत्र अंर्तगत विष्णुगढ़ और टाटीझरिया के रामनवमी शोभायात्रा में सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल शामिल हुए और भगवा ध्वजवाहक के रूप में जुलूस की अगुवाई किया। महानवमी को वे बरही विधानसभा क्षेत्र के पदमा, चौपारण और बरही के रामभक्तों संग लाठियों पर करतब दिखाते हुए उनका हौसलाआफजाई करते दिखे। तत्पश्चात रामनवमी के दशमी शोभायात्रा का आगाज होते ही हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण और नगर निगम क्षेत्र के रामभक्तों संग कदमताल करते हुए रामभक्ति में रंगे रहे। देर रात्रि तक राम भक्तों संग नाचते झूमते और पारंपरिक तरीके से लाठी और तलवार पर हैरतअंग्रेज करतब दिखाते रहें। इस दौरान उन्होंने रामभक्तों और श्रद्धालुओं के सेवार्थ रामनवमी रूट में संचालित विभिन्न स्टालों में जाकर उनका मनोबल बढ़ाया और सेवा कार्यों की प्रसंशा की। मौके पर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा की इस साल का रामनवमी खास है जब हमारे अराध्य प्रभु श्रीराम अपने जन्मभूमि पर टेंट से निकलकर सदियों बाद अपने मंदिर महल रूपी दरबार में बिराजे हैं और उनका दिव्य सूर्याभिषेक हुआ है ऐसे में रामभक्तों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा की मायार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हमें धर्म का अनुसरण करते हुए जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### विदेशी व्यंजनों के रेस्टोरेंट का हुआ उद्घाटन

**हजारीबाग।** शहर के पंचमुखी हनुमान मंदिर, न्यू एरिया, ओकनी के सामने वाइब्स एंड बाइट्स रेस्टोरेंट का उद्घाटन गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह द्वारा किया गया। रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर ने इस बाबत कहा कि हजारीबाग जिले में अपने आप में यह एक अनोखा रेस्टोरेंट है। इस रेस्टोरेंट में चाइनीज, इटालियन एवं कॉन्टिनेंटल फूड कोलकाता के कुशल कारीगरों द्वारा तैयार स्वादिष्ट व्यंजन परोसा जाएगा जिसका आनंद व्यंजन प्रेमी ले सकेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में सौरभ राज, वीरेंद्र कुमार वर्मा, विजय वर्मा, ऋषि शर्मा, महेंद्र वर्मा ,विजय सिंह समेत अनेको व्यक्ति उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

### विधायक ने पूर्व विधायक से उनके आवास पर की शिष्टाचार मुलाकात

**बरकट्ठा।** कोडरमा लोक सभा से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सह बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव से शिष्टाचार मुलाकात किया। विनोद सिंह ने बरकट्ठा स्थित पूर्व विधायक के आवास पर गुरूवार को मिलकर विचार-विमर्श किया। जानकारी हो की बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव ने दो दिन पूर्व अपने समर्थको के साथ भाजपा से सामुहिक रूप से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद गठबंधन के उम्मीदवार विनोद सिंह की पूर्व विधायक से मुलाकात लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। हांलाकि पूर्व विधायक जानकी यादव ने राजनीतिक चर्चा का खंडन करते हुए बताया की क्षेत्र भ्रमण के दौरान विधायक विनोद सिंह उनसे एकाएक मिलने पहुंचे थे। मौके पर भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य भुनेश्वर केवट, जिला सचिव पच्चू राणा, अंचल सचिव शेर मोहम्मद, इसराइल अंसारी, अजीत कुमार यादव, चिंतामण पासवान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### वाहनों की लगी कतार, यात्री पानी के लिए तरसते रहे

**बरही।** शोभायात्रा के अंतिम दिन सड़को पर घंटो जाम लगा रहा. हजारीबाग रोड, गया रोड, पटना रोड और धनबाद रोड में पांच से छः किमी तक वाहनों की लंबी कतार लग गई. जिसमे एम्बुलेंस सहित लगन की गाड़ियां भी फंसी रही. यात्रीगण धूप में पानी के लिए इधर उधर दौड़ते नजर आए. बड़कागांव से गया जा रही एक बारात गाड़ी करसो में घंटो फंसे रहने के कारण बस में सवार महिला यात्री परेशान दिखे. जाम का मुख्य कारण प्रोसेसन की गाड़ियां रही. जो सुबह में जुलूस समाप्ति के बाद सड़को पर जैसे तैसे खड़े कर दिए गए थे. जाम हटाने के लिए स्थानीय प्रशासन जूझता दिखा. जाम के कारण गाड़ियों का आना जाना प्रभावित रहा. समाजिक कार्यकताओं व स्थानीय प्रशासन के अथक प्रयास के बाद देर दोपहर तीन बजे के बाद जाम हटा और धीरे धीरे वाहनों का आना जाना प्रारंभ हुआ.

# लोकसभा चुनाव में मुसलमान को टिकट नहीं देना अनुचित : साजिद

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** लोकसभा चुनाव में कॉंग्रेस पार्टी द्वारा एक भी मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट नहीं देने पर हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा है कि झारखंड राज्य में अल्पसंख्यक 18% आबादी में होने के बावजूद एक भी सीट पर किसी अल्पसंख्यक या मुसलमान को पार्टी द्वारा प्रत्याशी नहीं बनाया जाना आत्मघाती निर्णय साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि देश के भावी प्रधानमंत्री राहुल गांधी कहते हैं जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी तो फिर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सर्वोच्च एवं सर्वमान्य नेता राहुल गांधी द्वारा कही गई बातों को नजर अंदाज करना अन्योचित है। कांग्रेस के पार्टी हित में नहीं मालूम पड़ता है। इस मामले को लेकर पूरे राज्य में विरोधाभास के स्वर उठ रहे हैं। जबकि झारखण्ड राज्य में कई ऐसे कद्दावर नेता जैसे आलमगीर आलम, फुरकान अंसारी, इरफान अंसारी, शहजादा अनवर, हाजी मंजूर अंसारी एवं अनवर अंसारी समेत कांग्रेस पार्टी के दर्जनों नेता हैं जो अल्पसंख्यक होने के बावजूद बहुसंख्यक में भी काफी लोकप्रिय हैं। अपनी-अपनी पहचान में ख्याति प्राप्त है और पूरे राज्य में ये अपनी कार्यशैली की बदौलत काफी लोकप्रिय हैं। मुस्लिम कार्यकर्ता के मान- सम्मान को ध्यान में रखते हुए पार्टी नेतृत्व को पूर्ण विचार करते हुए गोड्डा एवं किसी अन्य लोकसभा सीट से उम्मीदवार बदलते हुए कांग्रेस पार्टी के हित में किसी मुसलमान को लोकसभा उम्मीदवार बनाने पर विचार करना चाहिए।

## एक नजर

### सतगावां की दो अंग्रेजी शराब दुकानों को किया गया सील

**सतगावां ।** थाना क्षेत्र में अंग्रेजी शराब दुकान को सील कर दिया गया। इस संबंध में बताया जाता हैं कि झारखंड राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र बिहार राज्य के नवादा जिले में 19 अप्रैल को मतदान हैं। मतदान को शांति व्यवस्था कायम करने के लिए चुनाव आयोग के दिशा निर्देश को देखते हुए प्रशासन के द्वारा अंग्रेजी शराब के दो दुकानों को 19 अप्रैल तक के लिए सील कर दी गई, ताकि सीमावर्ती क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो सके।

### कोयलांचल में रामभक्तों ने श्री रामनवमी में किया हनुमत ध्वजा रोहण

**कुजू।** श्री रामनवमी को लेकर श्रीराम भक्तों ने कोयलांचल कुजू के विभिन्न हनुमान मंदिर में हनुमत ध्वजा का पूरे विधि विधान से पूजन के बाद रोहण किया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के मंदिरों में रामभक्तों ने पूरे श्रद्धा भाव के साथ पूजन किया। साथ ही हवन आदि अनुष्ठान में कड़कड़ाती धूप व गर्मी के बावजूद शामिल होकर अपनी भक्ति भावना का परिचय दिया। इस दौरान मंदिर परिसर को भव्य तरीके से सजाया गया। इस अवसर पर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर तोपा में पंडित शशि भूषण त्रिवेदी, वीर बजरंगबली मंदिर में शंकर दयाल शर्मा व न्यू माइन्स हनुमान मंदिर में विकास पांडेय ने पूजन हवन संपन्न कराया। बाद में लोगों ने अपने अपने घरों से पताका लाकर पूजन के बाद स्थापित किया। इस दौरान भक्ति भावना से जुड़े गीत संगीत व भजन के साथ ही जयश्रीराम, जय हनुमान, राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की के उदघोष से वातावरण राममय हो गया। मौके पर तोपा पीओ मनीष कुमार व खान प्रबंधक एमके सिंह ने सपत्नीक पूजन कर मंदिर में हनुमत ध्वजा स्थापित किया। साथ ही लोगों के साथ मिलकर प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से आए रामभक्तों का गुड़ चना बादाम व मूंग देने के बाद शरबत की व्यवस्था प्रदान की गई।

### गोला में 60 हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात

**गोला।** गोला वन क्षेत्र के अलग अलग गांवों में पिछले एक महीने से हाथियों का उत्पात जारी है। महुआ की सोंधी महक व भुखे प्यासे हाथियों का झुंड शाम ढलते ही जंगलों से निकल कर रिहायशी क्षेत्र का रुख कर रहे हैं। झुंड में शामिल हाथियों ने बीती रात रकुवा व सुतरी पंचायत के विभिन्न गांवों में जमकर तबाही मचाई। हाथियों ने एक घर पर हमला कर उसकी दीवार को भारी नुकसान पहुंचाया। घर में सो रहे लोगों ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद से ग्रामीण काफी डरे सहमे हुए हैं, लोगों में दहशत का माहौल है। वहीं हाथियों के उत्पाद से उक्त गांवों में फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि रात हाथियों का एक झुंड हेसापोड़ा जंगल की और से रकुवा गांव आ धमका और लगभग ढाई घंटा तक जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने गांव के जयराम महतो, जहलु महतो, समेत अन्य कई किसानों के खेतों में लगे प्याज व अन्य हरि सब्जियों के फसल को रौंद डाला।

खड़िया समाज का खूंटी लोकसभा में प्रत्याशी दिए जाने पर दो भागों में बंटा समाज

# दूसरे गुट ने कांग्रेस पार्टी को समर्थन देने का लिया निर्णय

**उम्मीदवार देने को लेकर हुई बैठक के दिन भी विरोध हुआ लेकिन बात नहीं बनी और उम्मीदवार दे दिया गया**

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रही है उसी प्रकार चुनावी सरगामी सिमडेगा जिले में बढ़ती जा रही है। चुनाव को लेकर चौक चौराहा गली मोहल्ले सभी जगह पर चर्चाओं का दौर जारी है। इधर अखिल भारतीय खड़िया महाडोकलो के अध्यक्ष पी कुलकान्त केरकेट्टा के द्वारा आह्लाद केरकेट्टा नामक व्यक्ति को समाज की ओर से खूंटी लोकसभा चुनाव प्रत्याशी की घोषणा की है जिसको लेकर खड़िया समाज दो भागों में बंटा हुआ नजर आ रहा है। जहां एक ओर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में आह्लाद केरकेट्टा का नाम जारी किया है तो वहीं दूसरी ओर दूसरे गुट के द्वारा कांग्रेस पार्टी को समर्थन देने की बात कही। गुरुवार को प्रेस वार्ता का आयोजन करते हुए पूर्व मंत्री थियोडोर कीड़ो, नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष सह प्रदेश कांग्रेस महासचिव पुष्पा कुल्लु, कांग्रेस प्रदेश सचिव नॉमिता बा, शांति बाला केरकेट्टा, फ्रांसिस बिलुंग,सुनील खड़िया, रैमन बा ,ग्लोरिया सोरेंग सहित अन्य के द्वारा प्रत्याशी देने को लेकर अपने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि फटी लोकसभा अंतर्गत 6 विधानसभा आती है जहां पर खड़िया समाज सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में ही है, बाकी अन्य जगहों पर शून्य है। ऐसे में समाज की ओर से उम्मीदवार देना चौंकाने वाला है, उन्होंने कहा कि उम्मीदवार देने को लेकर हुई बैठक के दिन भी विरोध किया गया लेकिन भी नहीं माना और उम्मीदवार दे दिया गया। उन्होंने कहा कि समाज के द्वारा उम्मीदवार देने से वोट का बिखराव होगा। मौके पर दूसरे अच्छा के लोगों ने सामूहिक रूप से कहा कि कादिया समाज 1951 से लेकर अब तक कांग्रेस पार्टी का सहयोग किया है और आगे भी कांग्रेस पार्टी को ही सहयोग करेगी।

# तीन दशक पुराना बानो बस स्टैंड शेड जर्जर, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। बानो** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है।जिससे लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।बताया गया कि बानो बस स्टैंड के बने लगभग तीन दशक हो गए हैं। बस स्टैंड का छत में लगा एस्बेस्टस कई जगह टूट गया है,बरसात के दिनों यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मालूम हो कि अब मनोहरपुर - कोलेबिरा पथ एनएच बन चुका है। यात्रियों का आना जाना दिन भर लगा रहता है। छोटी सी यात्री पड़ाव में कोई सुविधा नही है।इस जगह से बानो होकर मनोहरपुर,गुमला ,रांची ,सिमडेगा, डाल्टेनगंज आदि जगहों की बसें चलती हैं। ट्रेन से आये पैसेंजरों को बस के इंतिजार में इसी बस स्टैंड पर रुकना पड़ता है।कई यात्री अगल बगल के दुकानों में बैठ कर बस का इंतजार करते हैं।स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार बस स्टैंड का पुनः निर्माण, मरम्मती तथा बस स्टैंड के समीप लाइट लगाने की मांग की है परन्तु किसी ने पहल नही की । कॉलेज के छात्र छात्राओं को भी बस के इंतजार के लिये अगल बगल बैठकर बस का इंतजार करना पड़ता है।एक बार बानो वासियों का नेताओं से मांग की जा रही हैं कि बानो बस स्टैंड की मरम्मती किया जाय ताकि ,धूप व बरसात में बस स्टैंड में आश्रय ले सके।

### मारवाड़ी महिला समिति की ओर से कृत्रिम अंगों का वितरण किया गया

**रामगढ़।** सेवाभावी संस्था मारवाड़ी महिला रामगढ़ शाखा की ओर से गुरुवार को होटल अरिहंत पैलेस रांची रोड मरार में कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के द्वितीय एवं अंतिम चरण का आयोजन किया गया। पूर्व में 11 मार्च को समिति की ओर से पटना के भारत विकलांग न्यास के चिकित्सकों को बुलाकर विकलांगों के विकलांग अंगों की नापी की गई थी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए बुधवार को समिति की ओर से होटल अरिहंत में प्रेस वार्ता की गई। मौके पर समिति की अध्यक्ष निशा जैन ने बताया कि शिविर में चयनित विकलांगों को कृत्रिम अंग के साथ-साथ सुनने में अक्षम मरीजों को निःशुल्क कान की मशीन उपलब्ध कराई गयी। साथ ही, जरूरतमंदों को बैसाखी एवं छड़ी भी प्रदान की गयी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त अवसर पर एक निर्धन कन्या के विवाह हेतु समिति की तरफ से नगद राशि तथा विवाह उपयोगी सामग्री प्रदान की गई है।

अग्निशमन सप्ताह के तहत लोगों को किया गया जागरूक

# कल्याण कोष के लिये किया गया दान संग्रह

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा अग्निशमन विभाग द्वारा 14 अप्रैल से 20 तक चल रहे अग्निशमन सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्था एवं सरकारी कार्यालय में आग से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी देते हुए जिला अग्निशमक पदाधिकारी भगवान ओझा ने बताया कि अग्निशमन सेवा सप्ताह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक सिमडेगा जिले में मनाया जा रहा है इसके तहत विभिन्न शैक्षणिक संस्थान एवं सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के बीच आग से बचाव से संबंधित विशेष रूप से प्रचार प्रसार करते हुए जागरूक करने का काम किया जाएगा ताकि आग से बचाव के लिए लोगों के बीच जानकारी प्राप्त हो सके साथ ही उन्होंने कहा कि कई जगहों पर डेमो भी दिखाई जा रही जिससे कि वहां पर कार्य कर रहे लोगों को इसका पूरा ज्ञान हो सके उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा होता है कि अज्ञानता के कारण आग लगने पर लोग उसे ध्यान नहीं देते हैं और बाद में लाखों रुपए का नुकसान होता है ऐसे में अग्निशमन विभाग द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम करेगी ताकि छोटी-छोटी आग को स्वयं काबू पा सके। उन्होंने बताया कि पिछले दिन सदर अस्पताल सिमडेगा में भी लोगों को जागरूक करने का काम किया था ताकि लोगों को इसकी जानकारी हो। वह इसके अलावा गुरुवार को सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह एसपी सौरभ के कार्यालय में पहुंचकर कल्याण कोष के लिए उदारता पूर्वक दान संग्रह किया गया।

### लकी ज्वेलर्स में लगी आग लाखों का हुआ नुकसान

**पतरातू।** पीटीपीएस न्यू मार्केट स्थित लकी ज्वेलर्स में बुधवार को दोपहर में आग लग गई। जिससे न्यू मार्केट क्षेत्र में भारी अफरा तफरी मच गई। जानकारी होते ही मार्केट क्षेत्र के व्यवसाई और दुकानदार घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। इसी बीच समाजसेवी बापी मुखर्जी और मुखिया किशोर कुमार महतो ने इस घटना की सूचना पीवीयूएनएल के दमकल विभाग को दी। इसके तुरंत बाद दमकल की टीम दमकल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। किंतु तब तक ज्वेलरी दुकान का एसी और कीमती फर्नीचर जल चुके थे। दूसरी और आगलगी के बावत लकी ज्वेलर्स के संचालक गौतम कुमार और सौरभ कुमार ने बताया कि यह आग लगी शॉर्ट सर्किट के कारण हुआ है। इससे लाखों रुपए का सामान की क्षति हुई है। किंतु तिजोरी में ज्वेलरी रखे जाने के कारण ज्वेलरी का कोई नुकसान नहीं हुआ। इधर आग पर काबू पाने में दमकल कर्मियों के अलावा बापी मुखर्जी, किशोर कुमार महतो, नंदकुमार महतो, छोटन कुमार, राहुल रंजन, जितेंद्र कुमार पांडेय, रवींद्र कुमार आदि ने भी भरपूर योगदान दिया।

लगने के एक सप्ताह बाद ही खराब हो गयी लाखों की जलमीनार

# 25 घरों की एक सौ आबादी पर गहराया जल संकट

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** प्रखंड के टीनगिना गांव में जल जीवन मिशन के तहत बनाया गया पांच हजार लीटर क्षमता का जल मीनार पिछले कई दिनों से खराब है। नतीजा इस जलापूर्ति योजना से जुड़े लगभग 25 घरों के एक सौ की आबादी पानी के लिए तरस रही है। पानी के जुगाड़ में ग्रामीणों का अधिकतर समय बीत रहा है। इन घरों के लोगों को पीने का पानी लाने के लिए लगभग दो किलोमीटर का सफर तय करना पड़ रहा है। सबेरे होते ही गांव के लोग पानी संग्रह करने की कवायद में जुट जाते है फिर शाम को भी यही नजारा होता है। ज्ञात हो कि संवेदक एस के एंड विजया इन्फ्रा द्वारा पांच हजार लीटर की क्षमता वाली अधिष्ठापित इस जलमीनार से गांव के करीब 25 घरों में कनेक्शन है। विडंबना यह है कि लगने के एक सप्ताह के बाद भी लाखों रुपए का जलमीनार खराब हो गया, ग्रामीण अजीत किड़ो, प्रमोद किड़ो, संदीप किड़ो, मरियम किड़ो, बिनोद किड़ो, विनय किड़ो, प्रकाश किड़ो, दीपक डुंगडुंग,अजय डुंगडुंग, अलबिनुस डुंगडुंग, अंजलुस डुंगडुंग, कनिल राम, तेलेश कुल्लू, केलेरेंस किड़ो, प्रभा बा, बानू डुंगडुंग, मीना देवी, बिशुन नाग, सीतापति देवी, पार्वती कुमारी का कहना है की नया बोरिंग के बाद भी जलमीनार में पानी नहीं चढ़ रहा है जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है।

# झामुमो के पूर्व विधायक हुए बागी लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** लोकसभा चुनाव को लेकर सिमडेगा में रणभूमि सज चुकी है तो वहीं दूसरी ओर लगातार एक से बड़े चौंकाने वाले मामले सामने आ रहे हैं महागठबंधन की और से खूंटी लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कालीचरण मुंडा को चुनाव में उतारा है तो वहीं दूसरी ओर भाजपा ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को एक बार फिर से चुनाव लड़ने का अपना प्रत्याशी बनाया है वही महागठबंधन की ओर से संयुक्त रूप से चुनाव लड़ने के बाद की जा रही है तो इस बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा से विधायक रहे बसंत कुमार लोंगा ने बगावत करते हुए खूंटी लोकसभा संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का घोषणा कर दिया है, साथ ही उन्होंने कहा है कि 24 अप्रैल को वह खूंटी में लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दर्ज करेंगे। वही इस मौके पर उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि वह झारखंड मुक्ति मोर्चा के सच्चे सिपाही हैं और झारखंड मुक्ति मोर्चा में रहते हुए ही लोकसभा चुनाव लड़ेंगे ,साथ उन्होंने कालीचरण मुंडा को दिल्ली के द्वारा थोपे गए उम्मीदवार बताया और उन्होंने कहा कि दिल्ली से थोपे उम्मीदवार इस क्षेत्र का भला नहीं कर सकता है। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी कार्यकताओं को खूंटी लोकसभा संसदीय क्षेत्र में चुनाव में समर्थन करने के लिए अपील की।

# सी विजिल एप का उपयोग कर दर्ज करा सकते हैं शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** लोकसभा चुनाव में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में मतदाताओं से सजग भूमिका निभाने की अपील की गई है। मतदाता चुनाव में प्रलोभन देने के हथकंडों पर रोक लगाने के लिए चुनाव आयोग ने सी विजिल मोबाइल एप मतदाताओं के लिए बनाया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि सी विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। मोबाइल के प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी विजिल एप डाउनलोड कर लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है।आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन होने पर सी-विजिल एप में अपने मोबाइल नंबर से लॉग इन कर आम नागरिक अपने शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकते हैं।सी-विजिल एप पर शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नंबर देने की कोई बाध्यता नहीं है। 100 मिनट में होगा शिकायत का निष्पादन शिकायत को निष्पादित करने की समयावधि 100 मिनट है। आम नागरिक द्वारा शिकायत दर्ज होने पर डीसीसी द्वारा संबंधित उड़नदस्ता टीम को भेजा जाता है।शिकायत की प्राथमिक तौर पर पुष्टि के बाद रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर भेजा जाता है तथा रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है। आम तौर पर सी विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट और कूपन वितरण, शराब वितरण, पैसा बांटने के लिए कूपन का वितरण, महिलाओं को साड़ी बांटने सहित अन्य प्रकार से प्रलोभन देने की शिकायत की जा सकती है।

सिमडेगा उपायुक्त व एसपी ने बानो प्रखंड के विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

# बूथ स्थल पर सुविधा सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

**◆बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर को पोलिंग दिवस पर वोटिंग कम्पार्टमेंट को चूने से चिन्हित करने का निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सौरभ ने बानो प्रखंड के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया जिसमें बूथ स्थल पर न्यूनतम सुनिश्चित सुविधा के मापदंडों, पेयजल, बिजली, शौचालय, रैंप, बेंच, डेस्क, शेड, पहच पथ, कलस्टरों से दूरी सहित आवश्यक अन्य सुविधाओं का अवलोकन कर इसपर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दी गई। जिन बूथों का निरीक्षण किया गया उनमें रा प्रा वि चोरबान्दू, आर सी प्रा वि हेलगड़ा, पंचायत सचिवालय बेरड़गी, आरसीप्रावि ओलहान तथा जनता उच्च विद्यालय जीतूटोली का निरीक्षण किया गया।प्रखंड सभागार बानो में बी एल ओ एवं सुपरवईजर ,सेक्टर ऑफिसर व पुलिस पदाधिकारियों की बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आप सभी के सतर्कता से स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शातिपूर्ण मतदान करा सकते हैं। गुरुवार को 13 मई के चुनाव का अधिसूचना जारी हो चुकी है। बीएलओ को कहा गया किआपको नामांकन तिथि समाप्त होते ही मतदाता पर्ची उपलब्ध कराई जाएगी। उसे समय पर बांटना बी एल ओ की जवाबदेही है।सबसे पहले एएसडी वोटरों को चिन्हित करना है। वोटर पर्ची संबंधित मतदाता को ही देना है। मतदाता से मुलाकात नहीं होने पर घर के सदस्य को देना है अन्य को नहीं। बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर को निर्देश दिया गया कि पोलिंग दिवस को वोटिंग कम्पार्टमेंट, पंक्तियों को चुना से चिन्हित कर देना है। तीन पंक्ति होंगी। महिला,पुरुष एवं दिव्यांग व वृद्ध की पंक्ति रहेगी। पानी पिलाने वाले कि व्यवस्था के साथ वोलेंटियर की मदद से मतदान समाप्ति तक सहयोग करना है। बूथ जागरूकता समूह के साथ बैठक कर मतदाताओं को जागरूक करने के साथ शिक्षित भी करनी है जिसमें मतदान तिथि 13 मई 2024, मतदान का दिन,मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक,मतदान केंद्र,वोटर कार्ड के अतिरिक्त 12 तरह के पहचान पत्र से मतदान करने की छूट,की बातों से एडुकेट करना है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सेक्टर ऑफिसर, पुलिस ऑफिसर थाना प्रभारी से पहचान एवं समन्वय बना लें।एक दूसरे को पहचानें। कोई भी व्यक्ति किसी भी व्यक्ति को मतदान करने में अवरुद्ध उत्पन्न न करें। किसी को डराने,धमकाने मतदान से रोकने जैसी सूचनायें 100 डायल कर भी दे सकते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### झुंड से बिछड़े हुए हाथी ने घर को किया ध्वस्त, घर का अनाज भी किया बर्बाद

**ठेठइटांगर।** प्रखंड अंतर्गत दुमकी पंचायत के बिजाडीह टोंगरी टोली निवासी अमरमनी केरकेट्टा नामक महिला किसान के घर को एक बार फिर झुंड से बिछड़ा हुआ हाथी के द्वारा तोड़ा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जंगली हांथी ने बीती रात के करीब 11:00 बजे हमला किया। हाथी के द्वारा दीवार को तोड़ते हुए घर में रखा अनाज को खाया साथ ही घर का दीवार गिरने से बक्सा, बर्तन, कुर्सी, टेबल,डेक्की इत्यादि को नुकसान पहुंचा है ग्रामीणों ने प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज को दिया इसके पश्चात प्रखंड प्रमुख तुरंत वहां पहुंचकर नुकसान का जायजा लेकर उचित मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया, साथ ही कहा की हाथी के आने पर उसे अनावश्यक न छेड़ें,घर में मिर्ची का पाउडर रखे, जब भी हाथी आए घर के चारों ओर मिर्ची के पाउडर को झिड़क दे अथवा आग के अंगोरे में डालकर धूंआ करें जिससे हाथी नजदीक नहीं आएगा, सावधान रहने की आवश्यकता है,और कहा वन विभाग से तालमेल कर हांथी को भगाया जाएगा।गांव वाले का कहना है कि विभाग इस अकेला झूंड से बिछड़ा हुआ हाथी पर उतना गंभीर नहीं है ,आए दिन इसके द्वारा कोई ना कोई गांव टोली में घर को तोड़ा जा रहा है जिससे काफी नुकसान हो रहा है गांव वालों का कहना है कि वन प्रशासन इस जंगली हाथी को जल्द से जल्द भागने की कोशिश करें। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सरिता लुगुन, अटल लुगुन, प्रिंस कुमार, आकाश ,जॉनसन कुल्लू, शाहबाज अली,अजय कुल्लू,नवीन केरकेट्टा आदि उपस्थित है।

### लचर नेटवर्क की वजह से राशन कार्ड ई पोश मशीन में लाभुकों को हो रही परेशानी

**जलडेगा।** प्रखंड में पीडीएस दुकानदारों के अलावे उपभोक्ताओं को रुला रही है। लचर नेटवर्क के कारण ग्रामीणों को अंगूठा लगाने के लिए हर माह कई दिनों तक पीडीएस दुकान का चक्कर लगाना पड़ रहा है। इसके बाद भी कई बार राशन का उठाव नहीं हो पा रहा है। बताया गया कि प्रखंड में कुल 47 पीडीएस दुकान है। जहां से ग्रामीणों के बीच राशन आदि का विरतरण किया जाता है। हालांकि राशन लेने से पूर्व ग्रामीणों को ई पोश मशीन में अपना अंगूठे का निशान लगाना पड़ता है। इसके लिए नेटवर्क का रहना बहुत जरुरी है। लेकिन प्रखंड में नेटवर्क की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। इसका खामियाजा पीडीएस दुकानदारों एवं ग्रामीणों को उठाना पड़ रहा है। प्रखंड का टांटी, लमडेगा, परबा जैसे कई गांव हैं, जहां नेटवर्क ही नहीं रहता है। ऐसे में पीडीएस दुकान पहुंचे ग्रामीणों को अंगूठे का निशान लगाने के लिए जंगल पहाड़ों में जाकर नेटवर्क खोजना पड़ता है। नेटवर्क खोजने के दौरान कुछ पॉईंट नेटवर्क आ जाति है तो ग्रामीणों की खुशी का ठिकाना नहीं रहता है। लेकिन ठीक ठाक नेटवर्क नहीं रहने के कारण अंगूठा का निशान अपलोड करने की प्रक्रिया बीच में ही अटक जाती है। इसके बाद ग्रामीणों की खुशी मायूसी में बदल जाती है। लेकिन ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने का समय न तो जनप्रतिनिधियों को मिल रहा है और न ही अधिकारी को। अब तो ग्रामीण भी समझ गए हैं कि हर माह तीन-चार दिन पीडीएस दुकान का चक्कर लगाना लगभग फिक्स है। टांटी के पीडीएस दुकानदार परशुराम प्रधान ने कहा कि गांव में नेटवर्क नहीं रहने के कारण भारी परेशानी होती है। ई पोश मशीन से अंगुठे का निशान अपलोड करने के लिए नेटवर्क खोजना पड़ता है। ग्रामीणों को बार बार बुलाने पर कई बार ग्रामीण नराज हो उलझ जाते हैं।

### जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा अभ्रकांचल

**झुमरी तिलैया।** रामनवमी को लेकर निकाली गई जुलूस व झांकी में जय श्री राम के जयकारों से पूरा अभ्रकांचल गूंज उठा। शहर में जगह-जगह लगाये गये भगवा पताका व महाबीरी झंडे से राममय पूरा शहर हो गया। झुमरी तिलैया शहर व आसपास के कई क्षेत्रों से महाबीरी झंडे के साथ गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाली गई। जुलूस के साथ विभिन्न देवी-देवताओं की निकाली गई आकर्षक झांकी को देखने के लिए लोगों की भीड़ सड़क पर उमड़ पडी। इस दौरान बच्चो, युवाओं व बुजूर्गों द्वारा लाठी, तलवार, बाना, गदा आदि का प्रदर्शन किया। बता दें कि झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र अन्तर्गत 16 अखाड़ा कमेटी के द्वारा रामनवमी जुलूस निकाला गया। इसमें बेलाटांड दुर्गा मंडप,चमत्कारीबाबा मंदिर विद्यापुरी, नवादाबस्ती, तिलैयाबस्ती आदि द्वारा जुलूस के साथ झांकी निकाली गई। सभी झांकी झुमरी तिलैया झंडा चौक पर जुटान हुई। यहां रामनवमी झंडा महासमिति के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न अखाड़ा कमेटियों द्वारा अपने कला-कौशल का प्रदर्शन किया गया। वहीं कई झांकियों का प्रदर्शनी भी किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### प्रखंडों में भी धूमधाम से निकली रामनवमी शोभायात्रा, झांकी ने किया लोगों को आकर्षित

**कोडरमा।** जिले के विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों में भी रामनवमी जुलूस व झांकी पूरे धूमधाम व भव्य तरीके से निकाली गयी। डोमचांच प्रखंड में इस दौरान अखाड़ा समितियों के द्वारा एक से बढ़कर एक झांकी का प्रदर्शन दिखाया गया। हजारों की संख्या में महिलाएं और रामभक्तों की टोली पूरे उत्साह के साथ झांकी में शामिल हुए। विभिन्न रंग रूपों में सुसज्जित रथ और अन्य वाहनों पर अलग अलग रूपों ने निकली झांकी देर रात्रि तक क्षेत्र में भ्रमण किया। सभी अखाड़ा समितियां के द्वारा निकाली गई झांकी पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए कालीमंडा,चौकी नंबर 11,महावीर पिंडा,श्री राम चौक होते हुए शहीद चौक पहुंची। इस दौरान सभी झांकी को जेरूवाड़ीह मोड़,महावीर पिंडा ओर शहीद चौक के पास समिति के द्वारा सभी अखाड़ा समिति के द्वारा निकाली गई। झांकी का प्रदर्शन देख उन्हें सम्मानित किया गया। डोमचांच के बेहराडीह, नवाडीह, मसनोड़ीह,जेरूवाडीह, महेशपुर, मंधोतीमहुआ, मधुबन, विघिनपींडा सहित विभिन्न अखाडा समितियों के द्वारा निकाली गई आकर्षक झांकी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही थी। झांकी जिस इलाके से गुजर रही थी,वह इलाका देवी-देवताओं के जयकारे से गुंजायमान हो रहा था। इस दौरान कई स्थानों पर सेवा शिविर लगाया गया। इन शिविरों में जुलूस में शामिल लोगों के लिए पानी, शरबत आदि की व्यवस्था की गई थी।

### जय श्री राम के नारे से गुंजायमान रहा कोडरमा, सड़कों पर उमड़ी रामभक्तों की भीड़

**कोडरमा।** भगवान राम की भक्ति, जय श्रीराम के नारे और शौर्य का प्रदर्शन, कुछ ऐसा ही विहंगम दृश्य को कोडरमा जिले की सड़को पर दिखा। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव का महापर्व रामनवमी की शान से पूरा जिला जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा। रामनवमी के भजनों से एक एक गली और चौक चौराहे गूंजमान्य रहा। डंके की आवाज राम भक्तो का जोश बढ़ा रहा था, तो दूसरी तरफ बड़े बड़े महावीरी ध्वज थामे भक्तों की भीड़ जय श्री राम के जयकारे के साथ शौर्य का प्रदर्शन कर रहे थे। पारंपरिक अस्त्र शस्त्र के प्रदर्शन के साथ लाठियो का अद्भुत खेल दिखाते युवा खिलाड़ियों के जुनून को हिंदू संगठन के कार्यकर्ता उत्साह बढ़ा रहे थे। लाठियो के साथ पारंपरिक अस्त्र शस्त्रों के साथ खिलाड़ी अपना शक्ति प्रदर्शन दिखाने सड़क पर निकले। हर एक राम भक्त भगवान राम की भक्ति में डूबा दिखा। कोडरमा, झुमरीतिलैया, सतगावां, मरकच्चो, चंदवारा, जयनगर और डोमचांच समेत अन्य जगहों पर शौर्य पराक्रम का प्रदर्शन भी हुआ।

## एक नजर

### स्मार्ट बाजार में सामान के टैग प्राइस से ज्यादा वसूलने पर हंगामा

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो एनएच 33 स्थित स्मार्ट बाजार के अउटलेट पर ग्राहकों ने उस वक्त हंगामा शुरू कर दिया जब बिलिंग के दौरान ग्राहकों से टैग प्राइस से अधिक वसूले जाने लगे. इस दौरान प्रबंधन ने भी ग्राहकों पर चोरी का आरोप लगाया जिससे ग्राहक और ज्यादा भड़क गए. मामला इतना बढ़ गया की पुलिस को हस्ताक्षेप करना पड़ा. दरअसल एक ग्राहक ने यहां आम की खरीद की जिसमें आलू का टैग लगा पाया गया. वहीँ एक अन्य ग्राहक द्वारा साबुन के पैकेट कि खरीदी कि गई थी जिसपर 102 रूपए का टैग लगा था लेकिन बिलिंग के वक्त उसका मूल्य 145 रुपय जोड़ दिया गया, जिसपर ग्राहक बिफर गए और वहां हंगामा शुरू हुआ, हालांकि स्मार्ट बाजार पहले अपनी गलती कों मानने से इनकार करते रहे और तकरीबन एक घंटे तक हंगामा यहाँ चला जिसके बाद पुलिस भी सुचना के आधार पर मौके पर पहुंची और सभी कों समझा बुझाकार मामले कों शांत करवाया।

# सूख गए कुएं और चापाकल, गड्ढा खोदकर प्यास बुझाने को मजबूर ग्रामीण

## एक माह से खेत में गड्ढा खोदकर पानी पी रहे हैं तिसरी के मनसाडीह : हड़हड़ा के लोग

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गर्मी के बढ़ते प्रकोप के साथ ही कई इलाकों में पेयजल की समस्या गहराने लगी है। कई कुएँ सुख चुके हैं तो कई चापाकलों ने भी पानी उगलना बंद कर दिया है। यही हाल गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड का भी है। प्रखंड के मनसाडीह पंचायत के हड़हड़ा गांव के लोग इन दिनों पेयजल की भीषण समस्या से जूझ रहे हैं। गांव में स्थित कुएँ पूरी तरह सुख चुके हैं वहीं चापाकल ने भी जल उगलना बंद कर दिया है। तकरीबन 200 की आबादी वाला यह गांव खेत में एक गड्ढा खोदकर अपनी प्यास बुझा रहा है। गाँवों में कई ऐसे स्थान होते हैं जहाँ जलस्तर काफी ऊपर ही होता है।

लिहाजा यहां के लोगों ने धान के खेत में 4 - 5 फिट का एक गड्ढा खोदा जिसमें थोड़ा बहुत पानी जमा हो जाता है। हालांकि पानी की गुणवात्ता देखने मात्र से ही पता चलता है लेकिन मजबूरी में इन्हे यही प्रदूषित पानी पीना पड़ता है। पानी लेने के लिए इस गड्ढे के पास सुबह और शाम ग्रामीणों की भारी भीड़ लगी रहती है। हालांकि यह शुद्ध पेयजल तो नहीं है लेकिन इस गांव के लोग इसी से अपनी प्यास बुझा रहे हैं। इससे इनलोगों के समक्ष बीमार होने का भी खतरा बना रहता है।

ग्रामीण कलावती देवी ने बताया कि उनके गांव में तीन कुएँ और एक चापाकल है लेकिन वे पूरी तरह सुख चूके हैं। कोई अन्य विकल्प नहीं होने के कारण मजबूरन खेत में गड्ढा खोदकर पानी पीना पड़ रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस पर कोई पहल नहीं की। उन्होंने कहा कि नल जल योजना के तहत जलमीनार खड़ा कर दिया गया है लेकिन पेयजलआपूर्ति बहाल नहीं की गई है। इतना ही नहीं गांव तक आने के लिए सड़क भी नहीं है, बरसात के दिनों में स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। नंदन कुमार ने बताया कि बीते एक माह से इस गाँव के लोग इसी गड्ढे का पानी पी रहे हैं। उनके गांव में सड़क की भी सुविधा नहीं है।

### दो माह पूर्व लगा है जलमीनार अभी तक एक घर में भी पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नल जल योजना के तहत लगभग दो माह पूर्व ही एक जलमीनार बनाया गया है लेकिन अभी तक एक भी घर में कनेक्शन नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि इतने बड़े क्षेत्रफल में केवल एक ही जलमीनार बनाया गया है, इससे प्रत्येक घर तक जलापूर्ति करना सम्भव नहीं है। वहीं उक्त जलमीनार में कई दिनों से पानी का रिसाव हो रहा है। रोजाना भारी मात्रा में पानी की बबार्दी हो रही है। वहीं इस संबंध में संवेदक आशुतोष यादव ने बताया कि उक्त जलमीनार का कुछ लोग निजी रूप से लाभ रहे थे। साथ ही जलमीनार में लगा चाभी भी टूट चूका था जिसके कारण पानी का रिसाव हो रहा था। उन्होंने कहा कि पानी का लीकेज बंद करवा दिया गया है, जल्द ही हर घर तक पानी पहुंचा दिया जायेगा।

# गिरिडीह में पहली बार किया गया महिला अखाड़ा का आयोजन

**महिलाओं ने रामनवमी के अवसर पर जमकर लगाए नारे**

रामनवमी के शुभ अवसर पर गिरिडीह में पहली बार महिला अखाड़ा का आयोजन किया गया। इस महिला अखाड़ा का नेतृत्व कर रही रास्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कुटुंब प्रबोधन की प्रान्त टोली सदस्य सह समाजसेवी श्रीमती पूनम बरनवाल ने बताया आज लड़कियाँ लड़को से कदम से कदम मिलाकर चले और बच्चियाँ आत्मनिर्भर और आत्मसुरक्षा खुद कर सके इसे ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम की सुरुआत की गई। बताते चलें कि समाजसेवी पूनम बरनवाल को काली बाड़ी चौक, मकतपुर चौक, धर्म संस्कृति रक्षा वाहिनी, रोटरी क्लब, बरनवाल सेवा समिति के द्वारा सम्मानित किया गया।

टावर चौक से इस अखाड़ा की शुरूआत हुई। यह अखाड़ा टावर चौक से काली बाड़ी होते हुए बड़ा चौक प्रस्थान होने के पूर्व कालीबाड़ी में गिरिडीह जिला तैलिक साहू सभा महिला प्रकोष्ठ के द्वारा महिला अध्यक्ष सुचिता देवी के नेतृत्व में महिला अखाड़ा में उपस्थित महिलाओं एवं बच्चीयों को तिलक और माला पहनाकर उनकों प्रोत्साहित कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की सभी पदाधिकारी मार्ग दर्शक मंडल की मीरा देवी, मधु देवी, आरती देवी, कोषाध्यक्ष माधुरी गुप्ता, सचिव पिंकी साह, उपाध्यक्ष प्रमिला देवी, युवा अध्यक्ष सोनी साहा, संगठन मंत्री डोली कुमारी, सैलैजा कुमारी,सदस्या किरण देवी आदि ने मुख्य रूप से भाग लिया ।

## एस डी ओ और एस डी पी ओ ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**आदित्यपुर।** रामनवमी जुलूस के मद्देनजर गुरुवार को सरायकेला एसडीओ सुनील कुमार प्रजापति और एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा ने आदित्यपुर के विभिन्न अखाड़ों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा- निर्देश दिए हैं. उन्होंने सभी अखाड़ा संचालकों को आचार संहिता का अनुपालन करते हुए शांति पूर्वक विसर्जन जुलूस निकालने और शोभायात्रा निकालने के निर्देश दिए हैं. उनके साथ प्रशिक्षु डीएसपी पूजा कुमारी के अलावा आदित्यपुर और आरआईटी के थाना प्रभारी भी मौजूद रहे।

## जगदीश चंद्र उच्च विद्यालय में मनाया गया बांग्ला नववर्ष

**घाटशिला।** जगदीश चंद्र उच्च विद्यालय में मनाया गया बांग्ला नववर्ष जगदीश चंद्र उच्च विद्यालय परिसर स्थित आशा ऑडिटोरियम में गुरुवार को बंगला वर्ष 1430 का विदाई और नववर्ष 1431 का वर्ष वरन कार्यक्रम आयोजित किया गया. अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ. प्रधानाध्यापिका रीता मंडल ने स्वागत भाषण देते हुए बंगाली समाज के लिए पोइला वैसाख के महत्व पर प्रकाश डाला।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत गांडेय प्रखंड के मतदान केंद्रों में चला मतदाता जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज गांडेय प्रखंड के बड़कीटाड़, बांधाबांद,लोहारी व अन्य मतदान केंद्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान इअऋका गठन कर इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया गया तथा इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सभी छात्राओं को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो।

यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

## कोर्ट परिसर का पार्क तोड़े जाने पर अधिवक्ताओं में आक्रोश

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर कोर्ट परिसर में उस वक्त हंगामा मच गया जब अधिवक्ताओं ने कोर्ट के आदेश पर परिसर में बने पार्क की चारदीवारी को तोड़ दिया. हालांकि बुधवार को कोर्ट में अवकाश के दौरान पार्क की चारदीवारी को तोड़ा गया पर गुरुवार को कोर्ट खुलने पर अधिवक्ताओं ने दीवार टूटी देखी और इसका विरोध करने लगे. अधिवक्ताओं ने कहा कि जिला बार भवन के पास विधायक फंड से दो माह पूर्व पार्क का उद्घाटन किया गया था. बुधवार को कोर्ट में अवकाश का फायदा उठाकर पार्क को तोड़ दिया गया है. पार्क को तोड़े जाने को लेकर अधिवक्ताओं में काफी रोष हैं।

## शाम ढलते ही गांव पहुंच रहा जंगली हाथी, फसलों को पहुंचा रहा नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। चांडिल**
चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है. जंगली हाथियों के झुंड द्वारा लोगों पर हमला कर जान से मारना या घायल करना, किसानों का फसल नष्ट करना व मकान क्षतिग्रस्त करना विगत कई वर्षों कसे क्षेत्र की प्रमुख समस्या बन गया है. इस समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र के ग्रामीण संबंधित विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाते हुए थक चुके हैं. वन विभाग भी जंगली हाथियों को आबादी वाले क्षेत्र से जंगल में वापस ले जाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है. लेकिन हाथियों का झुंड भोजन, पानी की तलाश में वापस गांव की ओर अपना रूख कर रहे हैं. जंगली हाथियोकं के आबादी वाले क्षेत्र में पहुंचने पर ग्रामीण दहशत के साये में रहने पर मजबूर रहते हैं।

## युवक का शव मिला नदी में

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गांडेय थाना क्षेत्र के बरमसिया वन पंचायत के कुंडलोहारी और रसिका बादार गांव के स्थित जयति नदी में बुधवार को शाम एक युवक का शव मिला है । मृतक युवक की पहचान गांडेय थाना क्षेत्र के रसिका बादार गांव निवासी 35 वर्षीय नरेश भोक्ता के रुप में की गई है । घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष यदुनंदन पाठक घटना स्थल पर पहुंचे ।

## निमार्णाधीन कच्ची दीवार गिरने से दो बच्चे दबे, मौत

**चाईबासा।** निमार्णाधीन कच्ची दीवार गिरने से दो बच्चे दबे, मौत कुमारडुंगी थाना क्षेत्र में बुधवार की रात निमार्णाधीन कच्ची दीवार गिरने से उसके मलबे में दबने से 2 बच्चों की मौत हो गई है. वहीं दो अन्य बच्चे और एक बुजुर्ग को गंभीर चोटें आई हैं. बताया जा रहा है कि कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के एक गांव में लगभग आधा दर्जन बच्चे एक साथ भोजन करने के बाद खेलते-खेलते देवानंद पान के घर के आंगन में सो गये. रात के करीब नौ बजे वहीं पर निमार्णाधीन दीवार अचानक से बच्चों के ऊपर जा गिरी. इससे नीचे सो रहे बच्चे दब गये. आनन-फानन में देवानंद पान ने 4 बच्चों को खींचकर मलवे से बाहर निकाला।

## न्यूज बॉक्स

### पूर्व विधायक मुकुंद राम तांती को दी गई श्रद्धांजलि

**आदित्यपुर।** बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और पान गुरु स्वर्गीय मुकुन्द राम तांती को 19वीं पुण्यतिथि मनाई गई. वे आजाद भारत के बहरागोड़ा से प्रथम विधायक बने थे. उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई. कार्यक्रम का अयोजन तृणमूल कांग्रेस के युवा जिलाध्यक्ष बाबू तांती ने किया. उन्होंने समर्थकों के साथ महापुरूष की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन और पुष्प अर्पित किए. मौके पर उपस्थित तमाम बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने भी पुष्प अर्पित किये. बाबू तांती ने बताया कि यह प्रतिमा वर्ष 2022 में स्थापित की गई थी. इसे भाजपा के एसटी मोर्चा राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य रमेश हांसदा ने स्थापित किया था.बाबू तांती ने कहा कि पान गुरु स्वर्गीय मुकुन्द राम तांती आजाद भारत के बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के प्रथम विधायक रह चुके हैं. साथ ही वे झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी औ? सिंहभूम के टिस्को जोड़ा माइंस मजदूर यूनियन के अध्यक्ष भी थे. वे अपने जीवन काल में सामाजिक समानता एवं सामाजिक न्याय के लिए हमेशा संघर्ष करते और लड़ते रहे. कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरुण पात्रो, रंजीत दास, सूरज तांती, चंद्रशेखर दास, अंकित मिश्रा, उत्तम पात्रो, शंभू मुंडा, जय देव घुनियां, रामु मुंडा आदि मौजूद थे।

### उलगुलान महारैली में भाग लेगा जय झारखंड मजदूर समाज

**बोकारो।** उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं को संवैधानिक संस्थाओं का भय दिखाकर भाजपा के पाले में किया जा रहा है. पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को ईडी के सहारे एक साजिश के तहत गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया. भाजपा के इस कृत्य से झारखंड की आम जनमानस में आक्रोश है. रांची मे होनेवाली अन्याय उलगुलान महारैली में पूरे प्रदेश से लाखों जनता पहुंचकर भाजपा और केंद्र सरकार को आईना दिखाने का काम करेगी. बैठक में शंकर कुमार, एनके सिंह, आरबी चौधरी, यूसी कुम्भकार, आशिक अंसारी, बादल कोइरी, रौशन कुमार, आरके मिश्रा, अभिमन्यु मांझी, बीएन तिवारी, सुभाष चंद्र महतो, सुरेश प्रसाद, जीतेन्द्र कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार, एसएस झा आदी मौजूद थे. रांची के प्रभात तारा मैदान में 21 अप्रैल को होने वाली महागठबंधन की उलगुलान महारैली में जय झारखंड मजदूर समाज भागीदारी निभाएगा. सेक्टर 9 स्थित संगठन कार्यालय में गुरुवार को महामंत्री सह झामुमो नेता बीके चौधरी की अध्यक्षता में कार्यकारिणी व सक्रिय सदस्यों की बैठक हुई. चौधरी ने संगठन से जुड़े बीएसएल कर्मियों व ठेका मजदूरों से अधिक से अधिक संख्या में रांची पहुंचकर महारैली को सफल बनाने की अपील की. उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में संवैधानिक संस्थाओं का हथियार के रूप उपयोग कर लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया है. यह जनमानस के लिए खतरनाक है।

### सिटी मैनेजर ने चिरकुंडा के मतदाताओं को समझाया वोट का महत्व

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद की ओर से लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. इसी के तहत गुरुवार को वार्ड 13 में आमसभा का आयोजन किया गया. नगर परिषद के सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने महिला, पुरुष व युवा मतदाताओं को एक-एमक वोट का महत्व समझाया. उन्होंने लोगों से निर्भीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील करते हुए शपथ दिलाई. मौके पर निवर्तमान पार्षद इरफान अहमद खान, सुपरवाइजर अमर दास, ओंकारनाथ श्रीवास्तव, चिन्मय बनर्जी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# गिरिडीह में रामनवमी पर दिखी भव्यता, अखाड़ा समिति के मंच पर पहुंचे एनडीए प्रत्याशी

## गिरिडीह पहुंचे इंडी एलायंस के उम्मीदवार का लोगों ने किया जोरदार स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह जिले में हर्षोल्लास के साथ रामनवमी के पर्व मनाया गया। हर ओर माहौल भक्तिमय नजर आया। शहर से लेकर ग्रामीण इलाके में महावीरी झंडे नजर आ रहे थे। सभी मंदिरों में विधि विधान से पूजा होती रही। वहीं दोपहर के बाद जगह जगह विभन्न चौक चौराहे पर अखाड़ा का आयोजन किया गया. गिरीडीह शहरी क्षेत्र के बड़ा चौक ,टावर चौक ,पचम्बा में अखाड़ा का भव्य आयोजन किया गया। शहर के बड़ा चौक पर दशकों से सभी अखाड़ा का समागम होता है। यहां 50 से अधिक लाइसेंसी अखाड़ा कमेटी अपने खेल का प्रदर्शन करती हैं और एक से बढ़कर एक खेल दिखती हैं परंपरागत हथियारों के साथ विभिन्न अखाड़ा कमेटियों ने हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन किया। इस दौरान विभिन्न संगठनों के द्वारा इंस्टॉल लगाकर बेहतर खेल प्रदर्शन दिखाने वाले अखाड़ा समितियां को सम्मानित किया गया। वही भक्तों के बीच पानी व शरबत का वितरण भी किया गया। इस दौरान एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी , गुड्डु यादव समेत कई लोग शहर के विभिन्न अखाड़ा समितियां के मंच पर पहुंचे।

### बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

पूरे देश में रामनवमी पर्व की धूम मची हुई है चारों ओर जय श्री राम के नारे लगा रहे हैं आस-पड़ोस के माहौल भक्तिमय हो गया है. इसी कड़ी में बुधवार को बेंगाबाद के मुख्य बाजार में दर्जनाधिक अखाड़ा कमेटी का महाजुटान हुआ जहां पर श्रीराम नवमी पूजा समिति के द्वारा यहां पर आए हुए सभी अखाड़ा समितियां का स्वागत किया। समिति के लोगों के द्वारा पानी व शरबत की व्यवस्था की गई थी। विभिन्न अखाड़ा कमेटी ने एक से बढ़कर एक खेल दिखाया और हैरतंगेज कर्तव्य दिखाए वहीं बेहतर खेल प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी व बेहतर झांकी प्रस्तुत करने वाले अखाड़ा समिति को प्रखंड प्रमुख मीना देवी,प्रखंड विकास पदाधिकारी निशा कुमारी,पूर्व प्रमुख राम प्रसाद यादव,मुखिया प्रतिनिधि विजय सिंह यादि ने पट्टा व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही तालियां की गड़बड़ाहट से उनकी हौसला अफजाई. कार्यक्रम संचालन प्रवीण राम,रामलाल मंडल के द्वारा किया गया मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मुखिया अजय गुप्ता,महेंद्र त्रिवेदी सहित सेड़कों की संख्या में लोग मौजूद थे।


**झारखण्ड अग्निशमन सेवा**

**बिजली से होनेवाली आगजनी से बचाव के लिए सावधानियाँ**

**क्या करें:–**

- आई0एस0आई0 प्रमाणित उपकरणों का ही प्रयोग करें।
- सही रेटिंग वाले गुणवत्ता पूर्ण फ्यूजों, छोटे–छोटे सर्किट ब्रेकरों और अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकरों का उपयोग करें।
- एक उपकरण के लिए एक ही सॉकेट का प्रयोग करें।
- आग से प्रभावित क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति होनवाले स्वीच को ऑफ कर दें।
- फ्यूज और स्विचों को धातु के बॉक्स के उपर फिट किया जाना चाहिए जिससे आग से बेहतर सुरक्षा मिलती है।
- टुटे हुए प्लगों और स्विचों को तत्काल बदल दें।
- बिजली के तारों को गर्म और भींगी सतहों से दूर रखें।
- उपकरणों को उपयोग में लाने के बाद उनका स्वीच ऑफ कर दें और सॉकेट से प्लगों को निकाल दें।
- लम्बे समय के लिए घर को छोड़कर जाते समय मेन स्विच ऑफ कर दें।

**क्या नहीं करें :–**

- घटिया किस्म के विद्युत उपकरणों का उपयोग कदापि नहीं करें।
- अस्थायी वायरिंग कभी न करायें या वायरिंग में जोडों को कभी खुला न छोड़ें।
- कालीन, चटाई या पायदान के अंदर से तारों को नहीं बिछायें। तार टूट सकते हैं जिनके कारण शॉट सर्किट हो सकता है।
- उपकरणों के कॉड्स को कभी लटका हुआ नहीं रहने दें।
- सॉकेट में कभी भी नंगा तार नहीं डालें।
- एक हीं प्लग से मल्टी वायर न ले जाये जॉय।

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा,
गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा,
झारखण्ड, रॉंची

PR 323843 Jharkhand Fire Service(24-25)#D

**शिखर तक पहुंचने के लिए ताकत की जरूरत होती है, चाहे वो माउंट एवरेस्ट का शिखर हो या आपके पेशे का। : एपीजे अब्दुल कलाम**



# भीषण गर्मी जो मुद्दा नहीं

**जलवायु** परिवर्तन के कारण भीषण गर्मी के साथ अनियमित एवं चरम मौसमी घटनाएं झारखंड के धनबाद, पलामू को प्रभावित कर रही हैं प्रचंड गर्मी सभी वर्गों के लोगों, खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य और खुशहाली को प्रभावित करती है। सक्षम कामकाजी वयस्क-किसान, निर्माण श्रमिक, मोची, रेहड़ी-पटरी वाले, डिलीवरी बॉय भी प्रभावित होते हैं और इसका अर्थव्यवस्था, कृषि, भोजन, पोषण आदि पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। हालांकि हरेक राजनीतिक दल चुनावी मौसम में गरीबों की बात करता है, लेकिन कितने राजनेता सार्वजनिक रूप से मानते हैं कि गर्मी बेशक हर किसी को प्रभावित करती है, लेकिन यह सबको समान रूप से प्रभावित नहीं करती है। देश के लाखों गरीब, जो हमारी अनौपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं, वातानुकूलित घरों या पर्याप्त हरियाली वाले हरे-भरे इलाकों में नहीं रहते हैं। वे घरों के अंदर नहीं रह सकते, जैसा कि गर्मी बढ़ने पर सलाह दी जाती है या बर्फ वाला शीतल पानी नहीं पी सकते या लंबे समय तक छाया में नहीं रह सकते। वे घरों से बाहर काम करते हैं। गहरी असमानताओं वाले देश में अत्यधिक गर्मी का लोगों पर अलग-अलग प्रभाव पड़ता है। लेकिन जिन्हें चिलचिलाती गर्मी में बाहर रहकर काम करना पड़ता है, उन गरीबों के लिए क्या किया जाएगा, इस पर राजनेताओं के बीच कोई चर्चा नहीं हो रही है।राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2020 में गर्मी के कारण 530 मौतें हुईं, वर्ष 2021 में 374 मौतें हुईं और वर्ष 2022 में 730 मौतें हुईं। जैसा कि चंचल ने आगे बताया, फिर भी, लू राष्ट्रीय आपदा नहीं है। हालांकि हमारे देश में हीट ऐक्शन प्लान हैं, लेकिन इससे जुड़ी सेवाओं के लिए केंद्र सरकार की ओर से कोई विशेष फंड नहीं है। माना जाता है कि देश में लू के कारण मरने वालों की संख्या इससे बहुत ज्यादा हो सकती है, क्योंकि बहुत-सी ऐसी मौतों की सूचना विभिन्न कारणवश दर्ज नहीं हो पाती है। एनसीआरबी ने 'प्राकृतिक कारणों से दुर्घटनाएं' शीर्षक के तहत 8,060 मौतों की सूचना प्रकाशित की है, जिनमें से 35.8 फीसदी मौतें आकाशीय बिजली गिरने से, 9.1 फीसदी मौतें लू या भीषण गर्मी से और 8.9 फीसदी मौतें ठंड के कारण बताई गई हैं। क्या ये दुर्घटनाओं के कारण होने वाली आकस्मिक मौतें हैं या ये टाली जा सकने वाली मौतें हैं? क्या इन लोगों को बचाया जा सकता था? अत्यधिक गर्मी या लू से होने वाली मौतें महज आंकड़ा नहीं हैं। वे वास्तविक लोग थे, जिनका परिवार था। यही नहीं, गर्मी से संबंधित मौतें पूरी कहानी नहीं बतातीं, क्योंकि अत्यधिक गर्मी अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को जटिल बना देती है, भले ही उससे मौत न हो।स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस साल भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने एक अप्रैल को ही चेतावनी जारी कर दी थी। आईएमडी द्वारा जारी चेतावनी से इस बार गर्मी में बढ़ते तापमान का पता चलता है, जिससे कई इलाकों में घातक लू की स्थिति भी है। हाल ही में आईएमडी ने हीट इंडेक्स लॉन्च किया है, जो उच्च तापमान पर आर्द्रता के प्रभाव के बारे में सूचना देता है और इस तरह से मनुष्यों को ऐसे तापमान का अहसास कराता है, जिसे मानव के लिए असुविधा के संकेत के रूप में देखा जाता है। यह असुविधा कम करने के लिए अतिरिक्त देखभाल की जरूरत को रेखांकित है। लेकिन यह समझना भी महत्वपूर्ण है कि एक ही शहर के भीतर सभी क्षेत्रों में समान रूप से गर्मी महसूस नहीं होती है। जिन इलाकों में बहुत से पेड़ और हरियाली होती है, वहां का वातावरण ठंडा महसूस होता है, बनिस्पत उन इलाकों के, जहां पेड़ कम होते हैं और इमारतें ज्यादा होती हैं। कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे बुजुर्ग और छोटे बच्चों के सीधे धूप में न जाने के बावजूद गर्मी बढ़ने पर बीमार पड़ने की आशंका ज्यादा होती है। यदि घरों में वेंटिलेशन नहीं है, घर की संरचना कमजोर है और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता ठीक नहीं है, तो घरों के अंदर रहना भी हमेशा सुरक्षित नहीं होता है। जिन लोगों को लू लग जाती है, उनके लिए यह जानना जरूरी है कि कौन-सी चीज उन्हें असुरक्षित बनाती है और क्या होता है, जब गर्मी की प्रतिक्रिया में शरीर को ठंडा रखने के लिए हृदय ज्यादा से ज्यादा पंप करने लगता है। लू लगने पर लोगों को पसीना आने लगता है और शरीर में तेजी से पानी की कमी होने लगती है और ऐसी स्थिति में हृदय, फेफड़ा और किडनी (गुर्दे) खराब होने लग सकते हैं।

इन दिनों

# राम का जन्म जगत के कल्याण के लिए हुआ था

बिनोद सिंह गहरवार

**अखिल** ब्रम्हांड के नायक, जन सुखदायक, प्रनतपाल भगवंता, सहज कृपाला , दीन दयाला, अविनाशी, घट-घट वासी, भय-भव भंजन, परमानन्द, सच्चिदानंद स्वरूप प्रभु श्री रामचंद्र जी का अवतरण दिवस सभी ने मनाया। वैसे तो उनके जन्म के कई हेतु हैं और उनका वर्णन करना आसान नहीं। इसकी पुष्टि स्वयं भैरवाधिपति भूतभावन भगवान भोले नाथ माता पार्वती से करते हैं,

**सुनु गिरिजा हरिचरित सुहाए।**
**बिपुल बिसद निगमागम गाए।।**
**हरि अवतार हेतु जेहि होई।**
**इदमित्थं कहि जाइ न सोई।।**

वैसे तो वेदशास्त्रो ने हरि के अवतार के बड़े ही सुंदर , निर्मल और विस्तृत वर्णन किये हैं।पर उनमें से किसी एक को उनके अवतार कारण मान लेना उचित नहीं। प्रभु श्री राम के अवतार का कारण देवर्षि नारद का श्राप भी है....

**कपि आकृति तुम्ह किन्ह हमारी।**
**करिहि कीस सहाय तुम्हारी।**
**मम अपकार कीन्ह तुम्ह भारी।**
**नारि बिरह तुम्ह होहिं दुखारी।।**

राजा मनु ने घोर तपस्या की और वरदान के रुप में प्रभु श्री राम के जैसा पुत्र की कामना की।

दानि सिरोमणि कृपा निधि नाथ कहउं मतिभाउ।
चाहउं तुम्हहि समान सुत प्रभुसन कवन दुराउ।।

भगवन ने कहा मैं अपने जैसा कहां खोजुंगा? मैं स्वयं आपके पुत्र के रुप में आऊंगा ...

**देखि प्रीत सुनि बचन अमोले।**
**एवमस्तु करुनानिधि बोले।**
**आपु सरिख खोजों कहं जाई।**
**नृप तव तनय होव मैं आई।।**

प्रभु श्री राम भक्तवत्सल,सहज रूप से दीन-दुखियों पर द्रवित होने वाले करुणा निधान हैं। वो मनु और शतरूपा को दिए हुए वचन को निभाने के लिए राजा दशरथ के यहां राम के रूप में अवतार लेते हैं।

इस प्रकार रामावतार के अनेक कारण हैं। इसमें एक कारण अधर्म का विनाश कर धर्म की स्थापना भी है। समाज के दुराचारियों, व्यभिचारियों, अत्याचरियों एवं विघटनकारियों को सद्गति देकर ब्राह्मण,गाय देवता एवं संतो की रक्षा करना भी है। भगवान शंकर पार्वती से कहते हैं.....

**जब-जब होहि धरम के हानी।**
**बाढ़े असुर अधम अभिमानी।।**
**करहिं अनीति जाई नहिं बरनी।**
**सीदहि बिप्र धेनु सुर धरनी।**

**तब-तब प्रभु धरि बिबिध सरीरा।**
**हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा।।**

इस प्रकार राम जन्म के अनेक कारण हैं।पर इनमें से सबसे प्रमुख कारण समस्त मानवता का कल्याण है। राम मर्यादापुरुषोत्तम के रुप में जगमंगल के लिए भारत जैसे धराधाम पर नौमी तिथि मधुमास पनीता को अवतरित होते हैं। वो एक आदर्श पुत्र हैं। जब माता कैकयी राजा दशरथ से,

**तापस बेष बिसेषा उदासी।**
**चौदह बरिस राम बनबासी।।**

का वर मांगती है तो राम तनिक भी विचलित नहीं होते। और नहीं तो माता कौशल्या द्वारा पूछे जाने पर सहज भाव से कहते हैं... पिता दिन्हीं मोहि कानन राजू। राम एक आदर्श भाई हैं। अपने भ्राता लक्ष्मण को शक्ति वाण लगने पर वो भाव विह्वल होकर कहते हैं ....सुत बित नारी भवन परिवारा।

**होहिं जाहिं जग बारंबारा।**
**एह विचार हिय जागहुं त्राता।**
**मिलहिं न जगत सहोदर भ्राता।**

राम एक आदर्श मित्र हैं .... वो निषाद से मित्रता करते हैं और उसे अपने भाई भरत का अधिकार देते हैं.....

**तुम मम प्रिय भरत सम भ्राता।**
**सदा रहो पुर आवत जाता।**

राम एक आदर्श राजा हैं। उनके राज्य में ...

**दैहिक दैविक भौतिक तापा।**
**राम राज नाहिं कहुहिं ब्यापा।**

इसलिए गोस्वामी तुलसीदास जी डंके की चोट पर रहते हैं .....

**को रघुबीर सरिस संसारा।**
**सिलु सनेह निबाहनिहारा।।**

कुल मिलाजुलाकर हम कह सकते हैं कि भगवान राम का जन्म किसी खास जाति, समाजा या संप्रदाय के नहीं हुआ। उनके चरित्र में समस्त मानवता का कल्याण समाहित है। राम सबके हैं, सब राम के हैं। आज विश्व कई समस्यों से जुझ रहा है। पूरे विश्व में शांति , सद्भाव और भाईचारा का उत्तरोत्तर ह्रास होता चला जा रहा। संसार के माथे पर तृतीय विश्व युद्ध का संकट मंडरा रहा है। वैसे आज का मानव अगर प्रभु श्री राम के आदर्शों पर चले तो सारे संकट टल सकते हैं क्योंकि राम का जन्म हीं जग मंगल के लिए हुआ है।

**सत्यसंघ पालक श्रुति सेतू।**
**राम जन्म जगमंगल हेतू।।**

## आपकी बात

### हमारे यह खास देशी व्यंजन

**अभी** तो सभी जगहों पर फास्ट फुड के दुकानों की भरमार हो गई है। लोगों को चाइनीज खाना अच्छा लगने लगा है। कई तरह के भोजन हमारे शहर के रेस्टारेंटो और होटलों में मौजूद हैं। लेकिन, बात करें तो सुबह का नास्ता का तो धुसका और कचौड़ी, जलेबी को यह मात नहीं दे पायी हैं। सुबह उठते ही शहर के कई चौक- चौराहों पर लिट्टी- चोखा या फिर लिट्टी-मुर्गा बिकते दिखाई देगा। दो पहर होते ही समोसा और प्याजी- कचरी की दुकानों पर भीड़ लग जाती है। हमारे यहां के गुपचुप-गोलगप्पे के मुकाबले अगर कोई विदेशी फुड हो तो बताये? वैसे तो सभी शहरों को लोगों की एक खास पंसदीदा व्यजन हुआ करता है। हजारीबाग के इलाकों में बर्रा खास व्यंजन है तो हमारे मेदिनीनगर में धुसका। उधर, बिहार के कई क्षेत्रों में मुरही-कचरी खाना लोग ज्यादा पंसद करते हैं। वह भी क्या दिन थे। सुबह- सुबह गलियों मे जलेबी और रसगुल्ला बेचने वाले फेरी लगाया करते थे। आलूदम और घुंघनी का स्वाद हम नहीं भुल पाये है । एक समय था जब पांच पैसे में गट्टा और झुड़ी भाजा खाया करते थे। इन दोनों का नाम अन्य क्षेत्रों में कुछ और हुआ करता है। गट्टा गुड़ से बनता था और वहीं उसी का चीनी से बनने वाले गट्टा का ही नाम गुलाब छड़ी था। यह नाम उसके गुलाबी रंग के होने के कारण मिला था। रंग-बिरंगी और चटपटे स्वाद की गोलियां , जिसे हम लोग गटागट के नाम से जानते थे। वहीं दूसरी ओर बेकरी में मिलने वाला बिस्कुट जो खाने समय खड़-खड़ की आवाज करता था। वह आज भी काफी फेमस है और वह अपने पुराने नाम लगभग पांच- छह दशक से खड़खड़वा के नाम से ही जाता है। यह अभी भी बाजार में कई बिस्कुटों के आने के बावजूद हम सब की पंसद बना हुआ है। समय गुजरता गया;साथ ही उनका समय भी गुजर गया। शहर के सत्तार सेठ चौक तो चाट और फास्ड फुड के लिए ही फेमस हो गया है। गुपचुप के ठेले या फेरी वालों के पास लड़कियों की भीड़ कभी कम नहीं हुई हैं, जबकि कई देशी- विदेशी व्यंजन बाजार में आ गए हैं। कई जगहों पर शाम होते ही अंकुरित चना और भूना हुआ चना खाने वालों की भीड़ कम नहीं हुई है। मूंगफली खानेवालों की संख्या में कोई भी कमी नहीं आई है। लोग आज भी पार्क बैठे हों या फिर दोस्तों के साथ गप्पे मार रहे हों उनकी जेब में मूंगफली जरूर रहती है। चने का एक व्यजंन है खसिया और दूसरा तरूआं । खसिया को मसालेदार और तीखा बनाया जाता था, यह पीने-खाने वालों की खास पसंद है। वहीं तरूआ को थोड़ा तेल में तलकर बनाया जाता था। ज्यादातर लोग खसिया और तरूआं साथ मिलाकर खाया करते थे। वहीं, मीठे व्यजंन की बात करें तो सनपापड़ी अभी भी विभिन्न रूपों में हमारी खास पंसद बना हुआ है।

**- अभिनव प्रकाश**

रिपोर्ट

# 'इसलिए' लोगों को पसंद हैं नरेन्द्र मोदी

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**देश** में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में फरवरी में आई अमेरिकी थिंकटैंक प्यू रिसर्च सेंटर की लोकतांत्रिक देशों को लेकर जारी सर्वेक्षण रिपोर्ट समीचीन हो गई है। यह रिपोर्ट कुछ लोगों के लिए चौंकाने वाली हो सकती है। वह इसलिए कि देशवासियों को डेमोक्रेसी का ऑटोक्रेसी मॉडल अधिक लुभा रहा है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार देश की लोकतांत्रिक सरकार की कार्य व्यवस्था को लेकर स्वीडन के बाद दूसरे नंबर पर भारत के लोग संतुष्ट है। स्वीडन में जहां 75 फीसदी लोग वहां लोकतांत्रिक सरकार के काम करने के तौर तरीके से संतुष्ट हैं वहीं भारत में 72 प्रतिशत लोग लोकतांत्रिक सरकार के काम करने के तौर-तरीकों को पसंद करते हैं। इस साल भारत समेत दुनिया के करीब 50 देशों में चुनाव होने जा रहे हैं। इस मायने में 24 देशों में किया गया यह सर्वेक्षण लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर खास महत्व रखता है। मजे की बात यह है कि सर्वेक्षण में शामिल देशों में केवल 33 फीसदी अमेरिकी ही अपने यहां की लोकतांत्रिक सरकार के कार्य करने की व्यवस्था को लेकर संतुष्ट है। खैर यह तो अलग बात हुई। मगर सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि दुनिया के अधिकांश देशों की आम जनता बोल्ड निर्णय करने वाले नेता को अधिक पसंद करने लगी है। भारत के संदर्भ में यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। 2017 में 55 प्रतिशत देशवासी ऑटोक्रेसी को पसंद करते थे। अब उसका ग्राफ तेजी से बढ़ा है। आज 67 प्रतिशत लोगों को ऑटोक्रेसी (अधिनायकवादी नेता) पर अधिक विश्वास है। ऑटोक्रेसी पर विश्वास बढ़ने वाले देशों में भारत के अलावा केन्या, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, पोलैंड सहित कई देश हैं। सर्वेक्षण में शामिल 24 में से आठ देशों में ऑटोक्रेसी के प्रति रुझान बढ़ा है। दरअसल लोग निर्णय करने वाले नेता को पसंद करते हैं। कुछ करने का जज्बा ही देशवासी नेता में खोजते हैं। विपक्ष के लाख आरोप-प्रत्यारोपों के बीच नरेन्द्र मोदी पिछले दो चुनाव में लगातार जनता की पसंद बने रहे और 2024 का चुनाव भी लगभग उसी दिशा में बढ़ रहा है। विपक्षी दल मुद्दे बनाने के प्रयास करते हैं पर वहीं मुद्दे सेल्फ गोल में परिवर्तित होने लगते हैं। हालिया इलेक्शन बॉन्ड को लेकर जिस तरह से भाजपा को घेरने का प्रयास किया गया वह अभी तक तो सिरे नहीं चढ़ता नहीं नजर आ रहा है। समझने वाली एक महत्वपूर्ण बात यह हो जाती है कि चंदा देने वाले कौन हैं? साफ है पैसे वाले अमीर लोग। इलेक्शन बॉण्ड में पैसा तो अमीर लोगों से आ रहा है और उनका प्रतिशत इतना नहीं है कि वह चुनाव परिणाम को प्रभावित कर सके।

**स्वीडन में जहां 75 फीसदी लोग वहां लोकतांत्रिक सरकार के काम करने के तौर तरीके से संतुष्ट हैं वहीं भारत में 72 प्रतिशत लोग लोकतांत्रिक सरकार के काम करने के तौर-तरीकों को पसंद करते हैं।**

## फेसबुक वॉल से

## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# सही नीति और साफ नीयत से खत्म होगी गरीबी

डॉ. आशीष वशिष्ठ

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 13 अप्रैल को बस्तर में चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस की सरकार केंद्र में बनी तो हम एक झटके में देश से गरीबी खत्म कर देंगे। राहुल गांधी के बयान देने के अगले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के पिपरिया शहर में एक चुनावी रैली के दौरान अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस के 'शाही जादूगर' कहते हैं कि एक झटके में गरीबी मिटा दूंगा। 50 साल पहले उनकी दादी इंदिरा गांधी ने भी गरीबी हटाने का नारा दिया था, लेकिन हुआ क्या? अब राहुल गांधी यह बोलकर गरीबों का अपमान कर रहे हैं, उनके स्वाभिमान को ठेस पहुंचा रहे हैं। राहुल ने गरीबी हटाने का बयान मोदी सरकार को घेरने के लिए दिया था, लेकिन लगता है कि उन्होंने ये बयान देकर खुद अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है। भाजपा राहुल गांधी को कांग्रेस के पांच दशक से ज्यादा के शासन की याद दिला रही है। केंद्र और देश के ज्यादातर राज्यों में लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने शासन किया। उस कालावधि में गरीबों, किसानों, श्रमिकों, आदिवासियों, वनवासियों और वंचितों के कल्याण और विकास के लिए तत्कालीन कांग्रेस की सरकार को करना चाहिए था, वो किया नहीं गया। जिसका नतीजा यह है कि आज आजादी के 75 वर्षों बाद आबादी का एक बड़ा हिस्सा गरीबी का दंश झेल रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1971 के चुनाव में 'गरीबी हटाओ' के नारे को भुनाया। चुनाव प्रचार में उन्होंने यह कहते हुए आमजन की हमदर्दी बटोरी, ह्यवो कहते हैं इंदिरा हटाओ, हम कहते हैं गरीबी हटाओ'। विरोधियों ने गरीबी हटाओ के जवाब में नारा दिया, 'देखो इंदिरा का ये खेल, खा गई राशन, पी गई तेल'। लेकिन वह काम नहीं आया। पांचवीं लोकसभा चुनाव के नतीजे आए तो कांग्रेस ने चुनाव में दो तिहाई सीटें हासिल की। 'गरीबी हटाओ' उन बिरले नारों में से था, जिसने उसे गढ़ने वाले को चुनाव में बड़ी सफलता दिलाई। उसके बाद कांग्रेस करीब 40 से अधिक समय तक सरकार में रही लेकिन उनकी नीति और नीयत ठीक नहीं थी और गरीबी दूर नहीं हुई। कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार और घोटालों की वजह से सरकारी योजनाओं का लाभ गरीबों को जो मिलना चाहिए था, वो कभी मिला नहीं। 1971 के जनगणना के मुताबिक भारत में उस वक्त करीब 54 करोड़ आबादी थी, जिसमें से 57 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे थे। देश में 66 फीसदी लोग अनपढ़ थे। ग्रामीण से ज्यादा शहरी आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन बसर कर रही थी। लम्बे वक्त तक इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री रहीं, लेकिन गरीबी के स्तर पर कोई सुधार नहीं देखने को मिला। इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी और फिर मनमोहन सरकार तक गरीबी हटाओ के नारे के साथ सिर्फ चुनाव ही जीतती रही हैं। गरीबों के उत्थान और उनके कल्याण के लिए कांग्रेस सरकारों ने कभी गंभीरता के साथ कोई कार्यक्रम नहीं चलाए. यही वजह है कि कांग्रेस सरकारों के दौरान देश के करोड़ों लोग गरीबी और महंगाई के कुचक्र में फंसे रहे। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की बागडोर संभालने के बाद देश के गरीबों के कल्याण के लिए काम करना शुरू कर दिया।

बोधि वृक्ष

## मां उग्रतारा की महिमा अपार...

वहां तुम्हें मैं मिलूंगी। 'राजा को वहां अंगुष्ठ प्रमाण (अंगूठे के समान प्रतिमा) मिली। उसे लाकर राजा ने नगर गांव स्थित अपने राज्य के गढ़ के बीचो-बीच स्थापित कर दिया। तब से ही यह मंदिर यहां स्थापित है। देव मारकंडेय (बिहार) वर्तमान रोहतास निवासी पंचानन मिश्र अपने परिवार के साथ यहां भिक्षाटन के क्रम में नगर पहुंचे थे। यहां राजा ने पूजा की जवाबदेही व अलौदिया गांव की जमींदारी पंचानन मिश्र को दी. 1804 में दिग्विजय नाथ शाही (अंतिम राजा) का नावल्द निधन हो गया। तब से आज तक पंचानन मिश्र के वंशज ही मंदिर की व्यवस्था व पूजा का भार निभाते आ रहे हैं।

**मां के आसन पर 11 फूल चढ़ाते हैं श्रद्धालु**

यहां की पूजन पद्धति अद्भुत है। वर्तमान सेवायत सह मुत्जिमकार गोविंद बल्लभ मिश्र बताते हैं कि मां उग्रतारा श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ति करती हैं। इसके लिए श्रद्धालु पुजारी की मदद से मां के आसन पर 11 फूल चढ़ाते हैं। यह फूल गिरने पर उनकी मनोकामना पूरी होती है। नगर मंदिर में 16 दिनों की शारदीय पूजा होती है। (क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

### वाईफाई का पासवर्ड भूल गए? फिक्र ना करें, यहां है समाधान

**राउटर को रिसेट करें:**

यदि किसी भी कारणवश उपरोक्त तरीके काम नहीं कर रहे हैं, तो आप अपने राउटर को रिसेट करके उसका पासवर्ड पुनः सेट कर सकते हैं। लेकिन इसे केवल अंतिम विकल्प के रूप में ही इस्तेमाल करें, क्योंकि इससे आपके राउटर की सभी सेटिंग्स रिसेट हो जाएंगी और आपको उन्हें फिर से कॉनफि गर करना पड़ेगा।

**एंड्रॉइड फोन में कैसे पता करें?**

वाईफाई पासवर्ड खोजने के लिए आपको सबसे पहले अपने एंड्रॉइड फोन पर सेटिंग्स पर जाना होगा। आपको यहां वाईफाई का विकल्प दिखाई देगा। यहां आने के बाद आपको काफी वाईफाई देखने को मिलेगी। अब आप अपनी रुचि के किसी भी वाईफाई नेटवर्क के लिए पासवर्ड की जानकारी का आदान-प्रदान या प्राप्त कर सकते हैं। वाईफाई नेटवर्क का चयन करने के बाद आपको वाईफाई क्यूआर कोड साझा करने या उपयोग करने का विकल्प दिखाई देगा। ऐसा करते ही क्यूआर कोड आपकी स्क्रीन पर दिखना शुरू हो जाएगा। वाईफाई पासवर्ड यहां भी प्रदर्शित होता है। ऐसे परिदृश्य में वाईफाई कनेक्ट करने के लिए उपयोगकर्ता को अब केवल इस क्यूआर कोड को स्कैन करने की आवश्यकता होगी।

**iPhone उपयोगकर्ता कैसे जुड़ सकते हैं?**

यदि आप iPhone का उपयोग करते हैं तो प्रक्रिया थोड़ी भिन्न होगी। (क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पहले चरण का मतदान : वायु सेना के हेलीकॉप्टर्स से सुरक्षा कर्मियों की हेलीड्रॉपिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होने जा रहा है। पहले चरण में महाराष्ट्र के गढ़चिरौली और छत्तीसगढ़ के बस्तर जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र भी शामिल हैं। इस चरण में कुल 102 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। सुरक्षित और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा कर्मियों की हेलीड्रॉपिंग कराई जा रही है। सुरक्षा कर्मियों की हेलीड्रॉपिंग में वायु सेना के हेलीकॉप्टर्स की मदद ली गई है।

चुनाव अधिकारियों के मुताबिक गढ़चिरौली में मतदान के लिए शुक्रवार को 15 हजार सुरक्षाबलों की तैनाती रहेगी। यहां निष्पक्ष चुनाव व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 40 सीएपीएफ की कंपनियां हैं। इसके अलावा यहां सीआरपीएफ की 30 और एसआरपीएफ की 17 कंपनियां भी तैनात हैं। केंद्रीय बलों की कुल 87 कंपनियां चुनाव ड्यूटी पर लगाई गई हैं। गढ़चिरौली के 206 बूथों पर 2 दिनों से हेलीड्रॉपिंग कराई जा रही है। इसके लिए भारतीय वायु सेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर्स की सेवा ली जा रही है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होने जा रहा है। पहले चरण के मतदान में 21 राज?यों की 102 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। पहले चरण में जम्मू कश्मीर की उधमपुर लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग होनी है। निर्वाचन अधिकारियों के मुताबिक यहां 654 पोलिंग स्टेशन हैं। 11 मतदान दल बुधवार 17 अप्रैल को ही रवाना कर दिए गए थे। गुरुवार को 643 मतदान दल रवाना किए जा रहे हैं।

चुनाव अधिकारियों का कहना है कि मौसम के मद्देनजर भी मतदान दलों और मतदाताओं के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं। इनके अलावा पहले चरण में जिन महत्वपूर्ण सीटों पर चुनाव होने जा रहे हैं, उनमें नागपुर, कन्याकुमारी, चेन्नई सेंट्रल, मुज्जफरनगर, सहारनपुर, कैराना, पीलीभीत, डिबरूगढ़, जोरहाट, जयपुर, छिंदवाड़ा, जमुई, बस्तर, नैनीताल व लक्षद्वीप आदि शामिल हैं। धर्म नगरी कही जाने वाली हरिद्वार सीट पर भी पहले चरण में लोकसभा चुनाव होना है।

निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक 18 अप्रैल को हरिद्वार की 1,714 पोलिंग पार्टियां केंद्रीय विद्यालय से रवाना हुई हैं। यह सभी पोलिंग पार्टियों 18 अप्रैल की शाम तक अपने केंद्रों पर पहुंच रही हैं। इस पूरे क्षेत्र में करीब 14 लाख मतदाता हैं। धर्म नगरी हरिद्वार में मतदान केंद्रों की निगरानी के लिए लगभग 161 केंद्रीय मजिस्ट्रेट और 33 जोनल मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर रहेंगे। पहले चरण में असम की पांच सीटों पर चुनाव है, जिसके लिए यहां 10,001 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## इंडी गठबंधन का उद्देश्य भ्रष्टाचारियों को बचाना है : जेपी नड्डा

**एजेसी। असम**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को असम के कोकराझाड़, उदालगुड़ी और दुधनोई में जनसभाओं को संबोधित किया। इन सभाओं में नड्डा ने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार को बढ़ाने और भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को बचाने का आरोप लगाया। नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और असम में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों का उल्लेख किया और साथ ही भ्रष्टाचार और परिवारवाद को लेकर इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। जनसभाओं में नड्डा ने कहा कि जनता का उत्साह और उमंग देखकर यह तय हो गया है कि असम की जनता ने आगामी चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का निर्णय ले लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की राजनीति की चरित्र एवं परिभाषा को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि असम के क्षेत्रों में पहले विकास के नाम पर कुछ नहीं था। कुछ समय पूर्व तक कोकराझार समुदायिक दंगों, आंदोलन और बम के लिए जाना जाता था। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम नेतृत्व और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देशन में 27 जनवरी 2020 में बोड़ो शांति समझौता स्थापित हुआ और लगभग 1615 लोगों ने आत्मसमर्पण किया।

## सुधांशु त्रिवेदी सहित पांच नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्यों ने शपथ ली

**एजेसी। नई दिल्ली**

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को राज्यसभा के पांच नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। शपथ संसद भवन में दिलाई गई, जहां राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और महासचिव पीके मोदी भी उपस्थित थे। शपथ ग्रहण करने वालों में भीम सिंह, परमार जसवंत सिंह सलाम सिंह, संगीता, नवीन जैन और डॉ. सुधांशु त्रिवेदी शामिल थे।

## राहुल गांधी 20 अप्रैल को भागलपुर से करेंगे चुनावी शंखनाद

**एजेसी। पटना**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल यानि शुक्रवार को होना है कांग्रेस नेता राहुल गांधी दूसरे चरण के चुनाव में चुनाव प्रचार के लिए बिहार आयेंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार वे 20 अप्रैल को बिहार आएंगे। इस बार के लोकसभा चुनाव में यह राहुल का पहला बिहार दौरा होगा। 20 अप्रैल को भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में राहुल गांधी की चुनावी सभा होनी है। इस दौरान राहुल गांधी कांग्रेस के उम्मीदवार अजीत शर्मा को वोट देने की अपील जनता से करेंगे।

## वोट फॉर मोदी के लिए राज लक्ष्मी ने तय किया 21000 किमी का सफर

**नई दिल्ली।** वोट फॉर मोदी, वोट फॉर नेशन के लक्ष्य को लेकर तमिलनाडु की रहने वाली राज लक्ष्मी ने 21000 किलोमीटर का सफर बुलेट पर तय किया है। पिछले 65 दिनों से 15 राज्यों का सफर तय करने वाली राज लक्ष्मी का गुरुवार को दिल्ली भाजपा में स्वागत किया। इस मौके पर मीडिया से बातचीत में बुलेट रानी मां राज लक्ष्मी ने बताया कि वोट फॉर मोदी वोट फॉर नेशन के साथ हमने जो यात्रा शुरू की थी, जो आज बेशक खत्म हो गई है लेकिन यह यात्रा तभी सफल होगी जब नरेन्द्र मोदी तीसरी बार 400 के पार के साथ प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से दिल्ली भाजपा ने स्वागत किया है उससे 21000 किलोमीटर की यात्रा की थकान खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में ही सुरक्षित है इसलिए हमने देश के सभी लोगों से आग्रह है कि एक अखंड भारत के लिए अबकी बार 400 पार के नारे को सच करके दिखाना है।

### मतदान के पहले पीएम मोदी ने भाजपा प्रत्याशियों को लिखा पत्र

# यह चुनाव उज्जवल भविष्य के निर्माण का सुनहरा अवसर

**बोले- 'यह चुनाव उज्जवल भविष्य के निर्माण का सुनहरा अवसर'**

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के छह संसदीय क्षेत्र में पहले चरण में शुक्रवार को मतदान होने हैं। इन क्षेत्रों के भाजपा प्रत्याशियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है, यह चुनाव हमारे वर्तमान और उज्जवल भविष्य के निर्माण का एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने राज्य के संसदीय क्षेत्र छिंदवाड़ा के विवेक बंटी साहू, बालाघाट की भारती पारधी, मंडला के उम्मीदवार फग्गन सिंह कुलस्ते, जबलपुर के उम्मीदवार आशीष दुबे, सीधी के डॉ. राजेश मिश्रा और शहडोल की हिमाद्री सिंह को अलग-अलग पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने एक-एक उम्मीदवार के राजनीतिक, सामाजिक जीवन का भी जिक्र किया है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि मुझे विश्वास है कि संसद में आप जनता जनार्दन का भरपूर आशीर्वाद लेकर आएंगे और नई सरकार में हम सब एक साथ मिलकर देशवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने का हर संभव प्रयास करेंगे। आपके लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं और कार्यकताओं से कहना चाहता हूं कि यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है। यह चुनाव हमारे वर्तमान और उज्जवल भविष्य के निर्माण का एक सुनहरा अवसर है। यह चुनाव पांच-छह दशकों के कांग्रेस के शासनकाल में हमारे परिवार और परिवार के बुजुर्गों ने जो कष्ट सहे हैं, उनसे मुक्ति पाने का अहम क्षण है। पिछले एक दशक के दौरान समाज के हर वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हुए देशवासियों की अनेक कठिनाइयों को दूर किया गया है। इस बार हमें मिलने वाला आपका हर एक वोट, एक मजबूत सरकार बनाने और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने के प्रयासों को गति देने वाला मत है। उन्होंने अपने पत्र में आगे लिखा कि चुनाव के पहले के अंतिम घंटे बहुत महत्वपूर्ण होते हैं इसलिए कार्यकर्ता अपने स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें, वहीं, मतदाता गर्मी और दूसरी असुविधाओं को बर्दाश्त करते हुए भी राष्ट्र निर्माण का यह मौका न गवाएं, संभव हो तो सुबह-सुबह ही मतदान करें। उन्होंने उम्मीदवारों को चुनाव जीतने की शुभकामनाएं दी है और कहा है कि मेरी ओर से सभी मतदाताओं को आप गारंटी देना कि मोदी का एक-एक पल देशवासियों के नाम है।

### चुनाव से पहले कार्यकताओं को राहुल गांधी का संदेश

# संविधान बचाने का चुनाव, कार्यकर्ता हमारे बब्बर शेर : राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होने जा रहा है। इस बीच राहुल गांधी ने अपने कार्यकर्ताओं के लिए एक वीडियो संदेश जारी किया है। अपने संदेश में राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप हमारी पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं। राहुल गांधी ने अपने संदेश में कहा है कि ये आम चुनाव नहीं है। ये संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है, जिसमें आप जैसे 'बब्बर शेर' कार्यकर्ताओं के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। ऐसा इसलिए क्योंकि कांग्रेस पार्टी की सोच और विचारधारा आपके अंदर है, आपकी रगों में है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मेनिफेस्टो एक बेहतरीन मेनिफेस्टो है। इसमें हमारी कुछ महत्वपूर्ण गारंटियां हैं।

कांग्रेस की गारंटियों के तहत गरीब परिवार की एक महिला को सालाना 1 लाख रुपए, अप्रेंटिसशिप का अधिकार, सभी ग्रैजुएट्स और डिप्लोमा होल्डर्स को 1 साल की अप्रेंटिसशिप और 1 लाख रुपए, किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी, मनरेगा श्रमिकों का मेहनताना कम से कम 400 रुपए, कॉन्ट्रैक्ट मजदूरी को खत्म करेंगे, 30 लाख सरकारी नौकरियां देंगे और अग्निवीर को खत्म करेंगे व जीएसटी व्यवस्था को ठीक करेंगे। राहुल गांधी का कहना है कि जनता की बात सुनकर यह मेनिफेस्टो तैयार किया गया है। आप इसके बारे में देश की जनता को बताइए। उन्होंने लोगों को यह बताने की अपील कि हिंदुस्तान की विचारधारा को खत्म किया जा रहा है। संविधान को मिटाने की कोशिश की जा रही है।

## दूसरा चरण : पर्यवेक्षकों के साथ कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग ने दिए निर्देश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने दूसरे चरण के 250 से अधिक पर्यवेक्षकों के साथ आज वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की और उन्हें सुचारू, स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 88 निर्वाचन क्षेत्रों में 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान होगा। पर्यवेक्षकों को मतदान केंद्रों पर सभी सुविधाएं विशेष रूप से गर्मी से निपटने के लिए सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। दूसरे चरण के लिए 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं।

## जमानत के लिए मीठा खा रहे हैं केजरीवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं. इस बीच केजरीवाल ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए अपने नियमित डॉक्टर से सलाह लेने की याचिका दायर की थी। इस बीच दिल्ली की कोर्ट में केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई हुई.

जिस पर गुरुवार को ईडी ने अपना जवाब कोर्ट में दिया है। ईडी ने दावा किया है कि वह मेडिकल आधार पर जमानत लेने के लिए जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, जिससे उनका शुगर लेवल बढ़े और उन्हें जमानत मिल जाए. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यह दावा सीबीआई और ईडी मामलों के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष किया, जिन्होंने तिहाड़ जेल अधिकारियों को केजरीवाल के आहार चार्ट सहित मामले में एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। ईडी के विशेष वकील जोहेब हुसैन ने कहा, डाइट चार्ट अदालत के सामने रखा गया है। डाइट चार्ट में आम और मिठाइयां थीं, हमने इसे अदालत के सामने रखा है।

वह विशेष रूप से मीठा भोजन खा रहे थे। जिसकी किसी भी मधुमेह रोगी को अनुमति नहीं है." ईडी ने अदालत को बताया, टाइप 2 मधुमेह होने के बावजूद अरविंद केजरीवाल उच्च चीनी सामग्री वाले भोजन खा रहे हैं। वह रोजाना 'आलू पूरी', आम, मिठाई खा रहे हैं।

## एआईसीटीई ने शुरू किए 500 अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

**नई दिल्ली ।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष प्रो. टी.जी. सीतारम ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) लॉन्च किया। सभी एआईसीटीई अनुमोदित संस्थान इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, डिजाइन, होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी, अप्लाइड आर्ट एंड क्राफ्ट, प्लानिंग एंड कंप्यूटर एप्लीकेशन के मुख्य (कोर) और उभरते क्षेत्रों (इमर्जिंग एरिया) में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। एआईसीटीई दो किस्तों में प्रति बेसिक एफडीपी 3.50 लाख रुपये और प्रति एडवांस्ड एफडीपी 6 लाख रुपये की अनुदान सहायता देगा। इच्छुक संस्थान 25 अप्रैल से 24 मई तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### आंध्र प्रदेश के सीएम पर पत्थर फेंकने वाले युवक को भेजा न्यायिक हिरासत में

**विजयवाड़ा ।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी पर पत्थर फेंकने वाले युवक को विजयवाड़ा की एक अदालत ने गुरुवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी सतीश को प्रधान जूनियर सिविल जज की अदालत में पेश किया, जहां से उसे दो मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। विजयवाड़ा में 13 अप्रैल की घटना के संबंध में यह पहली गिरफ्तारी है। शहर के वड्डेरा कॉलोनी के निवासी, सतीश ने मुख्यमंत्री पर उस समय पत्थर फेंका, जब वह अजित सिंह नगर के ढाबाकोटलू केंद्र में एक चुनाव अभियान में भाग ले रहे थे। जगन मोहन रेड्डी की भौंह के ऊपर चोट लगी थी, जबकि उनके बगल में खड़े वाईएसआरसीपी विधायक वेलमपल्ली श्रीनिवास राव की आंख में चोट लगी थी। विधायक की शिकायत के बाद पुलिस ने अगले दिन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। मामले में कई संदिग्धों से पूछताछ करते हुए पुलिस ने दिहाड़ी मजदूर को मामले में गिरफ्तार कर लिया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि क्या मामले में कोई अन्य व्यक्ति शामिल था और हमले के पीछे का मकसद क्या था।

### महामंडलेश्वर हिमांगी सखी के खिलाफ किन्नरों का वाराणसी में प्रदर्शन

**वाराणसी।** किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी के खिलाफ वाराणसी में किन्नरों ने गुरुवार को मोर्चा खोल दिया। किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के आह्वान पर जिला मुख्यालय पर जुटे किन्नरों ने हिमांगी सखी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ने का ऐलान करने वाली हिमांगी सखी को निशाने पर लेकर किन्नरों ने कहा कि वाराणसी को बचाने के लिए हिमांगी सखी को यहां से भगाएंगे। हिमांगी सखी ढ़ोंगी है। इस दौरान किन्नरों ने हाथ से लिखा पोस्टर भी जमकर लहराया। किन्नरों ने कहा कि हिमांगी बहरूपिया है। इन्हें काशी से वापस जाना ही होगा। प्रदर्शन के बाद किन्नरों ने अपनी मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि अफसर को सौंपा। उल्लेखनीय है कि वाराणसी लोकसभा के चुनाव में अपने को शिखंडी बताने वाली महामंडलेश्वर हिमांगी सखी का नाम अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने प्रत्याशियों की लिस्ट से हटा दिया है। इसकी घोषणा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चक्रपाणि महाराज ने वीडियो जारी कर दिया। उन्होंने कहा कि महासभा के बैनर तले वाराणसी लोकसभा सीट पर उतारे गए प्रत्याशी को वापस लेने का निर्णय लिया गया है।

## आज का राशिफल

**मेष** — अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**वृषभ** — आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**मिथुन** — कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क** — परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**सिंह** — व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**कन्या** — आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**तुला** — आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें।

**वृश्चिक** — व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है।

**धनु** — खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेगें।

**मकर** — मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे।

**कुम्भ** — शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

**मीन** — आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

# सपा-बसपा और कांग्रेस के लोग चलाते थे दंगा पॉलिसी : योगी

### आस्था, सुरक्षा और समृद्धि के लिए भाजपा आवश्यक

**एजेसी। बुलंदशहर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलंदशहर के सिकंदराबाद में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गौतम बुद्ध नगर से भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा कि सपा-बसपा और कांग्रेस के लोग कर्फ्यू वाले हैं।

इनके राज में महीनों कर्फ्यू लगा रहता था पर आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं है। दंगा कराकर यह लोग प्रदेश को अस्त-व्यस्त करते थे और दंगा पॉलिसी चलाते थे, हम विकास की पॉलिसी चलाते हैं। आस्था, सुरक्षा और समृद्धि के लिए भाजपा आवश्यक है। हमारी सरकार में माफिया-अपराधियों के लिए 'राम नाम सत्य' की यात्रा के रास्ते खुले रहेंगे। आज हम सभी नए भारत में हैं। सीएम योगी ने कहा कि 2014 से पहले क्या स्थिति थी? दस वर्ष में हमने बदलते भारत को देखा है। कांग्रेस ने समस्या दी। जम्मू-कश्मीर समेत पूरे देश को आतंकवाद की चपेट में ला दिया। रोज विस्फोट होते थे, निर्दोष लोग मरते थे। परिवार तबाह हो जाते थे, लेकिन कांग्रेस के लोग तमाशबीन बने रहते थे। सीएम योगी ने कहा कि जेवर में बन रहा एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट विकास का उदाहरण है।

# लखनऊ के सामने चेन्नई के गेंदबाजों की कठिन चुनौती

**एजेंसी। लखनऊ**

लखनऊ सुपर जाइंट्स अपने घरेलू मैदान पर शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उतरेगी तो उसके सामने चेन्नई सुपर किंग्स के धारदार गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कठिन चुनौती होगी जो इकाना स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं। रूतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और महेंद्र सिंह धोनी की प्रेरणा वाली चेन्नई टीम ने पिछले दो मैच जीते हैं जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार दो पराजय झेलनी पड़ी है।

लखनऊ के बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और देखना होगा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे चेन्नई के गेंदबाजों का सामना वे कैसे करते हैं। यॉर्कर डालने में उस्ताद मथीषा पथिराना को डैथ ओवरों में खेल पाना बहुत मुश्किल है। वहीं मुस्ताफिजुर रहमान के पास कम से कम तीन वैरिएशन हैं। इकाना जैसे स्टेडियम पर जहां गेंद पर पकड़ अच्छी रहती है, रविंद्र जडेजा काफी असरदार साबित हो सकते हैं।

लखनऊ में महीश तीक्षणा के रूप में एक अतिरिक्त स्पिनर को उतारा जा सकता है। लखनऊ में इस सत्र में पहली पारी का औसत स्कोर 175 रन रहा है जो दूसरे मैदानों से कम से कम 15 रन कम है। लखनऊ के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव पिछले दोनों मैचों में पेट की मांसपेशी में खिंचाव के कारण नहीं खेल सके। उन्होंने अभ्यास शुरू किया और उनकी रफ्तार चेन्नई के बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकती है लेकिन देखना यह है कि वह कल खेल पाते हैं या नहीं।

स्पिन में रवि बिश्नोई ने किफायती स्पैल फेंके हैं लेकिन वैरिएशन के अभाव के कारण अभी तक छह मैचों में चार ही विकेट ले सके।

**समय : शाम 7.30 बजे से**
**स्थान : लनखऊ**

**चेन्नई सुपरकिंग्स :** अजिंक्य रहाणे, रचिन रवींद्र, आरडी गायकवाड़ (कप्तान), शिवम दुबे, डेरिल मिशेल, महेंद्र सिहं धोनी (विकेटकीपर), रविंद्र जड़ेजा, दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, तुशार देशपांडे, मुस्तफिजुर रहमान

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** क्विंटन डी कॉक, केएल राहुल (कप्तान), दीपक हुड्डा, आयुष बडोनी, मार्कस स्टोइनिस, निकोलस पूरन, क्रुणाल पांड्या, रवि बिश्नोई, मोहसिन खान, शमर जोसेफ, यश ठाकुर

## एथलेटिक्स में भारत को लगा झटका

# घुटने की चोट के कारण श्रीशंकर ओलंपिक से बाहर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लंबी कूद के दिग्गज खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं और उन्हें सर्जरी करानी पड़ेगी जिसके कारण वह पूरे 2024 सत्र में नहीं खेल पाएंगे। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीतते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को शंघाई/सुझोउ और दोहा में क्रमशः 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डाइमंड लीग प्रतियोगिता के साथ अपने सत्र की शुरूआत करनी थी लेकिन मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान उन्हें चोट लगी और उनका ओलंपिक में हिस्सा लेने का सपना टूट गया। श्रीशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, दुर्भाग्य से यह बुरे सपने की तरह लगता है लेकिन यह हकीकत है, मेरा पेरिस ओलंपिक का सपना टूट गया है।' उन्होंने कहा, मुझे मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट लगी और परीक्षण तथा परामर्श के बाद, यह फैसला किया गया कि मुझे सर्जरी कराने की जरूरत होगी।'

श्रीशंकर ने कहा, अपने पूरे जीवन में, मेरे अंदर प्रतिकूल परिस्थितयों का सामना करने का साहस रहा है, उन स्थितियों को स्वीकार करना जिसे मैं बदल नहीं सकता।

**मेरी वापसी का सफर उसी क्षण शुरू हो गया जब मेरे घुटने में चोट लगी**

उन चीजोंमें सकारात्मक नतीजा हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करना जहां मैं कर सकता हूं। पिछले साल जून में श्रीशंकर तीसरे स्थान पर रहकर डाइमंड लीग प्रतियोगिता में शीर्ष तीन में जगह बनाने वाले तीसरे भारतीय बने थे।

## 11वीं इमा कप शिकोकाई रांची जिला कराटे चैंपियनशिप 20 अप्रैल से तैयारी पूरी

**रांची।** सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 20 और 21 अप्रैल को 11वीं इमा कप रांची जिला कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। इस चैंपियनशिप की मेजबानी बहू बाजार स्थित बिशप स्कूल कर रही है। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने यह जानकारी देते हुए कहा कि दो दिवसीय चलने वाली इस प्रतियोगिता में रांची के विभिन्न स्कूलों एवं क्लबों के खिलाड़ी भाग लेंगे। इस चैंपियनशिप में कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग लें रहे हैं । खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। चयन शिविर के आखिरी दिन बरियातू क्लब के 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इस प्रतियोगिता में कुल 54 स्वर्ण पदक दाव पर होंगे। 5 साल से 45 साल तक के खिलाड़ी अलग-अलग आयु वर्ग एवं वजन वर्ग के स्पर्धा में भाग लेंगे। प्रतियोगिता सब जूनियर कैडेट जूनियर एवं सीनियर वर्ग में होगा।

# टाइम मैगजीन की साल 2024 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में पहलवान साक्षी मलिक

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** टाइम मैगजीन ने साल 2024 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट जारी की है। जिसमें बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट, विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, पहलवान साक्षी मलिक और भारतीय मूल के ब्रिटिश अभिनेता देव पटेल ने जगह बनाई है। टाइम मैगजीन की लिस्ट में शामिल पहलवान साक्षी मलिक भारत की एकमात्र महिला ओलंपिक पदक विजेता हैं। टाइम मैगजीन में अपना नाम देखकर साक्षी मलिक काफी खुश हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा 2024 का टाइम 100 सूची में शामिल होने पर गर्व है।

टाइम के 'वर्ष 2024 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों' में अमेरिकी ऊर्जा विभाग के ऋण कार्यक्रम कार्यालय के निदेशक जिगर शाह, येल विश्वविद्यालय में खगोल विज्ञान और भौतिकी की प्रोफेसर प्रियंवदा नटराजन, भारतीय मूल की रेस्तरां मालकिन अस्मा खान एवं रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नेवलनी की विधवा यूलिया नवेलनाया भी शामिल हैं।अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन द्वारा टाइम पत्रिका में लिखी गई पूर्व मास्टरकार्ड सीईओ की प्रोफाइल में कहा गया है कि एक आवश्यक संस्थान को बदलने के महत्वपूर्ण कार्य के लिए कौशल और जिजीविषा वाले एक नेता को ढूंढना आसान नहीं होता है, लेकिन गत वर्ष जून में विश्व बैंक का अध्यक्ष बनने के बाद से अजय बंगा ने दोनों का अद्भुत मिश्रण पेश किया है। अमेरिका की वित्त मंत्री एलेन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों से हमारे सामूहिक भविष्य को खतरा है, मैं इससे बेहतर साझेदार की कल्पना नहीं कर सकती जिसके साथ दुनिया भर के लोगों की ओर से निर्णायक कार्रवाई की जा सके। निर्देशक, निमार्ता और लेखक टॉम हार्पर ने आलिया भट्ट को एक अद्भुत प्रतिभा बताते हुए टाइम प्रोफाइल में कहा कि वह न केवल दुनिया की अग्रणी अभिनेत्रियों में से एक हैं, जो एक दशक से अधिक समय से भारतीय फिल्म उद्योग में अपने काम के लिए प्रशंसित हैं, बल्कि वह एक व्यवसायी महिला और परोपकारी भी हैं, जो ईमानदारी के साथ आगे बढ़ती हैं। नडेला के बारे में कहा गया है कि वह हमारे भविष्य को आकार देने में बेहद प्रभावशाली हैं और यह मानवता के लिए अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट का ओपनएआई में निवेश और मिस्त्रल एआई के साथ समझौते ने सत्या नडाल को कृत्रिम मेधा (एआई) क्रांति में अग्रणी बना दिया है। दिल से प्रौद्योगिकी वेत्ता सत्या एआई को एक ऐसे उपकरण के रूप में देखते हैं जो इंसानों को सशक्त बनाएगा। हालांकि अनपेक्षित परिणामों और दुरुपयोग के बारे में चिंता वाजिब है। इसलिए यह इतना आश्वस्त करने वाला है कि सत्या एआई के प्रबंधकों में से एक है। उनकी विचारशीलता और विनम्रता हमें सुरक्षित बनाएगी।साक्षी मलिक के बारे में ऑस्कर-नामित वृत्तचित्र की निमार्ता निशा पाहुजा लिखती हैं कि वह भारत के सर्वाधिक चर्चित पहलवानों में से एक थीं, जो महिला एथलीटों के यौन उत्पीड़न के आरोपी एवं भारतीय कुश्ती महासंघ के तत्कालीन प्रमुख बृज भूषण सिंह की तत्काल गिरफ्तारी और इस्तीफे की मांग के लिए 2023 की शुरूआत में दिल्ली के जंतर मंतर पर एकत्र हुए थे।

## अंतर जिला क्रिकेट लीग में जमशेदपुर ने पाकुड़ को पांच रन से हराया

**रामगढ़।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का मैच रामगढ़ के सेल इफको क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। गुरुवार का मैच पाकुड़ वनाम जमशेदपुर के बीच खेला गया। जमशेदपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर के मैच में 18.2 ओवर मे 81/10 विकेट खोकर रन किया। जिसमें रुद्र कुमार मुखी 27 रन ही बनाये। पाकुड़ की ओर से गेंदबाज जय रजक 6 ओवर में 20/6 विकेट प्रियांशु 6.2 ओवर 23/4 विकेट मिला। लक्ष्य की पीछा करने उतरी पाकुड़ की टीम ने 27.1 ओवर में 76/10 ऑल आउट हो गया। जमशेदपुर की ओर से गेंदबाज श्रेठ चौहान को 10 ओवर 30/4 विकेट मिला। शिवम मुखी 10 ओवर 18/3 एवं 6.1ओवर 22/3 विकेट, जमशेदपुर 5 रन से इस मैच को जीत लिया। मैच के अंपायर मो उजैर तथा अजमल हुसैन थे, जबकि स्कोरिंग दीपक कुमार एवं सुभम मेहता ने किया । मैच ऑब्जर्बर डलिया राव तथा लाइजनर ऑफिसर शंभू कुमार सिन्हा थे। मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय समेत कई लोग उपस्थित थे ।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### भारत में बेचे जाने वाले बेबी फूड में चीनी मिलाने को लेकर जांच के घेरे में नेस्ले

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता उत्पाद कंपनी नेस्ले भारत में बेचे जाने वाले बेबी फूड में चीनी मिलाने को लेकर अब जांच के घेरे में आ गई है। ज्यूरिख स्थित पब्लिक आई एंड इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क की रिपोर्ट में नेस्ले इंडिया पर बच्चों के दूध और सेरेलक में चीनी मिलाने की बात सामने आई है। इस रिपोर्ट के आधार पर जांच की बात कही गई है, लेकिन इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि नेस्ले से जुड़ी हालिया रिपोर्ट का संज्ञान लिया गया है। कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत नेस्ले कंपनी के बेबी फूड के सैंपल की जांच की जाएगी। दरअसल एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ कि नेस्ले कई देशों में बच्चों के दूध और सेरेलक प्रोडक्ट्स में चीनी और शहद का इस्तेमाल करता है। चीनी का इस्तेमाल करना अंतरराष्ट्रीय दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। दरअसल नेस्ले कंपनी के इंडिया और विकासशील देशों में दो सबसे ज्यादा बिकने वाले बेबी फूड ब्रांड्स में चीनी की मात्रा अधिक मात्रा पाई गई है, जबकि यही उत्पाद ब्रिटेन, जर्मनी, स्विट्जरलैंड और अन्य विकसित देशों में बगैर चीनी के बेचे जा रहे हैं। एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। इस तरह के मामले भारत के अलावा अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों में देखने को मिले हैं। हालांकि, नेस्ले ने इस पर सफाई देते हुए कहा है कि वो भारत में सभी नियमों का पालन कर रही है। ज्यूरिख स्थित पब्लिक आई एंड इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया है कि भारत में बिकने वाले सभी 15 सेरेलक बेबी प्रोडक्ट्स में 3 ग्राम चीनी पाई गई, लेकिन अफ्रीका के इथियोपिया और एशिया के थाईलैंड जैसे देशों में चीनी 4 से 6 ग्राम तक पाई गई है। जर्मनी और ब्रिटेन जैसे विकसित देशों में बेचे जाने वाले इन्हीं प्रोडक्ट्स में चीनी नहीं होती है। इससे पता चला है कि नेस्ले गरीब देशों में बेचे जाने वाले शिशु दूध में चीनी की अधिक मात्रा मिलाता है, लेकिन यूरोप या ब्रिटेन के अपने मुख्य बाजारों में नहीं।

# कार लोन लेने वाले हैं तो पहले भारत के प्रमुख सरकारी और प्राइवेट बैंकों के ब्याज दर देख लें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बीते दिनों रेपो रेट में किसी प्रकार के बदलाव नहीं करने की घोषणा करते हुए इसे 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा। लगातार 7वीं बार ऐसा हुआ है, जब रेपो दर में बदलाव नहीं किया गया है। ऐसे में लोगों को कार लोन के ब्याद दर में किसी प्रकार की रियायत नहीं मिली है। हालांकि, इसके फायदे भी हैं कि लोगों की ईएमआई पर ज्यादा बोझ नहीं पड़ा है। ऐसे में आपका जानना जरूरी है कि आखिरकार इन दिनों अलग-अलग बैंकों में कार लोन पर कितनी ब्याज दर, यानी इंट्रेस्ट रेट है, क्योंकि हर महीने हजारों लोग कार फाइनैंस कराते हैं और लोन के लिए अलग-अलग बैंकों से संपर्क करते हैं।

**कैसे मिलेगा कार लोन?**

आप अगर इन दिनों नई कार खरीदने जाते हैं और आपको किसी कंपनी की कोई कार पसंद आ जाती है तो आपको शोरूम के स्टाफ पूछते हैं कि आप फुल पेमेंट कर रहे हैं या कार फाइनैंस के विकल्प देख रहे हैं। आप कार फाइनैंस के बारे में कहते हैं तो आपको बैंक के प्रतिनिधि से बात कराई जाती है। आप अपनी इच्छानुसार या सहुलियत या फायदे को देखकर ऑनलाइन या ऑफलाइन किसी भी तरीके से कार लोन करा सकते हैं। हालांकि, यहां एक बात जरूर ध्यान रखें कि ब्याज दर कम से कम कराने की आप पूरी कोशिश करें और पार्ट पेमेंट या अन्य जरूरी बातों का ध्यान रखें।

### कितने प्रकार के कार लोन इंट्रेस्ट रेट?

सबसे पहले ये समझना जरूरी है कि कितने प्रकार के कार लोन इंट्रेस्ट रेट होते हैं, तो आपको बता दें कि भारत में कार लोन पर ब्याज दर फिक्स्ड और फ्लोटिंग जैसे दो प्रकार के लग सकते हैं। फिक्स्ड कार लोन इंट्रेस्ट रेट में लोन की पूरी अवधि तक एक समान ब्याज दर और फ्लोटिंग में फाइनैंसियल मार्केट मे बदलती स्थिति के आधार पर ब्याज दर में भी बदलाव होते रहते हैं।

| बैंक | कार लोन पर इतने से ब्याज दर शुरू |
|---|---|
| स्टेट बैंक ऑफ इंडिया | 8.75 % से शुरू |
| एचडीएफसी बैंक | 9.40 % से शुरू |
| आईसीआईसीआई बैंक | 9.10 % से शुरू |
| पीएनबी | 8.75 % से शुरू |
| यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | 8.70 % से शुरू |
| एक्सिस बैंक | 9.30 % से शुरू |
| बैंक ऑफ बड़ोदा | 8.85 % से शुरू |
| कैनरा बैंक | 8.70 % से शुरू |
| आईडीबीआई बैंक | 8.80 % से शुरू |
| कर्नाटका बैंक | 8.88 % से शुरू |
| फेडरल बैंक ऑफ इंडिया | 8.85 % से शुरू |
| इंडियन ओवरसीज बैंक | 8.85 % से शुरू |
| करूर व्यास बैंक | 9.55 % से शुरू |
| साउथ इंडियन बैंक | 8.75 % से शुरू |
| तमिलनाड मर्सेंटाइल बैंक | 10.70 % से शुरू |

### भारत में कम से कम 8.70 पर्सेंट से कार लोन इंट्रेस्ट रेट शुरू

अब आप जानना चाह रहे होंगे कि कार लोन पर कम से कम कितना इंट्रेस्ट रेट हो सकता है तो बता दें कि लोगों को मिनिमम 8.70 पर्सेंट तो ब्याज दर लगेगा है, लो भी लोन देने वाले बैंक पर निर्भर करता है। आपकी कार के 100 पर्सेंट ऑन-रोड प्राइस पर कार लोन मिल सकता है और आप चाहें तो 8 साल तक के लिए लोन टेन्योर करा सकते हैं।

# अब रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकल किराये पर लेकर दुनिया घूम सकते हैं

## 25 से ज्यादा देशों में सर्विस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**रॉयल एनफील्ड ने एडवेंचर टूरर लवर्स के लिए अपनी कुछ बेहद खास मोटरसाइकल्स के साथ ही रेंटल्स एंड टूर्स सर्विस भी पेश किए हैं और इसका दायरा अब भारत से होते हुए दुनिया के कई देशों में फैल गया है। मोटरसाइकल पर किसी भी सफर के लिए वन-स्टॉप सॉल्यूशन के रूप में रेंटल्स एंड टूर्स शुरू करके रॉयल एनफील्ड अपने ब्रैंड के भरोसे के साथ नई जगहों की खोज करना सुगम और आसान बना रही है।**

### यहां मिलेंगी सुविधाएं

रॉयल एनफील्ड रेंटल्स एंड टूर्स सर्विस अब भारत के साथ ही फ्रांस, इटली, स्कॉटलैंड, स्पेन, टर्की, पेरु, इक्वॉडर, अर्जेंटीना, वियतनाम, इंडोनेशिया, थाइलैंड, मोरक्को, नामिबिया, साउथ अफ्रीका, नेपाल, भूटान समेत 25 से ज्यादा देशों में 60 से ज्यादा जगहों पर उपलब्ध है। इन देशों में घूमने के इच्छुक लोग अपने लिए क्लासिक 350, बुलेट 350, हंटर 350, 650 ट्विन्स, सुपर मीटियॉर 650, शॉटगन 650, मीटियॉर 350 और हिमालयन जैसी धांसू मोटरसाइकल रेंट पर ले सकते हैं।

### मोटरसाइकल टूरिजम को प्रोत्साहन

आपको बता दें कि भारत में रॉयल एनफील्ड रेंटल्स सर्विस की सफलता के बाद यह प्लैटफॉर्म पूरी दुनिया में मोटरसाइकल का बेहतरीन एक्सपीरियंस चाहने वाले एक्सप्लोरर्स को अपनी सेवाएं प्रदान करेगा। भारत और दुनिया के अन्य देशों में अपने संबद्ध पार्टनर्स और रेंटल्स एंड टूर्स प्रोग्राम की शुरूआत के साथ रॉयल एनफील्ड का मकसद अपने नए वेंचर द्वारा मोटरसाइकल टूरिजम को प्रोत्साहन देना है।

### मोटरसाइकल टूरिजम को प्रोत्साहन

आपको बता दें कि भारत में रॉयल एनफील्ड रेंटल्स सर्विस की सफलता के बाद यह प्लैटफॉर्म पूरी दुनिया में मोटरसाइकल का बेहतरीन एक्सपीरियंस चाहने वाले एक्सप्लोरर्स को अपनी सेवाएं प्रदान करेगा। भारत और दुनिया के अन्य देशों में अपने संबद्ध पार्टनर्स और रेंटल्स एंड टूर्स प्रोग्राम की शुरूआत के साथ रॉयल एनफील्ड का मकसद अपने नए वेंचर द्वारा मोटरसाइकल टूरिजम को प्रोत्साहन देना है। इसमें मोटरसाइकल रेंटल्स से लेकर प्रोफेशनली गाईडेड टूर्स और सेल्फ गाईडेड ट्रिप्स के लिए हेल्प शामिल है।

### 25 देशों में 52 जगहों पर कुल 62 ट्रिप्स

रॉयल एनफील्ड के सीईओ, बी. गोविंदराजन का कहना है कि रॉयल एनफील्ड लंबे समय से खोज की लंबी यात्राओं से जुड़ी रही है। मोटरसाइकल लवर्स दशकों से इन मोटरसाइकल्स पर अलग-अलग देशों और महाद्वीपों की यात्राएं करते आए हैं। हमारा मानना है कि हम मोटरसाइकल पर एडवेंचर और दुनिया की खोज करने की इच्छा को गहराई से समझते हैं। रॉयल एनफील्ड रेंटल्स एंड टूर्स प्रोग्राम न केवल मोटरसाइकल टूरिजम के लॉजिस्टिक्स को आसान बनाता है, बल्कि उन लोगों को नए मौके देता है, जिनके दिलों में एडवेंचर की भावना भरी हुई है।

# अब बीएचयू में चार साल में मिलेगी ग्रेजुएशन की डिग्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एडमिशन 2024 में बड़े बदलावों को लागू किया जा रहा है। अगर आपने उवएळ का फॉर्म भरा है और पसंदीदा विश्वविद्यालयों की लिस्ट में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय है। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि इस शैक्षणिक सत्र 2024-25 से बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में चार साल का ग्रेजुएशन डिग्री प्रोग्राम लागू किया जाएगा।

इस प्रोग्राम में दो तरह के ग्रेजुएशन कार्यक्रम शामिल होंगे। जिसमें ऑनर्स और ऑनर्स विद रिसर्च शामिल है। यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत किया जा रहा है।

**▸▸ ऑनर्स विद रिसर्च प्रोग्राम**

आपको बता दें कि कुल नामांकित स्टूडेंट्स में से सिर्फ 10% छात्र ही बीएचयू बैचलर डिग्री में ऑनर्स विद रिसर्च कार्यक्रम चुन सकेंगे। इसके लिए इन छात्रों की सीजीपीए 7.5 या उससे अधिक होनी चाहिए।

**▸▸ ग्रेजुएशन के बाद पीएचडी**

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में ऑनर्स विद रिसर्च पूरा करने वाले स्टूडेंट्स को डायरेक्ट PhD में भी एडमिशन मिल सकेगा। इसके लिए छात्रों को अलग से कोई मास्टर डिग्री कोर्स करने की आवश्यकता नहीं होगी। छात्रों को प्रस्तावित कार्यक्रम में विभिन्न विषयों में से कोई माइनर कोर्स सेलेक्ट करने की भी सुविधा भी मिलेगी।

**▸▸ लॉ फैकल्टी और स्पेशल कोर्स**

इसके साथ ही बीएचयू लॉ फैकल्टी के 5 साल का इअ छछइ के पाठ्यक्रम में किसी भी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके पीछे कारण है कि यह विशेष पाठ्यक्रम की लिस्ट में आता है। वहीं साउथ कैंपस में चल रहे स्किल डेवलपमेंट वोकेशन कोर्स और विशिष्ट नियामक निकायों द्वारा उसी तरह विनियमित कार्यक्रम भी चलते रहेंगे। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दायरे में नहीं आते हैं।

**▸▸ 70 फीसदी उपस्थिति है जरूरी**

अगर आप बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के हॉस्टल में रहना चाहते हैं। तो आपकी 70 फीसदी अटेंडेंस जरूरी है। वहीं विश्वविद्यालय परिषद की तरफ से भी इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। बता दगें कि आने वाले सालों में सिर्फ उन्हीं स्टूडेंट्स को हॉस्टल की सुविधा मिलेगी, जिनकी उपस्थिति 70 फीसदी कम से कम रही हो।

### सभी ग्रेजुएशन छात्रों के लिए यह जरूरी होगा

- **बहु-विषयक पाठ्यक्रम (मल्टीडिसिप्लिनरी कोर्स)**
- **कौशल वृद्धि पाठ्यक्रम (स्किल एनहांसमेंट कोर्स)**
- **क्षमता वृद्धि पाठ्यक्रम (एबिलिटी एनहांसमेंट कोर्स)**
- **मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम (वैल्यू एडेड कोर्स)**

### इंटर्नशिप

**इसके अलावा ऑनर्स विद रिसर्च करने वाले स्टूडेंट्स को अपने आखिरी सेमेस्टर में एक शोध-पत्र (डिसर्टेशन) भी लिखना होगा।**

## एक नजर

### कलश यात्रा में शामिल हुए जिला परिषद सदस्य

**मेदिनीनगर।** सनातन संस्कृति गांव महुलिया में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पाटन के जिला परिषद जय शंकर कुमार सिंह उर्फ संग्राम सिंह पाटन छतरपुर के कर्मठ पूर्व विधायक श्री राधा कृष्ण किशोर जी प्रशांत किशोर उर्फ बंकु, मौके पर पूर्व शिक्षक ललन पांडे जी बिनय पांडे आदित्य पांडे अवधेश पांडे ननदेव पांडे चंद्रदेव पांडे सरयु पांडे संजय पांडे बबन पांडे गौतम पांडे श्रीकांत पांडे राजीव पांडे प्रेमचंद पांडे मिथलेश शर्मा प्रहलाद शर्मा अभिषेक पांडे आनंद पांडे इंदु राम राजा शर्मा बिरिन पांडे मालदेव पांडे रामजन्म पांडे और हजारों महिला पुरुष शिव भक्त मुख्य ब्राह्मण पंडित कृष्णा पाठक जी के द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश यात्रा की शुरूआत किया गया जो ग्राम महुलिया से टंडवा जिनजोई नदी से कलश भरकर चिलचिलाती गर्मी में जयकारा लगाते हुए वापस आए ग्रामीणों के कठोर प्रयास से गांव में भव्य शिव मंदिर का निर्माण कर सनातन धर्म का परिचायक बने जिला परिषद ने कहा कि मंदिर निर्माण से आस पास का वातावरण और माहौल भक्तिमय बना रहेगा सुख शांति धर्म और संस्कृति दोनों हमेसा खुद को याद दिलाता रहेगा।

### शॉर्ट सर्किट से बिजली के पोल में लगी आग

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन चर्च रोड में बुधवार की रात अचानक शॉर्ट सर्किट से बिजली के पोल पर आग लग गई। इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा आग लगने की जानकारी पुलिस को दी गई। आग लगने की सूचना मिलते ही टीओपी 2 प्रभारी अनिल कुमार सिंह,टाइगर मोबाइल के जवान सूर्यनाथ सिंह,मुकेश सिंह, सहायक पुलिस के जवान जयंत दुबे। घटना स्थल पर पहुंच कर बिजली विभाग कंट्रोल रूम में फोन कर बिजली को कटवा कर स्थानीय लोगो की मदद से आग को बुझाया।

### विद्युत चोरी को लेकर पांच पर प्राथमिकी दर्ज

**गिद्धौर(चतरा)।** विद्युत विभाग द्वारा गुरुवार को गिद्धौर प्रखंड के मंझगांवा व कुबरी गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व कनीय अभियंता तरुण कुमार कर रहे थे। अभियान के दौरान कुबरी गांव के विजय राम, कामेश्वर भुइयां, अनिल कुमार, मंझगांवा के सुरेश यादव व कुमार यादव को विद्युत चोरी करते पकड़ा गया। इस बाबत थाना में विद्युत चोरी की प्राथमिक की दर्ज कराई गई। जबकि संबंधितों पर 109873 रुपया का जुमार्ना लगाया गया। छापेमारी दल में विद्युत कर्मी संतोष कुमार, मनीष कुमार, महावीर दांगी, पंकज कुमार वर्मा, विकास कुमार व रमेश तिर्की शामिल थे।

### रामनवमी मेला व झांकी का महासमिति ने किया उद्घाटन

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित रामनवमी मेला टांड़ में गुरुवार को आयोजित मेला एवं झांकी प्रस्तुति का शुभारंभ किया गया। विधिवत उद्घाटन महासमिति के सदस्यों के साथ प्रतिनिधियों व पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर महासमिति द्वारा अतिथियों को भगवा गमछा व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। भगवान श्री राम की जीवनी पर वक्ताओं ने विस्तार से प्रकाश डालते हुए भगवान श्रीराम को आदर्श मानते हुए उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# शहर में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ रामनवमी का त्यौहार

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

शहर मे गुरुवार को रामनवमी पर्व हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। हालांकि प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा व्यवस्था का चाक-चौबंद व्यवस्था किया गया था। वहीं पलामू उपायुक्त शशि रंजन,पलामू एसपी रिशमा रमेशन,सदर एसडीओ अनुराग तिवारी,डीएसपी मणि भूषण प्रसाद, शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार खुद से शहरी क्षेत्र की एक-एक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखे हुए थे।ये सभी पदाधिकारी पुलिस जवानों के साथ जुलूस की वापसी तक डटे रहे।रामनवमी जुलूस के दौरान जुलूस में शामिल भक्तों ने पारंपरिक हथियार लाठी-डंडे, तलवार के साथ जय श्री राम के पट्टी सर पर बांधे जय श्री राम, रामलखन जानकी, जय बोलो हनुमान की आदि जयकारा लगा रहे थे। इससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था।वही छह मुहान चौंक पर देर रात तक धीरे-धीरे लोग जमा होते गए और भीड़ एक बड़ा अखाड़ा का रूप ले लिया। खिलाडियों ने एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन करते हुए लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी तरह अन्य क्लबों और अखाड़ो द्वारा अलग अलग प्रकार की झांकी की प्रस्तुती किया गया था।

### भगवामय हुआ हुसैनाबाद शहर

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद श्री महावीर मंडल समिति के तत्वाधान में गुरूवार को चैत शुक्ल पक्ष दशमी को भव्य जूलूस निकला गया। जूलूस में प्रखंड के 37अखाड़ा मंडल समिति के लोग शामिल हुए। इस जुलूस में महवीरी झंडा व पारंपरिक हथियारों के साथ हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल थे। इस दौरान जय श्रीराम, जय हनुमान के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जुलूस में विभिन्न प्रकार की झांकियां लोगों के लिये आकर्षण का केंद्र बनी रही। जुलूस के पूर्व सुबह में सैकड़ों राम भक्तों ने बाइक जुलूस निकालकर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले अखाड़ा समिति के लोगों को जुलूस में आने का निमंत्रण दिया।

# भीषण गर्मी से अस्पताल में पानी का संकट, मरीज परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

भीषण गर्मी में भी सदर अस्पताल के डायग्नोस्टिक सेंटर में इन दिनों पेयजल की समस्या बनी हुई है। यहा पर लाखों की लागत से लगे आरो मशीन कई महीनो से खराब पड़ा हुआ है। जिसके वजह से इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक व अन्य स्टाफ समेत मरीजों के साथ आए परिजनों को पीने के पानी के लिए दिन भर इधर से उधर भटकना पड़ रहा है। अस्पताल में कहने को तो आरओ लगा है, लेकिन वह भी सफेद हाथी का दांत साबित हो रहा है।मरीज व उनके परिजनों को बाहर से बोतलबंद पानी खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है। अस्पताल परिसर में मरीजों को पानी पीने के लिए कई आरो मशीन लगाए गए है।लेकिन कोई भी आरो मशीन अभी चालू हालत में नहीं है।अस्पताल में पीने के लिए पानी नहीं मिलने के कारण मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। मरीज के साथ-साथ अस्पताल के कर्मचारी भी अपने विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में जानकारी भी दे चुके हैं। इसके बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है

कि अस्पताल में मरीजों को पानी उपलब्ध कराने के लिए विभागीय अधिकारी कितने सजग हैं। अस्पताल में इलाज कराने के लिए आने वाले मरीजों पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता का खामियाजा अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। मरीजों को शुद्ध पानी मिले, इसके लिए वाटर कूलर और आरो मशीन लगवाया गया। लेकिन देख-रेख के अभाव में कई महीनो से यह खराब पड़ा हुआ है और पानी देना बंद कर दिया है। इस कारण मरीजों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। अस्पताल में लोग मिनरल वाटर इस्तेमाल कर रहे हैं। पानी के लिए दुकानों में जाना पड़ता है, ऐसे में यहां मरीज परेशान हैं।

### बीजेपी एवं राजद प्रत्याशी 24 को भरेंगे नामांकन

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा सीट को लेकर राजनीति सरगर्मी तेज होने लगी है। सभी प्रत्याशी नामांकन के समय ही अपना दमखम दिखाने में जुट गए हैं।पलामू लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी विष्णुदयाल राम और राजद प्रत्याशी ममता भुइयां 24 अप्रैल को अपना नामांकन भरेंगे । दोनों प्रत्याशी की पार्टी की ओर से कई दिग्गज लोग शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी शिवाजी मैदान में एक जनसभा आयोजित करेगी। किस जनसभा और नामांकन में पूर्व सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई शीर्ष नेता मौजूद रहने की संभावना है। बीजेपी के मीडिया प्रभारी शिव कुमार मिश्रा ने बताया कि शिवाजी मैदान में जनसभा के बाद नामांकन होगा ।इस दौरान जनरल वीके सिंह और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद रहेंगे।जबकि 24 अप्रैल को ही राजद दूरा हाउसिंग कॉलोनी के मैदान में एक बड़े जनसभा का आयोजन होने जा रहा है। इस जनसभा में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी, राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव समेत शीर्ष नेता उपस्थित रहेंगे । राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने कहा कि हाउसिंग कॉलोनी के मैदान में एक जनसभा का आयोजन किया जायेगा। जनसभा के बाद प्रत्याशी नामांकन के लिए जायेंगे।

### इंडिया गठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी का हंटरगंज में हुआ भव्य स्वागत

**हंटरगंज(चतरा)।** इंडिया गठबंधन के चतरा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर हंटरगंज प्रखंड पहुंचे। इस दौरान इंडिया गठबंधन से जुड़े कार्यकताओं प्रत्याशी श्री त्रिपाठी का भव्य स्वागत किया। साथ कार्यकर्ताओ ने बैठक कर गठबंधन को मजबूती देने पर जोर दिया। बैठक में हंटरगंज प्रखंड के कई पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति और पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओ से अपील किया गया कि अपना भरपूर सहयोग दें और श्री त्रिपाठी को भारी मतों से विजय बनाने का कार्य करे। वहीं श्री त्रिपाठी ने कहा कि चतरा में गठबंधन के सहयोग से ही बदलाव लाने का कार्य संभव है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रखंड स्तर पर कमिटी का विस्तार करने की बात कही और अपनी जिम्मेवारी समझते हुए सहयोग देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कार्यकताओं के साथ ग्रामीणों को भी आश्वासत किया की चतरा लोकसभा सीट से विजय होने के उपरांत चतरा की रूप रेखा बदलनें का कार्य करेंगे।

### बराही धाम परिसर में रामभक्तों की लगी रही काफी भीड़

**हुसैनाबाद ।** रामनवमी को लेकर पूरा हुसैनाबाद क्षेत्र राममय हो गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान रहा। रामनवमी को लेकर बराही धाम परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। पूरे धाम परिसर को भव्य तरीके से सजाया गया था। पूरा परिसर भगवा ध्वज से पटा हुआ था। वहीं श्रद्धालु कतार में खड़े रहे और बारी-बारी से पूजा-अर्चना की। काफी संख्या में महिलाएं भजन व गीत गाकर देवी मंदिर का परिक्रमा करती रहीं। सबसे अधिक भीड़ बजरंग बली मंदिर में रही। लोगों ने बजरंगबली की पूजा-अर्चना की और प्रसाद के साथ-साथ महावीरी झंडा दान किया। पुजारी दिलीप मिश्रा, अजित चौबे ने पूजा-अर्चना करायी। यह सिलसिला दिन भर चलता रहा। वहीं इस अवसर पर बराही धाम परिसर से शोभायात्रा निकाली गयी। जो बराही धाम का भ्रमण करते हुए शिवा बीघा, डुमरहाथा, नदिआई, मुख्य बाजार दंगवार, सोन नदी स्थित सूर्य मंदिर होते हुए पुनः बराही धाम परिसर पहुंची।

# हुसैनाबाद के मझौली गांव में किसान के घर में आगलगी से लाखों रुपए का हुआ नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। हुसैनाबाद**

पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत उर्दवार पंचायत के मझौली गांव में अगलगी की घटना में घर में रखे खाद्य सामग्री समेत लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गया। घटना गुरुवार की दोपहर लगभग 12 बजे की है।जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर को उक्त गांव के किसान महाबल साव की पत्नी अपने घर पर खाना बना रही थी।इसी दौरान आग की चिंगारी निकलने से घर पर तेजी से आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग पूरी घर पर लग गयी। उनकी शोर सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। ग्रामीणों ने आनन-फानन में कुएं के पानी से आग बुझाने का प्रयास किया ।लेकिन आग नहीं बुझ पाया , करीब एक घंटे के बाद

बिजली आने पर मोटर पंप के पानी से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तबतक आग की लपट इतनी तेज हो गई थी कि घर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। इस दौरान घर में रखे खाद्य सामग्री, एक बाइक, बर्तन, मोबाइल, जरूरी कागजात व दस्तावेज समेत अन्य सामान जिसकी कीमत करीब चार लाख रुपए है। जलकर खाक हो गया। घटना में दो भैस के अलावा वहीं आग की चपेट में आकर एक बच्ची भी झुलस गई है। वहीं दूसरी तरफ पथरा पंचायत के हदना गांव के किसान अवधेश सिंह के खेत मे बिजली के तार गिरनेसे 42 डिसमिल जमीन में लगे गेंहू का फसल पूरी तरह जलकर खाक हो गया। दोनों पीड़ित परिवार ने सरकार व स्थानीय प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

### भाजपा लोस प्रत्याशी व विधायक ने विभिन्न कार्यक्रमों में लिया भाग

**मयूरहंड (चारा)।** चतरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी काली चरण सिंह व सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास गुरुवार को मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न मांगलिक कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान कुम्हारी निवासी सह पूर्व भाजपा जिला महामंत्री मनोज कुमार सिंह की पुत्री के शादी कार्यक्रम में शामिल होकर वर-वधु को आशीर्वाद दिया। इसके अलावा मयूरहंड निवासी सिकंदर महतो, मनहरी निवासी संत कुमार सिंह के पुत्र के शादी कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ हीं कई गांवों का भ्रमण कर देश हित में भाजपा को वोट करने की अपील की। साथ में विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, रसिक शिरोमणि, राम दहिन सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, सीताराम सिंह आदि शामिल थे।

# बदमाशों ने लोगों को बंधक बनाकर की लाखों रुपए की लूट

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र के सिरम गांव में बदमाशों द्वारा शादी की तैयारी चल रहे घर में लोगों को बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। लूटपाट के दौरान घर के लोगों के साथ मारपीट भी की गई। वहीं अपराधियों ने घर में रखे लाखों के जेवर और नकदी लूट कर फरार हो गए। जिस घर में लूटपाट की गई, उस घर में बेटे की शादी होने वाली है और 25 अप्रैल को बारात निकलने वाली है और 20 अप्रैल को तिलक होने वाला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जितेंद्र यादव मेहमानों के साथ बैठ कर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान करीब 9 की संख्या में बदमाश पहुंचे और मारपीट करने लगे। इसके बाद सभी लोगों को बंधक बनाकर लूटपाट की। बताया जा रहा है कि एक लाख रुपए और जेवर लूटकर भाग निकले। बदमाशों के मारपीट में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधियों ने हवाई फायरिंग कर क्षेत्र में दहशत भी फैलाया दिया है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना सदर थाने को दी, तो सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। घरवालों के अनुसार जिन नौ लोगों ने घटना को अंजाम दिया है, उसमें भाजपा नेता दुलारचंद साव के बेटे लालू साव के साथ मनोज साव, तालेश्वर यादव, थनू भुईयां व राजकुमार साव आदि शामिल हैं। अपराधियों ने सबसे पहले घर में घुसकर लूट की। परिजनों ने विरोध किया तो विवेक यादव और महेंद्र यादव को तलवार से हमला कर घायल कर दिया। घायलों के अनुसार हमलावर अपराधी गांव में हुए बालेश्वर साव हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं जुलूस तो कहीं झांकी की रही धूम, मेले का भी हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/पत्थलगडा/प्रतापपुर।** जिले के इटखोरी, गिद्धौर, पत्थलगडा, हंटरगंज, प्रतापपुर, कुंदा, गिद्धौर व टंडवा यादि प्रखंडों में महावीर झंडों का मिलान जुलूस निकाल कर गुरुवार को जगह-जगह पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। वहीं कुंदा, इटखोरी, पत्थलगडा, प्रतापपुर, टंडवा व गिद्धौर के दुवारी में बीते देर रात भव्य झांकी व जुलूस निकाली गई। इस दौरान पारंपरिक अस्त्रों के खेलो का प्रदर्शन भी हुआ और जय श्रीराम व जय बंजरगबली के जयघोष से वातावरण गूंजायमान होता रहा। देर रात्री रामनवमी पूजा समिति बरवाडीह व पत्थलगडा के झांकी का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रुप से विधिवत फीता काट कर किया गया। इसके अलावे नावाडीह व नुनगावं आदि गांवों में भी रामनवमी पर जुलूस व जीवंत झांकी निकाली गई। वहीं गुरुवार को भी मेले में सभी अखाड़ों के झांकी के साथ झंडा का मिलान किया गया। इस दौरान कई मुस्लिम धर्मावलंबी भी एक से एक कर्तब दिखाए। वहीं उपरोक्त प्रखंडों में पुलिस व प्रशासनीक पदाधिकारी जुलूस व झांकी के दौरान मौजूद रहे। प्रतापपुर प्रखंड में रामनवमी के पर निकाले गए जुलूस व झांकी में हजारों की संख्या में लोग शामिल थे। मुख्य जुलूस प्रतापपुर रामनवमी पूजा समिति के तत्वाधान में प्रतापपुर बजरंगबली मंदिर से निकाला गया जिसमे योगियारा-मैराग, गुरीया, महूंगई, बभने, गोमे, रामपुर आदि गांव के भी जुलूस शामिल हुए।

**झांकी का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रुप से किया गया**

# सांस्कृतिक कार्यक्रम का जिप उपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**पत्थलगडा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित सुभाष चौक में श्री रामनवमी पूजा के अवसर पर रामनवमी पूजा महासमिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी हिन्दू जागरण मंच के तत्वाधान में महासमिति द्वारा सुभाष चौक में पूरे विधि विधान से विशाल भगवा ध्वज स्थापित किया गया। ध्वजा रोहन के बाद मुख्य अतिथि श्री तिवारी के द्वारा दुर्गा मंडप के समीप मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान शांति क्लब गांधी चौक के सदस्यों एंव बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चियों ने अपनी कला से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही छोटे-छोटे बच्चों ने पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र से एक से बढ़कर एक कर्तब प्रस्तुत किए। कार्यक्रम कि शुरूवात अतिथि स्वागत से किया गया। मुख्य अतिथि श्री तिवारी को हिन्दू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष व

महासमिति अध्यक्ष ने गदा भेंट किया। वहीं उपस्थित अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता महासमिति अध्यक्ष सतीश दांगी व संचालन हिन्दू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष ने किया। मौके पर मुकेश दांगी, मधु चंदन कुमार, पवन कुमार, सूरज राणा, अरविंद ठाकुर, महेंद्र दांगी, अमित तिवारी, संदीप कुमार सिंह, अनुपम गिरी, वासुदेव तिवारी, चमरी राम भुइंया, शंकर दांगी, आशीष कुमार, बेचन ठाकुर, दिनेश्वर दांगी, दुर्गेश कुमार समेत आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### जन जन में हैं जन जन के श्री राम : अविनाश देव

**मेदिनीनगर।** राम जन्मोत्सव के पावन पर्व रामनवमी में विभिन्न अखाड़े,क्लब, दल, के सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव उपस्थित रहें और पगड़ीपोशी, फूलमाला, शौर्य के प्रतीक तलवार देकर सम्मानित किए गए। राम भक्तों को संबोधित करते अविनाश देव ने कहा की राम की सौम्यता सब को भाती है। राम आम के जुबान पर रहते है खुशी और विषाद दोनो में जिह्वा से बरबस बाहर आते हैं।खेत खलिहान से लेकर सेठ के खाता बही पर राम विराजते हैं।वाल्मीकि तुलसी के महाकाब्य राम के रास्ते मुक्ति के मार्ग बताया है जिसको हर नागरिक अपने जीवन में उतारते आया है।किंतु वर्तमान दौर में राम का नाम राजनीतिक फायदे के लिए किया जा रहा है। राम का जन्म ही शत्रुओं के संहार के लिए हुआ था और गुरु के एक बात पर शस्त्र व शास्त्र के शिक्षा के लिए पिता भरोसा कर आश्रम भेज दिए। किंतु आज परंपरा को छोड़ राम की बेहतर वस्तुस्थिति से लोग अनभिज्ञ है । पर्यावरण एवं स्वास्थ्य का ख्याल किए बगैर युवा को जुलूस में डी जे पर डांस करते देखा गया किंतु उनके विचारों पर अमल नहीं करना बेहद चिंतनीय है । पुरानी परंपरा संस्कृति ,शालीनता,स्नेह, नफरत के आग और ऊंची आवाज में दबता जा रहा है। संगठन के लोगों को तलवार की साथ साथ रामचरित मानस के पुस्तक भी सप्रेम भेंट करना चाहिए जिसे युवा पीढ़ी पुनर्पाठ कर सके और उससे रामराज्य लाने का सूत्र निकाल सके। आगे अविनाश देव ने जिला प्रशासन, सभी संगठन के प्रधान, छात्र, युवा से गुजारिश किया की राम के विचारों को फैलाने में अपनी महती भूमिका निभाएं। राम जहां भी गए मित्र बनाए और मोहब्बत से रहने का पाठ पढ़ाए।

### एमके डीएवी में पूर्व छात्र की पुस्तक का हुआ विमोचन

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को एमके डीएवी पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र ज्ञान सिंह द्वारा लिखित पुस्तक क्रश्ड स्नैक ऑफ लॉर्ड शिवाह्व का विमोचन किया गया। विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जी. एन. खान ने इस पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक के लेखक ज्ञान सिंह जो बारालोटा निवासी अखिलेश सिंह एवं सुनैना देवी के पुत्र हैं। उन्होंने इस विद्यालय से 2011 में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की। छात्र जीवन से ही लेखन में रुचि होने के कारण अनेक प्रयास किया और प्रथम पुस्तक ह्लसमथिंग लाइक लवह्व लिखी। उसके बाद कई अन्य रचनाओं के बाद यह ह्लक्रश्ड स्नैक ऑफ लॉर्ड शिवाह्व पुस्तक लिखी। इसे लिखने में उन्हें डेढ़ साल का समय लगा। इसकी 1000 से अधिक प्रतियां छप चुकी हैं। यह पुस्तक शिव पुराण में वर्णित कथाओं को आधार बनाकर लिखी गई है, जो छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डी.ए.वी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई, डॉक्टर जी.एन.खान ने कहा कि बच्चे चिकित्सक, इंजीनियर,भारतीय सेना के अतिरिक्त लेखन क्षेत्र में भी करियर बना सकते हैं। छात्रों के लिए यह क्षेत्र भी उन्हें प्रसिद्धि एवं आजीविका का साधन,दोनों उपलब्ध करा सकता है। विद्यालय के छात्र अपने वरिष्ठ छात्र से प्रेरणा लेकर लेखन के क्षेत्र में किस्मत आजमा सकते हैं। यह क्षेत्र भावा भिव्यक्ति का श्रेष्ठ क्षेत्र है। छात्रों को संबोधित करते हुए पुस्तक के लेखक ज्ञान सिंह ने कहा कि आज के विद्यार्थी कैरियर निर्माण की चिंता में भारतीय अध्यात्म एवं दर्शन से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में यह पुस्तक उन्हें अपनी विरासत से जोड़े रखने का साधन बन सकती है ।आध्यात्मिक कहानियो से लिए प्रसंग छात्रों को रोचक लगेंगे और यह पुस्तक उन्हें पसंद आएगी, ऐसा विश्वास है। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार, सी.एस. पांडे, नीरज कुमार श्रीवास्तव, ए.के.पांडे, अमित त्रिपाठी, चंदन कुमार, कन्हैया राय, निशा मल्होत्रा एवं मंजू चंदेल उपस्थित थी।

### नव चयनित कनीय अभियंताओं को किया गया सम्मानित

**पत्थलगडा(चतरा)।** पेंशनर समाज ने पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय के बरवाडीह में सम्मान समारोह आयोजित कर पंचायत के नव चयनित दो कनीय अभियंताओं को सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि बरवाडीह-दुम्बी निवासी व पूर्व मुखिया वासुदेव तिवारी के पोता व सुरेश तिवारी के पुत्र आविष्कार तिवारी व अनिकेत सौरभ का चयन कनीय अभियंता के रूप में हुआ है। दोनों सहोदर भाई पलामू व गढ़वा में योगदान दिए हैं। पेंशनर समाज व अखिल भारतीय भुइंया कल्याण समिति के केंद्रीय नेता चमारी राम भुईंया ने दोनों भाइयों को लड्डू खिलाकर व पेन देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि दोनों भाइयों ने क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उन्होंने दोनो के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पेज एक के शेष

**पारा 43 के...**

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रॉयल्स बड पब्लिक स्कूल और कैराली स्कूल ने पहले ही सुबह के शेड्यूल में बदलाव कर दिया है। डीएवी बरियातू में सुबह 8 बजे से कक्षाओं का संचालन होता था। अब 7.30 कर दिया गया है। डीएवी आलोक में 8.10 की बजाए सुबह 7 बजे से कक्षाएं चल रही हैं। इसी तरह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 7.40 की बजाय 7 बजे से, जेवीएम श्यामली में 8 बजे की बजाय 7 बजे से और ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में 8 की जगह अब सुबह 6 बजे से कक्षाओं का संचालन हो रहा है।

**22 को झारखंड के दक्षिणी इलाके में बारिश का अनुमान :** मौसम केंद्र ने झारखंड के मौसम का पूवार्नुमान जारी करते हुए कहा है कि 22 अप्रैल को राज्य के दक्षिणी हिस्से (पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और सिमडेगा जिले) में कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना है।

**माइक के लिए भिड़े दो ...**

समर्थकों के साथ मारपीट करने लगे। बीच बाजार करने गए विधायक के अंगरक्षकों को भी पीटा गया।

**अखाड़ा समिति ने कहा- दंगा करवाने के मूड में पहुंची थी विधायक :** इस संबंध में महावीर मंडल अखाड़ा समिति के पदाधिकारियों ने बरकाकाना ओपी में आवेदन देकर विधायक पर दंगा करवाने का आरोप लगाया है। तो दूसरी तरफ आजसू जिला अध्यक्ष ने भी विधायक पर धार्मिक मंच को राजनीतिक मंच बनाने का आरोप लगाया है।

**घोटाले के आरोपियों की...**

कीमत वाली चार अचल संपत्तियों को प्रोविजनल तौर पर अटैच किया है। बताया गया है कि इस घोटाले में अब तक 106.86 करोड़ की संपत्ति अटैच की गई है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### 21 हजार करोड़ का हुआ डिफेंस एक्सपोर्ट : राजनाथ सिंह

**केरल।** केरल के मावेलिक्करा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में पहले तोप, गोले-मिसाइल, टैंक सबकुछ हम इम्पोर्ट करते थे। हमारे पीएम मोदी ने कहा कि हमें हर मामले में आत्मनिर्भर बनना है। आज हम 21,000 करोड़ के डिफेंस उपकरणों का आयात दूसरे देशों को कर रहे हैं।

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को शराब नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ा दी। न्यायिक हिरासत समाप्त होने पर सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट जज कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया। कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। सोमवार को कोर्ट ने कहा था कि वो आप नेता की जमानत अर्जी पर 20 अप्रैल को सुनवाई जारी रखेगी। उस दिन कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनी थी। सिसोदिया की ओर से जमानत याचिका उनके वकील मोहित माथुर ने दायर की है, जिसमें मामले की जांच पूरी करने में देरी का आरोप लगाया गया है।

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में हथियार और गोला बारूद की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। इसी सिलसिले में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद संयुक्त सुरक्षा बलों के अभियान में बरामद किया गया। मणिपुर पुलिस ने आज बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और क्षेत्र प्रभुत्व चलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान एक लैथोड गन, तीन सिंगल बैरल 12 मिमी बोर राइफल, मैगजीन के साथ एक 9 मिमी सीएमजी, 01 एक आंसू गैस गन, 14 जीवित गोला बारूद राउंड, रबर बुलेट के साथ दो 38 मिमी दंगा विरोधी कारतूस, तीन टियर स्मोक शेल (सीएस), दो इम्प्रोवाइज्ड लॉन्ग रेंज मोर्टार तथा एक इम्प्रोवाइज्ड लॉन्ग रेंज मोर्टार गोला बारूद लंग्जा क्षेत्र, चुराचांदपुर जिले से बरामद किया गया।

# स्वदेशी 'निर्भय' सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण, भारत ने रचा इतिहास

### वायुसेना के लड़ाकू सुखोई-30 विमान से हुई मिसाइल के उड़ान पथ की निगरानी

### बहुत कम ऊंचाई पर भी दुश्मन के राडार को धोखा देने में सक्षम है निर्भय मिसाइल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने गुरुवार को लंबी दूरी की स्वदेशी "निर्भय" सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण करके एक बार फिर इतिहास रच दिया है। मिसाइल की उड़ान पर भारतीय वायुसेना के लड़ाकू सुखोई-30 विमान से भी नजर रखी गई। यह मिसाइल बहुत कम ऊंचाई पर भी दुश्मन के राडार को धोखा देने में सक्षम है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने इस उपलब्धि पर डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी है।

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 18 अप्रैल को ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर), चांदीपुर से स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। इस दौरान मिसाइल की सभी उप-प्रणालियों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया। मिसाइल के प्रदर्शन और उसके उड़ान पथ की निगरानी के लिए आईटीआर में विभिन्न स्थानों पर राडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम (ईओटीएस) और टेलीमेट्री जैसे कई सेंसर तैनात किए गए थे। मिसाइल की उड़ान पर भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान सुखोई-30 एमकेआई से भी नजर रखी गई। डीआरडीओ के मुताबिक परीक्षण के दौरान मिसाइल ने पॉइंट नेविगेशन का उपयोग करके निर्धारित लक्ष्य तक रास्ते का अनुसरण किया और बहुत कम ऊंचाई वाली समुद्री स्किमिंग उड़ान का प्रदर्शन किया। इस सफल उड़ान परीक्षण ने बेंगलुरू के गैस टर्बाइन अनुसंधान प्रतिष्ठान (जीटीआरई) में विकसित स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली के विश्वसनीय प्रदर्शन को भी स्थापित किया है। बेहतर और विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए यह मिसाइल उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से भी लैस है।

इस मिसाइल को डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ बेंगलुरु स्थित प्रयोगशाला वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई) में विकसित किया गया है। इस परीक्षण को विभिन्न डीआरडीओ प्रयोगशालाओं के कई वरिष्ठ वैज्ञानिकों के साथ-साथ उत्पादन भागीदार के प्रतिनिधियों ने भी देखा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिसाइल के सफल उड़ान-परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी लंबी दूरी की सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल विकास मील का पत्थर है। डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने भी डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी है।

# रामनवमी शोभायात्रा पर पथराव, 4 घायल

## सीएम ममता बनर्जी बोलीं- भाजपा राज्य में हिंसा फैला रही

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के पूर्व मिदनापुर में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पथराव में चार लोग घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब रामनवमी शोभायात्रा बुधवार की रात 9:10 बजे इगरा के कॉलेज मोड़ से गुजर रही थी, तब कुछ लोगों ने इस पर पथराव किया। फिलहाल इस मामले में चार लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। इससे पहले मुर्शिदाबाद में भी रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पथराव को लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। उन्होंने कहा, इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। हम मामले की जांच कर रहे हैं। चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। भाजपा नेता और मिदनापुर से पार्टी के उम्मीदवार अग्निमित्रा पाल समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने इस पथराव का विरोध करते हुए सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

इसके अलावा मुर्शिदाबाद में भी बुधवार को रामनवमी शोभायात्रा के दौरान झड़प होने की घटना सामने आई। शोभायात्रा पर छतों से पथराव होने से करीब 20 लोग घायल हुए हैं। रामनवमी शोभायात्रा पर पथराव को लेकर भाजपा ने बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को घेरा। इसके साथ ही भाजपा ने राज्य पुलिस पर बदमाशों का साथ देने का आरोप भी लगाया है। भाजपा की बंगाल इकाई ने आरोप लगाया है कि रैली पर पथराव किया गया और दुकानों में तोड़फोड़ की गई। घटना के बाद, इलाके में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है।

### बंगाल में रामनवमी पर हो ही गया फसाद

पश्चिम बंगाल के उस मुर्शिदाबाद जिले में आखिरकार दंगा हो ही गया जहां के डीआईजी मुकेश कुमार को चुनाव आयोग ने कुछ दिन पहले ही हटाया था। उन्हें हटाए जाने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया था कि दंगा होगा तो चुनाव आयोग जिम्मेदार होगा। बुधवार शाम जब मुर्शिदाबाद के रेजीनगर इलाके में रामनवमी की शोभायात्रा निकल रही थी तो यहां चारों तरफ से इस पर पथराव होने लगे। इसमें कम से कम 20 लोग घायल हुए हैं। उन्हें मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया है। दरअसल रामनवमी से पहले अपनी हर एक जनसभा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बार-बार दंगा होने की आशंका जाहिर की थी। इससे लोग डर के साए में थे और आखिरकार ऐसा हो ही गया। इसे लेकर वरिष्ठ भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा है कि उन्हीं के उकसावे की वजह से दंगा हुआ है। उन्होंने पुलिस पर भी इसमें मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा की शोभायात्रा पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। यहां तक की उसमें बमबारी भी की गई है।

### मुर्शिदाबाद के रेजीनगर में दंगे के बाद हालात तनावपूर्ण, इलाके में सेंट्रल फोर्स का मार्च

पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के रेजीगर में बुधवार शाम रामनवमी की शोभायात्रा पर दंगाइयों के हमले के बाद हालात तनावपूर्ण हैं। हमले के बाद एसपी और डीएम मौके पर पहुंचे हैं। पुलिस रातभर क्षेत्र में गस्त करती रही। रेजीनगर में गुरुवार को हालत सामान्य नजर नहीं आ रहे। कानून व्यवस्था की बहाली और लोगों के मन में सुरक्षा का बोध करवाने के लिए इलाके में सेंट्रल फोर्स ने रूट मार्च किया है। बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ और अन्य सीएपीएफ जवान इलाके में पुलिस के साथ मिलकर गश्त कर रहे हैं।

### रामनवमी हिंसा : विहिप ने किया राज्यव्यापी प्रदर्शन का ऐलान, एनआईए जांच की मांग

विहिप ने रामनवमी पर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा की निंदा करते हुए इसके खिलाफ राज्य भर में प्रदर्शन का ऐलान किया है। इसके साथ ही मामले की जांच एनआईए से कराने की मांग की है। संगठन की तरफ से लगाया गया है कि तृणमूल के संरक्षण में वहां के जिहादियों ने यह हमला किया, जिसमें दर्जनों हिंदू घायल हुए। विहिप ने घटना के विरुद्ध राज्यव्यापी प्रदर्शन कर राज्यपाल को ज्ञापन देने का फैसला किया है। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने कहा कि मुर्शिदाबाद में रामनवमी के पावन अवसर पर निकली गई शोभायात्रा पर जिहादियों का प्राणघातक हमला आतंकी घटना से कम नहीं है। घरों की छतों से पत्थर फेंके गए, शोभायात्रा में शामिल लोगों पर बम फेंके गए, तलवारों से हमला किया गया और घेर कर जान से मारने की कोशिश की गई।

**सलमान खान के घर फायरिंग मामला**

## अनमोल के खिलाफ जारी होगा लुकआउट सर्कुलर, हरियाणा से एक और गिरफ्तार

**एजेंसी। मुंबई**

फिल्म अभिनेता सलमान खान के मुंबई के बांद्रा स्थित आवास के बाहर हुई फायरिंग मामले में महाराष्ट्र पुलिस कुख्यात गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करेगी।

इधर पुलिस ने सलमान के घर पर फायरिंग मामले में हरियाणा से एक और संदिग्ध को हिरासत में लिया है। उससे भी पूछताछ जारी है। पुलिस ने कहा कि अनमोल बिश्नोई के विरुद्ध पर्याप्त सबूत मिलने के बाद उसको सह आरोपित बनाया है। अनमोल विदेश में है और उसने आरोपितों से इंटरनेट कालिंग से बात की थी। महाराष्ट्र पुलिस के सूत्रों ने बताया कि मामले के सह आरोपित अनमोल के कहने पर ही इस मामले के आरोपितों को घटना के एक दिन पहले 13 अप्रैल की रात को आग्नेयास्त्रों की आपूर्ति की गई थी। इसके बाद 14 अप्रैल को दोनों ने सलमान के आवास के सामने हवाई फायरिंग की थी। जांच में पता चला है कि आरोपित सागर पाल और विक्की गुप्ता अनमोल बिश्नोई से फायरिंग के वक्त भी इंटरनेट कालिंग से बात कर रहे थे। घटना के बाद दोनों आरोपितों ने हथियार फेंक दिया था। पुलिस टीम ने हथियार तो बरामद कर लिया है, हथियार सप्लायर की तलाश कर रही है। पुलिस अनमोल विश्नोई के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करेगी। इसी बीच मुंबई क्राइम ब्रांच ने कुख्यात गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई की कथित साजिश के बारे में अधिक जानकारी जुटाने के लिए चार टीमें गठित कर उनको नई दिल्ली, बिहार, गुजरात और राजस्थान भेजा है। इस मामले में पुलिस की क्राइम ब्रांच आरोपित सागर पाल के भाई सोनू पाल से गहन पूछताछ कर रही है। इसके अलावा यह बात भी सामने आई है कि आरोपित सागर पाल अपने भाई सोनू पाल से इंटरनेट कॉलिंग के जरिए बातचीत कर रहा था। हालांकि पुलिस ने अभी तक सोनू पाल को गिरफ्तार नहीं किया है। सोनू पाल भी हरियाणा में काम करता था।

## महबूबा मुफ्ती और अल्ताफ ने लोस सीट से भरा पर्चा

**एजेंसी। श्रीनगर**

केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता मियां अल्ताफ ने गुरुवार को अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट के लिए अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। इन दोनों के नामांकन दाखिल करने से नेकां और पीडीपी के बीच सीधा मुकाबला तय हो गया है। ये दोनों पार्टियां हाल तक विपक्षी इंडिया समूह के घटक थे। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने इस निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। वह नामांकन के लिए पहुंचे तो थे लेकिन अचानक दिल्ली रवाना हो गए। इसे लेकर राजनीतिक अटकलबाजी का दौर शुरू हो गया है। भाजपा ने अभी तक इस सीट के लिए उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 19 अप्रैल है।

## ईरान में फंसे भारतीय 17 क्रू मेंबर्स में से केरल की टेसा जोसेफ स्वदेश लौटीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कंटेनर जहाज एमएससी एरीज के भारतीय चालक दल के सदस्यों में से एक केरल के त्रिशूर की भारतीय डेक कैडेट एन टेसा जोसेफ गुरुवार को दोपहर कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित स्वदेश लौट आयीं। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि तेहरान में भारतीय मिशन और ईरानी सरकार के ठोस प्रयासों से यह संभव हुआ है। मंत्रालय के अनुसार हवाई अड्डे पर कोचीन के क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने जोसेफ का स्वागत किया। मंत्रालय ने आगे कहा कि तेहरान में भारतीय मिशन कंटेनर जहाज के शेष 16 भारतीय चालक दल के सदस्यों के संपर्क में है। चालक दल के सदस्य ठीक और स्वस्थ हैं और भारत में अपने परिवार के सदस्यों के संपर्क में हैं। भारतीय मिशन एमएससी एरीज के शेष चालक दल के सदस्यों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ भी संपर्क में है। इससे पहले विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने इस मामले पर अपने ईरानी समकक्ष विदेश मंत्री अमीर अब्दुल्लाहियन से बात की थी। उल्लेखनीय है कि ईरान और इजराइल के बीच जारी संघर्ष के चलते वाणिज्यिक जहाज एमएससी एरीज को ईरान ने अपने कब्जे में लिया था। इसमें 17 चालक दल सदस्य भारतीय हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने महिला सदस्य की वापसी को 'मोदी की गारंटी से जोड़ा' है। उन्होंने कहा है कि मोदी की गारंटी हमेशा देश या विदेश में काम करती है।

### ओडिशा विधानसभा चुनाव : कांग्रेस की एक और सूची जारी

**भुवनेश्वर।** कांग्रेस ने गुरुवार को ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की एक नई सूची जारी की। पार्टी ने चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की - केंद्रपाड़ा लोकसभा क्षेत्र के तहत महांगा विधानसभा क्षेत्र से देबेंद्र कुमार साहू, पुरी संसदीय क्षेत्र में सत्यबाड़ी विधानसभा सीट के लिए मनोज रथ, प्रकाश चंद्र जेना को भुवनेश्वर सेंट्रल सीट से और अशोक कुमार दास को भुवनेश्वर उत्तर विधानसभा सीट से टिकट दिया है। पार्टी ने पहले 147 विधानसभा सीटों में से 119 सीटों के लिए नामों की घोषणा की थी। कांग्रेस ने सुंदरगढ़ जिले की दो विधानसभा सीटें, बीरमित्रपुर और बोनाई निर्वाचन क्षेत्र झारखंड मुक्ति मोर्चा और सीपीआई (एम) के लिए छोड़ दी है। विधानसभा चुनाव चार चरणों में होंगे - 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून। मतगणना 4 जून को होगी।

# इंडोनेशिया में रुआंग पर्वत पर विस्फोट, सुनामी का खतरा

## लोगों को इलाका खाली करने का आदेश, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को तत्काल प्रभाव से बंद

**एजेंसी। जकार्ता**

इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी के रुआंग पर्वत पर हुए विस्फोट के बाद सुनामी का खतरा बढ़ गया है। इसके मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को तत्काल प्रभाव से बंद करना पड़ा है। क्षेत्र में हजारों फीट की ऊंचाई पर राख फैल गई है। अधिकारियों ने बुधवार को सुनामी की चेतावनी जारी करते हुए 11,000 से अधिक लोगों को क्षेत्र छोड़ने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने गुरुवार को कहा है कि रुआंग ज्वालामुखी से कई दिनों तक लावा और राख निकलने के बाद आसपास के इलाकों से सैकड़ों लोगों को हटाया गया है। इसी वजह से उत्तरी सुलावेसी में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद कराया गया है। बुधवार को उत्तरी सुलावेसी के दूरदराज के द्वीप पर अचानक ज्वालामुखी से लावा निकलने लगा।

कुछ ही देर में राख का ढेर आकाश में तीन किलोमीटर (दो मील) तक फैल गया। ज्वालामुखी के ऊपर आकाश में बिजली की चमक दिखाई दे रही है। अधिकारियों की चेतावनी के बीच क्षेत्र से 800 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। इंडोनेशिया के ज्वालामुखी विज्ञान और भू-वैज्ञानिक आपदा न्यूनीकरण केंद्र ने कहा कि सुलावेसी द्वीप के उत्तरी किनारे पर ज्वालामुखी में पिछले 24 घंटों में कम से कम पांच बड़े विस्फोट हुए हैं। अधिकारियों को चिंता है कि ज्वालामुखी का एक हिस्सा समुद्र में गिर सकता है और 1871 के विस्फोट की तरह सुनामी पैदा कर सकता है। ज्वालामुखी के उत्तर-पूर्व में टागुलैंडांग द्वीप फिर खतरे में है। द्वीप के आसपास के निवासियों को अन्यत्र जाने को कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि इंडोनेशिया में इस तरह की ज्वालामुखीय गतिविधियां आम हैं। यह प्रशांत महासागर के चारों ओर भूकंपीय दोष रेखाओं की घोड़े की नाल के आकार की श्रृंखला रिंग ऑफ फायर के साथ स्थित है। अधिकारियों ने पर्यटकों और अन्य लोगों को रुआंग ज्वालामुखी से कम से कम छह किलोमीटर (3.7 मील) दूर रहने के लिए चेताया है। 270 मिलियन लोगों के द्वीप समूह इंडोनेशिया में 120 सक्रिय ज्वालामुखी हैं।

### लेबनान में इजरायली हमलों में 3 की मौत, 3 घायल

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के गांवों पर इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्ला के दो लड़ाके और एक नागरिक की मौत हो गई, साथ ही हमले में तीन नागरिक घायल हो गए। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने कहा कि इजरायली ड्रोन और युद्धक विमानों ने खियाम के दक्षिण-पूर्व गांव पर छह हवाई हमले और काफर किला के दक्षिण-पूर्व गांव पर तीन हमले किए, जिसके चलते लोग हताहत हुए और संपत्तियों की क्षति हुई। इस बीच, हिजबुल्ला ने संकेत दिया कि उसके लड़ाकों ने कब्जे वाले शेबा फार्म्स, अल-मोटेला और अल-मलिकियाह और गेशर हाज़िव में इजरायली ठिकानों पर हमला किया। सैन्य सूत्रों ने कहा कि हिजबुल्ला ने लेबनान से सुबह-सुबह उत्तरी इजरायल में 40 मिसाइलें दागी, जिसे इजरायली आयरन डोम ने विफल कर दिया। 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के हमले के साथ लेबनान-इजरायल सीमा पर भी तनाव बढ़ा है। लेबनानी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, हिज्बुल्ला और इजरायल के बीच टकराव में लेबनानी पक्ष के 426 लोग मारे गए हैं, जिनमें 271 हिजबुल्ला सदस्य और 76 नागरिक शामिल हैं।

## जींद : पीजीआई ले जाने के दौरान वैन में महिला कैदी से दुष्कर्म, दो पर केस दर्ज

**एजेंसी। जींद**

जिला कारागार की एक महिला कैदी के साथ कैदी वाहन में नशीला पदार्थ पिलाकर एक कैदी और एक बंदी के दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत पर दोनों कैदियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बताया गया कि जिला कारागार में नशीले पदार्थ तस्करी के जुर्म में सजायाफ्ता एक महिला बंद है। उस महिला कैदी का रोहतक पीजीआई से इलाज चल रहा है। बताया गया कि 20 फरवरी को कैदियों की वैन से उसे इलाज के लिए पीजीआई रोहतक ले जाया गया था। उस वैन में उसके साथ कैदी मनीष तथा गांव धनौरी निवासी बंदी सतीश भी थे। पीजीआई में वैन को रोक कर सुरक्षाकर्मी कागजात तैयार करवा रहे थे। आरोप है कि तभी दोनों कैदियों ने महिला कैदी को कोल्ड ड्रिंक में कोई नशीला पदार्थ पिला दिया और उसके बाद दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने महिला कैदी की शिकायत पर दोनों कैदियों के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर जांच के लिए रोहतक पुलिस को भेज दी है। इस घटना के बाद तनाव में महिला कैदी ने जेल में जान देने की कोशिश की। पुलिस ने इस मामले में महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है।